ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● डालटनगंज ● मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 05 ● विक्रम संवत 2080 ● रविवार, 17 दिसम्बर 2023 ● वर्ष-30 ● अंक-61 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 2.00

चोटिल मो. शमी दक्षिण अफ्रीका टेस्ट ...

पेज 12 पर



## गागर में सागर

### सीआईडी ने ठगी करने वाले गिरोह के पांच सदस्यों को किया गिरफ्तार

**रांची।** अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी) ने बैंक से लोन दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह के पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में रामगढ़ के पतरातू थाना निवासी कमल कुमार सिंह, मोहम्मद जमीर मियां, बिट्टू कुमार रजक, मेहुल कुमार और राहुल कुमार शामिल हैं। इनके पास से चार मोबाईल, एक लैपटॉप, दो कंप्यूटर और बैंक से संबंधित कागजात बरामद किए गए हैं। सीआईडी आईजी असीम विक्रांत मिंज ने शनिवार को सीआईडी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बताया कि बैंक से लोन दिलाने के नाम पर सीसीएल कर्मियों से साईन किया हुआ ब्लैंक चेक प्राप्त कर फर्जी तरीके से संगठित गिरोह के जरिये अपने खाता में पैसा ट्रांसफर किये जाने का कार्य किया जा रहा था। इस संबंध में प्रभात कुमार सिंह ने शिकायत की थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए डीसीपी सरिता मुर्मू के नेतृत्व में एक टीम का गठन कर रामगढ़ के पतरातू रोड नंबर आठ स्थित कमल कुमार सिंह के घर में छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान कमल कुमार सिंह के घर से अन्य तीन लोगों को भी गिरफ्तार किया गया। कमल कुमार सिंह की निशानदेही पर पतरातु स्थित न्यू मार्केट में जमीर मियां के घर पर तलाशी लिया गया। जमीर के घर से कम्प्यूटर एवं बैंक से संबंधित कागजात बरामद कर जब्त किया गया। साथ ही कमल के घर से भी कंप्यूटर और बैंक के कागजात जब्त किये गए है। आईजी ने बताया कि छापेमारी टीम में ममता कुमारी, कुणाल कुमार, बिधानचन्द्र पटेल, रविन्द्र कुमार शर्मा, अमरजीत कुमार और दलबीर कौर सिंधु शामिल रहे।

### गोड्डा में तालाब में डूबने से एक ही परिवार के तीन बच्चों की मौत

**गोड्डा।** जिले के ठाकुर गंगटी थाना क्षेत्र के माल मंडरो गांव में एक परिवार के तीन बच्चों की डूबने से मौत हो गई। बताया जाता है कि शनिवार को स्थानीय बभनी तालाब में डूबने से माल मंडरो गांव के अमीर अंसारी के दो पुत्र और एक पुत्री की मौत हो गई। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि तालाब के पाटाल पर खेलने के क्रम में ये घटना हुई। मुहल्ले के सभी बच्चे इसी जगह खेलने जाते हैं। घटना की सूचना मिलते हैं थाना प्रभारी रफीक आलम के साथ अंचल निरीक्षक महेश कुमार ने घटनास्थल का जायजा लिया। बच्चों के परिवार जनों ने मृतक बच्चों की पोस्टमार्टम नहीं करने की बात कही। उनके अनुरोध पर घटना के संबंध में पंचनामा तैयार कर दिया गया। बच्चों के शव को दफनाने की तैयारी की जा रही थी।

### भारत में कोरोना वायरस के नये वेरिएंट जेएन.1 ने दी दस्तक

**नई दिल्ली।** केरल में आठ दिसंबर को कोविड-19 के उप-स्वरूप जेएन.1 का एक मामला सामने आया है। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 79 वर्षीय महिला के नमूना की 18 नवंबर को आरटी-पीसीआर जांच की गई थी, जो संक्रमित पाया गया। महिला में इन्फ्लूएंजा जैसी बीमारियों (आईएलआई) के हल्के लक्षण थे और वह कोविड-19 से उबर चुकी है। सूत्रों ने बताया कि देश में कोविड-19 के वर्तमान में 90 प्रतिशत से अधिक मामले गंभीर नहीं हैं और संक्रमित लोग अपने घरों में ही पृथक-वास में रह रहे हैं। इससे पहले, सिंगापुर में एक भारतीय यात्री में जेएन.1 संक्रमण का पता चला था। यह व्यक्ति तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली जिले का मूल निवासी है और उसने 25 अक्टूबर को सिंगापुर की यात्रा की थी। तिरुचिरापल्ली जिले या तमिलनाडु के अन्य स्थानों में जेएन.1 से संक्रमण के मामले सामने आने के बावजूद मामलों में वृद्धि दर्ज नहीं हुई। सूत्र ने कहा, भारत में जेएन.1 स्वरूप का कोई अन्य मामला सामने नहीं आया है। कोविड-19 के उप-स्वरूप जेएन.1 की पहचान पहली बार लक्जमबर्ग में की गई थी। कई देशों फैला यह संक्रमण पिरोलो स्वरूप से संबंधित है।

### राघव चड्ढा बने राज्यसभा में आप के नेता

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने अपने सांसद राघव चड्ढा को संजय सिंह के स्थान पर राज्यसभा में पार्टी का नेता नियुक्त किया है। राज्यसभा सभापति को लिखे पत्र में आप पार्टी के नेतृत्व ने कहा है कि संजय सिंह की अनुपस्थिति में, जिन्हें स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हैं, राघव चड्ढा अब से उच्च सदन में पार्टी के नेता होंगे। आप के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह दिल्ली शराब नीति मामले में फिलहाल जेल में हैं। राज्यसभा सचिवालय के सूत्रों ने पुष्टि की कि चड्ढा को सदन का नेता नियुक्त करने के संबंध में आप की ओर से एक पत्र प्राप्त हुआ है। कार्यान्वयन के लिए पत्र राज्यसभा महासचिव के पास है। चड्ढा राज्यसभा के सबसे युवा सदस्यों में से एक हैं।

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने चाईबासा की कुरसी पंचायत शिविर में लाभुकों से किया संवाद, कहा

# विद्यार्थियों को नहीं छोड़ेंगे बैंक के भरोसे

### सरकार विद्यार्थियों को 15 लाख रुपये तक की आर्थिक सहयोग देगी




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची/पश्चिमी सिंहभूम।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि सावित्रीबाई फूले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ परिवार की सभी बेटियों को देने के लिए मंत्रिपरिषद की स्वीकृति मिल गई है। अब सभी बेटियों को योजना का लाभ मिलना तय हुआ है। अब बेटियां पढ़ाई नहीं छोडेंगी। उन्हें उच्च शिक्षा के लिए भी सरकार मदद करेगी। गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के जरिए छात्र-छात्राएं उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे। सरकार उन्हें 15 लाख रुपये तक का आर्थिक सहयोग देगी। राज्य सरकार अब बच्चों को उच्च शिक्षा में आर्थिक सहयोग के लिए बैंक के सहारे नहीं छोड़ेगी।

मुख्यमंत्री शनिवार को पश्चिमी सिंहभूम जिला के मंझारी प्रखंड स्थित रोलाडीह पंचायत के हाई स्कूल मैदान, मंझारी में आयोजित जिला स्तरीय आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके नेतृत्व में जब तक सरकार चलेगी सरकारी अधिकारी, पदाधिकारी एवं कर्मी आपके द्वार पहुंचकर दरवाजा खटखटाते रहेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम लोग गांव-गांव जाना चाहते हैं। पूर्व में राज्य सरकार की योजना और आवाज गांवों तक नही पहुंचती थी लेकिन अब गांव-गांव सरकार की योजना भी पहुंच रही है और आवाज भी। हमारी सरकार गांव से चलेगी। राज्य सरकार ने यहां के किसानों, श्रमिकों, नौजवानों, बुजुर्ग समेत सभी वर्ग के लिए योजनाएं बनाई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड कुछ वर्ष बाद युवा राज्य बन जायेगा। अबतक इस राज्य को मजबूत हो जाना चाहिए था। राज्यवासियों के लिए पूर्व में बेहतर ढंग से कार्य किया गया होता तो आज यह राज्य समृद्ध राज्य के रूप में जाना जाता।

### 15 हजार किमी ग्रामीण सड़क का होगा निर्माण

मुख्यमंत्री ने कहा कि गांव का कनेक्शन शहर से सुगमता से हो, इसके लिए 15 हजार किलोमीटर ग्रामीण सड़क निर्माण का निर्णय लिया गया है। साथ ही ग्रामीणों का शहर तक व्यवस्थित और निःशुल्क आवागमन हेतु हमारी सरकार मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना शुरू कर रही है। यह परिवहन सेवा आंदोलनकारियों, महिलाओं, छात्र-छात्राओं एवं दिव्यांजनों को निःशुल्क प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार से गरीबों के लिए आवास की स्वीकृति नहीं मिलने के बाद राज्य सरकार ने राज्य संपोषित अबुआ आवास योजना शुरू की है। यह आवास केंद्र सरकार द्वारा दी जा रही दो कमरों के आवास से बड़ा होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुमारडूबी के डिग्री कॉलेज में क्षेत्रीय भाषा के शिक्षक की बहाली के लिए सरकार निर्णय लेगी। यहां के पर्यटन स्थल को विकसित करने का निर्देश दिया गया है।

## संसद की सुरक्षा में चूक

# आरोपियों ने पहले आत्मदाह की बनाई थी योजना

### संसद में घुसपैठ मामले में भाजपा सांसद से पूछताछ संभव

### संसद के अंदर पर्चे बांटने पर भी किया गया था विचार

### मास्टरमाइंड का नक्सलियों से संबंध होने की आशंका

**नई दिल्ली।** संसद की सुरक्षा में हुई चूक मामले में रोजाना नए खुलासे हो रहे हैं। इस बीच दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार किए गए सभी छह आरोपियों से पूछताछ की है। पुलिस के मुताबिक, आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि लोकसभा के चैंबर में कूदने से पहले उन्होंने आत्मदाह करने और पर्चे बांटने की योजना बनाई थी। इस योजना को अंतिम रूप देने से पहले आरोपियों ने कुछ अन्य तरीकों पर भी विचार किया था। उन्होंने सबसे पहले आत्मदाह करने का विचार किया था, लेकिन बाद में इस फैसले से पीछे हट गए। इसके अलावा उन्होंने संसद के अंदर पर्चे बांटने पर भी विचार किया, लेकिन वे अपनी नई योजना पर आगे बढ़े। इधर पूरे षठ्यंत्र के मास्टरमाइंड ललित झा का माओवादियों से संबंध होने की आशंका जताई जा रही है। उसका एक एनजीओ सम्यबादी सुभाष सभा से संबंध बताया जा रहा है। यह एनजीओ पुरुलिया के नक्सलवाद प्रभावित तुनतुरी में एक मुफ्त कोचिंग सेंटर चलाती है। झा का परिचित निलक्खा आइच इस एनजीओ के संस्थापक सदस्यों में से एक है।



### संसद की सुरक्षा में सेंध : छठा आरोपी भी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने संसद सुरक्षा उल्लंघन मामले में छठे आरोपी महेश कुमावत को आपराधिक साजिश और सबूत नष्ट करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। उसे शनिवार को ही पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया जाएगा और पुलिस उससे पूछताछ करने के लिए उसकी हिरासत की मांग कर सकती है। ललित झा और महेश ने गुरुवार को कर्तव्य पथ थाने पहुंचकर आत्मसमर्पण किया था। दोनों को जांच के लिए स्पेशल सेल ले जाया गया।

### तैयार था प्लान बी

जांच से जुड़े सूत्रों ने खुलासा किया कि प्रारंभिक प्रयास विफल होने की स्थिति में आरोपियों के पास एक बैकअप योजना तैयार थी। सूत्रों ने आगे बताया कि यदि नीलम और अमोल संसद भवन के आसपास तक नहीं पहुंच पाते या सुरक्षा एजेंसियों द्वारा उन्हें रोक लिया गया होता, तो बैकअप योजना (प्लान बी) में महेश और कैलाश को कार्यभार सौंपा गया था। वे मीडिया प्रतिनिधियों के सामने पटाखे और रंगीन गैस कनस्तर फोड़ने के लिए तैयार थे। मुख्य साजिशकर्ता ललित झा ने संसद के बाहर दो आरोपियों द्वारा किए गए पूरे विरोध-प्रदर्शन का वीडियो शूट किया था और इसे एक युवक के साथ साझा किया था, जो कोलकाता में एक गैर सरकारी संगठन (सामयाबादी सुभाष सभा) से जुड़ा है।

## अब ओएमआर शीट पर नहीं पेन-पेपर बेस्ड होगी जैक बोर्ड की परीक्षा

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्य में 16 फरवरी से शुरू होने जा रहे मैट्रिक और इंटर परीक्षा के पैटर्न में बदलाव कर दिया गया है। झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) की बैठक में यह फैसला लिया गया है। इस बदलाव के मुताबिक, अब बोर्ड की परीक्षाओं में ओएमआर शीट को शामिल नहीं किया जाएगा। अब केवल पेन-पेपर बेस्ड बोर्ड की परीक्षा होगी। साल 2024 में होने जा रही बोर्ड की परीक्षा में 50 अंक की लिखित परीक्षा, 30 अंक कर ऑब्जेक्टिव परीक्षा और 20 अंक का प्रैक्टिकल लिया जाएगा। बोर्ड बैठक के बाद लिए गए निर्णय में बताया गया है कि परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों को एक ही प्रश्नपत्र मिलेगा, जिसमें ऑब्जेक्टिव और सब्जेक्टिव सवाल होंगे। परीक्षार्थियों को दोनों ही सवालों के जवाब एक ही उत्तर पुस्तिका में देनी होगी। ऑब्जेक्टिव और सब्जेक्टिव सवालों के अंक में भी बदलाव हुआ है। ये बदलाव साल 2024 से ही लागू हो जाएगा। इसके अलावा साल 2025 से थोड़े और बदलाव देखने को मिलेंगे। इसके तहत 2025 से ऑब्जेक्टिव सवाल 20 फीसदी, सब्जेक्टिव 60 फीसदी और पैक्ट्रिकल और इंटरनल असेसमेंट 20 फीसदी रहेगा। मैट्रिक और इंटर की परीक्षा 6 फरवरी से ली जाएगी। परीक्षा दो पालियों में होगी।

शेष पृष्ठ 11 पर




### सुरक्षा में सेंध के पीछे बेरोजगारी, महंगाई : राहुल



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को पहली बार संसद सुरक्षा उल्लंघन को लेकर केंद्र की भाजपा सरकार पर हमला बोला और कहा कि इसके पीछे बेरोजगारी और महंगाई मुख्य कारण है। कांग्रेस मुख्यालय में मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भी आलोचना की और कहा कि देश में बढ़ती बेरोजगारी का कारण सरकार की नीतियां हैं। राहुल गांधी ने कहा, "देश में बेरोजगारी एक बड़ा कारण है। वहीं, मोदी सरकार की नीतियों के कारण युवाओं को रोजगार के अवसर नहीं मिल पा रहे हैं। सुरक्षा उल्लंघन हुआ है और इसके पीछे मुख्य कारण बेरोजगारी और मुद्रास्फीति है।" बता दें कि 13 दिसंबर को दो युवक लोकसभा में घुस आए और दर्शक दीर्घा से कूदकर पीले धुएं वाली गैस का छिड़काव कर दिया। अब तक दिल्ली पुलिस ने मामले में कुल पांच लोगों को गिरफ्तार किया है।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में बोले सांसद वीडी राम

# अंतिम व्यक्ति तक केंद्र की योजनाओं का लाभ पहुंचाना है



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर/पाटन।** पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं की जानकारी देनी है। केन्द्र सरकार की योजनाओं के प्रति प्रचार-प्रसार के माध्यम से जागरूकता पैदा करने के साथ उन्हें सभी योजनाओं का लाभ दिलाना है। वे शनिवार को पलामू संसदीय क्षेत्र के पाटन प्रखंड के ग्राम पंचायत उताकी एवं पाल्हे कला में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा पलामू संसदीय क्षेत्र के सभी पंचायतों में सरकार की प्रमुख योजनाओं यथा प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, किसान सम्मान निधि योजना, केसीसी, पोषण अभियान, जनधन योजना, सुरक्षा बीमा योजना, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना इत्यादि योजनाओं की समुचित जानकारी जनता को दी जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री के 2047 तक भारत को आत्मनिर्भर एवं विकसित देश बनाने के सपने को साकार करना है। उन्होंने आम लोगों से अपील करते हुए कहा कि आप सभी अपने-अपने ग्राम पंचायतों के निर्धारित स्थान पर आयोजित होनेवाले इस कार्यक्रम में अवश्य सम्मिलित हों। कार्यक्रम में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन भी किया गया। जिसमें स्वास्थ्य जांच के उपरांत दवाईयां दी गईं। ड्रोन दीदी कार्यक्रम के अंतर्गत ड्रोन से दवाईयों एवं खाद के छिड़काव का जीवंत प्रदर्शन किसानों के समक्ष किया गया। जरूरतमंदों के बीच कंबल का भी वितरण किया गया। मौके पर उप विकास आयुक्त रवि आनंद, अंचल पदाधिकारी दीपक झा, जेएसएलपीएस के विमलेश शुक्ला, भाजपा के वरिष्ठ नेता श्याम नारायण दुबे, विभाकर नारायण पाण्डेय, परशुराम ओझा, प्रफुल्ल कुमार सिंह, जिला परिषद सदस्य प्रमोद कुमार सिंह, भोला सिंह, जिला प्रतिनिधि विजय ओझा, मंडल अध्यक्ष संजय सिंह, सांसद प्रतिनिधि अखिलेश पाण्डेय, सुमन गुप्ता, पाटन प्रमुख शोभा देवी, जिला सांसद सोशल मीडिया प्रभारी सोमेश सिंह, ईश्वरी पांडेय, संतोष तिवारी, उताकी पंचायत की मुखिया प्रतिमा देवी, पाल्हे कला पंचायत की मुखिया लीलावती देवी, विशाल दुबे, कौशल झा, प्रदीप पासवान, राजीव पांडेय, लव सोनी, निरंजन पासवान, अर्जुन तिवारी, प्रदीप चंद्रवंशी, धीरेंद्र सिंह आदि उपस्थित थे।

### अब भारत के टू-टियर और थ्री-टियर शहरों का भी हो रहा विकास : पीएम

**उज्जैन।** प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार शाम को मध्यप्रदेश सहित देश के पांच राज्यों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का हरी झंडी दिखाकर वर्चुअली शुभारंभ किया। आचार संहिता के कारण 5 राज्यों मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, राजस्थान और मिजोरम में यह यात्रा शनिवार से प्रारंभ हो रही है। उज्जैन में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव विशेष रूप से उपस्थित थे। प्रधानमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों से वर्चुअली संवाद भी किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि जहां दूसरों की उम्मीद खत्म होती है, वहा मोदी की गारंटी शुरू होती है। सरकार न केवल हर व्यक्ति को भोजन, स्वास्थ्य, आवास आदि की गारंटी दे रही है, अपितु सामाजिक सुरक्षा भी प्रदान कर रही है। गांवों के विकास के साथ ही शहरों का भी तेज गति से विकास किया जा रहा है। पहले केवल बड़े शहरों का विकास होता था, अब भारत के टू-टियर और थ्री-टियर शहरों का भी विकास हो रहा है। भारत में छह करोड़ छोटे शहर हैं। अमृत मिशन और स्मार्ट सिटी मिशन जैसी योजनाओं के माध्यम से इनका भी समग्र विकास किया जा रहा है। शहरों में जलापूर्ति, ड्रेनेज, सीवेज, सीसीटीवी, स्वच्छता के साथ ही ईज ऑफ लिविंग, ईज ऑफ डूईंग बिजनेस, ईज ऑफ ट्रेवल पर भी पूरा ध्यान दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री स्व-निधि योजना में शहरों के छोटे व्यवसायियों को सरकार की गारंटी पर व्यवसाय के लिये ऋण दिया जा रहा है, इनमें 45 प्रतिशत

शेष पृष्ठ 11 पर

# डीजे के आतंक की गाज कहीं मैरेज हॉल पर न गिर जाए



सुनील बादल

**विवाह** किसी भी परिवार,जाति या संप्रदाय के लिए एक कभी न भूलने वाला सुखद अनुभव होता है इसलिए क्या गरीब क्या अमीर सभी उसे यादगार बनाना चाहते हैं । ज्यादातर लोग इसी कारण अपनी हैसियत से ज्यादा खर्च करते हैं । इसी खुशी और उमंग में कई बार सीमाएं या वर्जनाएं टूटती हैं खास तौर पर जब बारात निकलती है तो लोग याद नहीं रख पाते कि समय क्या हुआ है और बम या पटाखों के शोर से दूसरों को क्या परेशानी हो सकती है ? आजकल बड़े शहरों से डरते-डरते गांवों के रास्ते अब राजधानी रांची ही नहीं प्रायः सभी शहरों झकस्बों में हजारों वाट के डीजे आ गए हैं जो जब शोर मचाते हुए या यूं कहें धरती कंपाते हुए गुजरते हैं तो गाड़ियों के,घरों के शीशे ऐसे थरथराने लगते हैं मानों टूट जाएंगे। कई बार नशे में झूमते हुए बाराती खुले आम सड़कों पर फायर करते भी दिखाई देते हैं और डीजे कि चकाचौंध करती घूमती लाइट से चलना मुश्किल हो जाता है ।रात दस बजे के बाद डीजे बजाने पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा रखी है पर बिना किसी रोकटोक के रिहायशी इलाकों में बने मैरेज हॉल के आसपास रोज नए-नए डीजे अब शहरों में भी बढ़ते जा रहे हैं जिससे लोगों की नींद तो हराम हो ही रही है हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का खुला ऊल्लंघन हो रहा है। इसी तरह की मनमानी और कानफोंडू शोर-शराबे के बाद पंजाब के लगभग सभी मैरेज हॉल को शहरी क्षेत्रों के बाहर किया गया। अब तो जो भी मैरेज हॉल वहां बन रहे हैं वे सभी हाइवे के किनारे बन रहे हैं जहां जाम की भी समस्या नहीं होती। बिहार ने भी इस कड़े कदम उठाए हैं।

राजधानी रांची में रात के समय डीजे बजाने को लेकर सितंबर में झारखंड हाई कोर्ट ने जिला अधिकारियों से यह सुनिश्चित करने को कहा था कि रात 10 बजे के बाद राज्य की राजधानी में लाउडस्पीकरों पर प्रतिबंध लगा दिया जाए। राजधानी रांची के सभी थाना क्षेत्रों में पीसीआर वैन का नंबर जारी करने को कहा गया था, जिससे प्रभावित लोग शिकायत कर सकें और पीसीआर त्वरित कार्रवाई सके। इससे पूर्व जनहित याचिका प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता खुशबू कटारूका ने बताया था कि रात 10 बजे के बाद भी शहर में डीजे व

शेष पृष्ठ 11 पर






> ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) कानून-2000 के मुताबिक रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक लाउडस्पीकर और डीजे बजाने पर पाबंदी है। हालांकि राज्य सरकार को यह अधिकार है कि वह कुछ शर्तों के साथ रात 12 बजे तक लाउडस्पीकर और डीजे बजाने की इजाजत दे सकती हैं, लेकिन रात 12 बजे के बाद किसी को भी लाउडस्पीकर या डीजे बजाने की इजाजत नहीं है । ऐसा करना गैर कानूनी और क्राइम है। राष्ट्रीय हरित अधिकरण भी कह चुका है कि एक तय सीमा से तेज लाउडस्पीकर और डीजे बजाने की इजाजत नहीं दी जा सकती है।

## प्रधानमंत्री 17-18 को सूरत और वाराणसी का दौरा करेंगे



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 17-18 दिसंबर को गुजरात के सूरत और उत्तर प्रदेश के वाराणसी का दौरा करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने शनिवार को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। इसमें कहा गया है कि प्रधानमंत्री 17 दिसंबर को सुबह करीब 10:45 बजे सूरत एयरपोर्ट पर नई इंटीग्रेटेड टर्मिनल बिल्डिंग का उद्घाटन करेंगे। टर्मिनल भवन पीक आवर्स के दौरान 1200 घरेलू यात्रियों और 600 अंतरराष्ट्रीय यात्रियों को संभालने के लिए सुसज्जित है। प्रधानमंत्री सुबह करीब 11:15 बजे सूरत डायमंड बोर्स का उद्घाटन करेंगे। यह अंतरराष्ट्रीय हीरे और आभूषण कारोबार के लिए दुनिया का सबसे बड़ा और आधुनिक केंद्र होगा। यह कच्चे और पॉलिश किए गए हीरों के साथ-साथ आभूषणों के व्यापार का एक वैश्विक केंद्र होगा। पीएमओ के अनुसार इसके बाद प्रधानमंत्री उत्तर प्रदेश के वाराणसी जाएंगे और करीब साढ़े तीन बजे कटिंग मेमोरियल स्कूल मैदान में विकसित भारत संकल्प यात्रा में हिस्सा लेंगे। प्रधानमंत्री शाम करीब 5:15 बजे नमो घाट पर काशी तमिल संगमम 2023 का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री कन्याकुमारी-वाराणसी तमिल संगमम

शेष पृष्ठ 11 पर

## गागर में सागर

### श्री सर्वेश्वरी समूह का मेगा स्वास्थ्य शिविर आज

**विश्रामपुर।** श्री सर्वेश्वरी समूह द्वारा बिश्रामपुर के जनता उच्च विद्यालय परिसर में रविवार को मेगा स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया है। जिसमें 25 से ज्यादा डॉक्टर मरीजों का मुफ्त इलाज करेंगे। समूह के विश्रामपुर शाखा मंत्री नागेंद्र प्रसाद पांडेय ने बताया कि विश्रामपुर प्रखंड व नगर परिषद के 40 गांवों से शिविर में मरीज शामिल होंगे। हमारा लक्ष्य है कि कम से कम पांच हजार लोगों का मुफ्त उपचार हो। उन्होंने बताया कि शिविर में डा. एसपी सिंह, डा. यूपी सिंह, डा. संजय तिवारी, डा. आशीष सिंह, डा. एमएल गुप्ता, डा. आलोक, डा. एसएन सिंह, डा. रंजन नारायण, डा. सुधीर, डा. रतन, डा. कमला मिश्रा, डा. पदमा मिश्रा, डा. हरि शंकर सिंह, डा .विवेक, डा. वैभव, डा. बीएन राय, डा. केके सिंह, डा. उपेंद्र सहित कई चिकित्सक भाग लेंगे।

### रेस्टोरेंट सील होने से सरकार को हो रहा राजस्व का नुकसानः सुधीर

हरिहरगंज। प्रखंड अंतर्गत सुल्तानी गांव समीप माउंटेन व्यू बार सह रेस्टोरेंट सील होने से राज्य सरकार को राजस्व का भारी नुकसान हो रहा है। रेस्टोरेंट के संचालक सुधीर कुमार सिंह ने शनिवार को बताया कि पलामू जिले में मात्र तीन बीयर बार को सरकार द्वारा लाइसेंस दिया गया है। माउंटेन व्यू बार सह रेस्टोरेंट का संचालन सरकार के नियमों के अनुसार हो रहा था। जिससे सरकार को राजस्व की समुचित प्राप्ति हो रही थी। आसपास के लोगों को भी विभिन्न कार्यक्रमों में सहुलियत हो रही थी। इससे शराब-माफियाओं ने साजिश रचकर बीयर बार को गलत तरीके से सील करवाने में कामयाब हो गये। उन्होंने बताया कि बीयर बार में जो भी शराब बरामद हुआ है, उन सभी का उत्पाद विभाग द्वारा परमिट जारी किया गया है। उत्पाद विभाग के अधिकारी जांच कर रहे हैं। पूरा विश्वास है कि जांच में सच्चाई सामने आयेगी।

### खड़े ट्रक में टकरायी कार , बाल-बाल बचे सवार

हरिहरगंज। थाना क्षेत्र के भगत तेंदुआ स्थित गंगा धर्म कांटा के समीप एनएच-98 पर शनिवार को एक कार चावल लदे खड़े में पीछे से टकरा गयी। हादसे में कार चालक सहित उस पर सवार लोग बाल-बाल बचे। हालांकि दुर्घटना में कार का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। सूचना के बाद थाने के एसआई निर्भय कुमार ने सदल बल मौके पर पहुंच कर घटना का जायजा लिया। कार व ट्रक को अपने कब्जे में लेकर पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है।

### डा. ईश्वर सागर ने किया कंबल वितरण

**विश्रामपुर।** नगर परिषद अंतर्गत वार्ड 19 में शनिवार को जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। कंबल का वितरण भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डा. ईश्वर सागर चंद्रवंशी व कार्यपालक पदाधिकारी दानिश हुसैन ने किया। श्री चंद्रवंशी ने कहा कि इस कड़ाके की ठंढ में जरूरतमंदों को कंबल देना दुनिया का सबसे पुनीत कार्य है। वैसे भी गरीबों की सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। दानिश हुसैन ने कहा कि आम लोगों को ठंड से बचाने हेतु नगरीय प्रशासन हर संभव प्रयास कर रहा है। मौके पर शिक्षक जयराम पासवान मौजूद थे।

### राजद कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय महासचिव का स्वागत किया

**हरिहरगंज।** शहर स्थित कॉलेज मोड़ के समीप एनएच-98 पर शनिवार को राष्ट्रीय जनता दल के कार्यकताओं ने पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव श्याम रजक का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। वे पार्टी के प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने बेतला जा रहे थे। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही हमारी पार्टी की ताकत हैं।. स्वागत करने वालों में प्रदेश सचिव बुधन सिंह यादव, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य लखन यादव, प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र यादव, नगर अध्यक्ष ओम प्रकाश चंद्रवंशी, उमा यादव, कमलेश यादव, सुरेंद्र चंद्रवंशी, अशोक यादव, शंभू यादव, प्रसिद्ध सिंह सहित कई कार्यकर्ता शामिल थे।

### जिले के तीन पंचायतों में लगेगा शिविर आज

मेदिनीनगर। रविवार को जिले के तीन पंचायतों में शिविर का आयोजन किया जायेगा। जिला प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार 17 दिसंबर को हुसैनाबाद प्रखंड के महुअरी, चैनपुर प्रखंड के भड़गांवा एवं पांकी प्रखंड के नुरू पंचायत में शिविर का आयोजन किया जायेगा।

# विकसित भारत के सपने को अवश्य करेंगे साकार : सुशील



विकसित भारत का संकल्प लेते भाजपा कार्यकर्ता

**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** सदर प्रखंड के झाबर पंचायत सचिवालय में हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को किया गया। इस दौरान केंद्र सरकार की योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिये कैंप लगाया गया। मुख्य अतिथि सदर प्रखंड विकास पदाधिकारी शशि डुगडुग, सांसद प्रतिनिधि सुशील कुमार सिंह, मंडल अध्यक्ष जवाहर चंद्रवंशी आदि ने कहा कि भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर व विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को हर हाल में साकार करेंगे। सभी ने गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ फेंकने का संकल्प लिया। स्वास्थ्य शिविर में कई लोगों की जांच कर दवा भी दी गयी। अंत में सभी ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने की शपथ ली।

दो मिनट का मौन रख अर्पित किया श्रद्धासुमन

# पूर्व सैनिकों ने युद्ध में शहीद जांबाज सैनिकों को किया नमन



शहीदों को नमन करते पूर्व सैनिक

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** क्षेत्र के पूर्व सैनिकों ने स्थानीय कार्यालय प्रांगण में शनिवार को शहीद जांबाज सैनिकों को नमन करते हुए विजय दिवस मनाया। कार्यक्रम के प्रारंभ में दो मिनट का मौन धारण कर शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। कार्यक्रम का संचालन हवलदार सुधीर सिंह ने एवं अध्यक्षता प्रमंडलीय अध्यक्ष कैप्टन दुखन सिंह ने की। संगठन के जिला उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट प्रेमतोष प्रसाद ने कहा कि हम सभी सैनिकों के लिये सौभाग्य की बात है कि हम सब मिलकर हमारे देश के वीर जांबाज सैनिकों को श्रद्धांजलि दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि 1971 के भारत-पाक युद्ध में 3900 भारतीय सैनिक शहीद एवं 9800 से भी ज्यादा सैनिक घायल हुए थे। मुख्य अतिथि लोकनाथ केसरी ने कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व सैनिक जो 1971 युद्ध लड़े थे। उन्हें फूल माला एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। कैप्टन आरसी मेहता ने विस्तार से युद्ध के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गीत गाकर किया गया। मौके पर पूर्व सैनिक कैप्टन चलितर मेहता, सूबेदार अशर्फी पाल, प्रसाद सिंह, सुधीर सिंह,रामटहल मेहता, सूबेदार गौरीशंकर ठाकुर, सत्येन्द्र शर्मा, कपिलदेव राम मौजूद थे।

दोनों ने एक-दूसरे पर लगाये आरोप, पुलिस जांच में जुटी

# प्रधानाध्यापक व कंप्यूटर ऑपरेटर के बीच मारपीट, प्राथमिकी दर्ज



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** स्थानीय बीआरसी कार्यालय में प्रभारी प्रधानाध्यापक व एमडीएम कंप्यूटर ऑपरेटर ने एक-दूसरे पर मारपीट का आरोप लगाते हुये हुसैनाबाद थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्रथम पक्ष उर्दवार पंचायत के बड़हियाडीह निवासी सह बड़हियाडीह उत्क्रमिक प्राथमिक विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक सह सचिव विजेंद्र राम ने लिखित आवेदन में आरोप लगाया है कि वे बीआरसी कार्यालय के एमडीएम कंप्यूटर ऑपरेटर अभय कुमार सिंह के पास एमडीएम की राशि खाते में नहीं आने के संबंध में पूछताछ कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जब तक बीस हजार रुपए नहीं देंगे। तब तक स्कूल के खाते में एमडीएम की राशि नहीं जायेगी। जब उन्होंने प्रतिकार किया तो कंप्यूटर आपरेटर ने प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के सामने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। वहीं दूसरे पक्ष के कंप्यूटर ऑपरेटर अभय कुमार सिंह ने लिखित आवेदन में आरोप लगाया है कि प्रभारी प्रधानाध्यापक विजेंद्र राम बीआरसी कार्यालय में आकर उनके साथ गाली-गलौज करते हुये मारपीट करने लगे। उन्होंने उनके टेबल पर रखे एमडीएम के रजिस्ट्रर भी फाड़कर फेंकते हुये धमकी दी कि बाहर निकलो जान से मारकर फेंक देंगे। इस संबंध में हुसैनाबाद थाना प्रभारी रंजीत कुमार ने बताया की दोनों ओर से लिखित आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

मिट्टी के ऊपर ही किया जा रहा कालीकरण

# सड़क के घटिया निर्माण का ग्रामीणों ने किया विरोध



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** प्रखंड के अररुआ खुर्द मोड़ से तूरी गांव होते हुए लंगूराही चहका गांव तक करोड़ों रुपए की लागत से हो रहे पथ निर्माण कार्य में अनियमितता का आरोप लगाते हुये ग्रामीणों ने प्रबल विरोध जताया है। ग्रामीणों का कहना है कि संवेदक द्वारा सड़क निर्माण कार्य में काफी कम मात्रा में अलकतरा का प्रयोग करते हुए मानक का उल्लंघन किया जा रहा है। मिट्टी के ऊपर ही कालीकरण किये जाने के कारण निर्माण के साथ ही सड़क उखड़ने लगी है। इस संबंध में समाजसेवी राजीव रंजन, आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य रामजी पासवान, पैक्स अध्यक्ष अभय सिंह, शंभू सिंह, उमा यादव, महेंद्र यादव आदि ने बताया कि यह सड़क बहुत ही उपयोगी है। इसी सड़क पर हरिहरगंज का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भी पड़ता है। निम्न कोटि के निर्माण से क्षेत्रवासियों को आवागमन में परेशानी होगी। ग्रामीणों ने चेतावनी देते हुये कहा कि यदि निर्माण की गुणवत्ता में सुधार नहीं किया गया तो व्यापक आंदोलन छेड़ा जायेगा। मौके पर किशुन यादव, उदित प्रजापति, दिनेश मेहता, उपेंद्र साव, नंदन यादव, राकेश पासवान, मनीष कुमार, आकाश कुमार, त्रिवेणी यादव, अशोक पासवान, संजय पासवान, दिनेश पासवान मौजूद थे।

# प्रतिमा कुमारी व सुचीत राम मनरेगा में करेंगे मजदूरी, मिला जॉब कार्ड



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** ऊंटारी रोड प्रखंड के सिढ़हा गांव निवासी संतु पासवान की पत्नी प्रतिमा कुमारी एवं कुटमू निवासी सुचीत राम मनरेगा में मजदूरी का काम करेंगे। उन्हें शनिवार को आयोजित आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में जाब कार्ड प्रदान किया गया। प्रतिमा ने बताया कि उनके प्रति चालक हैं। वह घर पर रहकर घरेलू कामकाज के अलावे दैनिक मजदूरी करती हैं। अब जाब कार्ड मिलने से उन्हें भी रोजगार की गारंटी मिल गई है। इसी क्रम ने सुचीत ने कहा कि जाब कार्ड मिलने से उन्हें अब स्थानीय स्तर पर ही रोजगार मिल सकेगा। दोनों ने क्षेत्र में ही रोजगार देने के लिये सरकार को धन्यवाद दिया।

### अब साइकिल से स्कूल जायेंगे रिमझिम व अभिषेक

**मेदिनीनगर।** ऊंटारी प्रखंड की लहरबंजारी निवासी कुमारी रिमझिम साइकिल से स्कूल पढ़ने जायेगी। उसके गांव में शनिवार को लगे आपके सरकार कार्यक्रम के दौरान उसे साइकिल के लिये 4500 रूपये का चेक प्रदान किया गया। इससे रिमझिम के चेहरे पर खुशी देखते ही बनी। उसने बताया कि वह आठवीं कक्षा की छात्रा है। स्कूल के साथ वह पढ़ने के लिये ट्यूशन भी जाती है। अब तक वह पैदल ही पढ़ने जाती थी, किंतु सीएम हेमंत सोरेन की नीतियों से उसे साइकिल मिल गई है। इससे उसकी पढ़ाई की राह काफी आसान हो जायेगी। इसी क्रम में आठवीं में ही अध्ययनरत अभिषेक कुमार चौधरी को भी साइकिल का चेक प्रदान किया गया। अभिषेक ने बताया कि उसके पिता अनिल चौधरी मजदूरी करते हैं। आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण वे साइकिल नहीं खरीद पा रहे थे। झारखंड सरकार की यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर छात्र-छात्राओं के लिये काफी उपयोगी साबित हो रही है।

पांकी क्षेत्र की गरीब परिवार की महिलायें चकवड़ काट कर जमा कर रहीं बीज

# ग्रामीण अंचलों में चकवड़ बना जीविकोपार्जन का सहारा



**नवीन मेल संवाददाता**

**सगालीम।** पांकी विधानसभा क्षेत्र में पर्याप्त वर्षा नहीं होने के कारण भदई व अगहनी फसल समाप्त हो गई है। वहीं रबी फसल पर भी संकट है। फलस्वरूप अकाल व सुखाड़ की स्थिति उत्पन्न हो गई है। पेट की आग बुझाने के लिए गरीब परिवार की महिलायें चकवड़ काट कर जमा कर रही हैं। चकवड़ काट रहे ग्रामीणों ने बताया कि इस वर्ष खेती नहीं हुई है। अकाल पड़ गया है। रोजी-रोजगार का कोई साधन नहीं है। ऐसे में पेट भरने के लिए कुछ तो उपाय करना होगा नहीं तो भूखे मरना पड़ेगा। ग्रामीण महिलाओं ने बताया कि दिन भर चकवड़ काटकर जमा करती हैं। उसे सूखाकर व पीटकर दाना निकालने के बाद उसे बाजार में सेठ-साहूकार के पास 19 से 20 रुपये प्रतिकिलो की दर से दाना बेचते हैं। जिससे हम सभी के घर का चूल्हा जल रहा है। महिलाओं ने बताया कि दिन भर चकवड़ काटकर डेढ़ से दो किलो चकवड़ का दाना प्राप्त होता है। इस वर्ष पानी के अभाव के कारण चकवड़ भी बहुत कम उगे हैं। अधिकतर चकवड़ के पौधे में फल भी नहीं लगा है। जिसके कारण काफी मेहनत कर चकवड़ जमा करना पड़ रहा है। ग्रामीण महिलाओं ने यह भी कहा कि इस अकाल में भी सरकार हम गरीबों को जीने खाने के लिए कोई रोजगार नहीं उपलब्ध करा रही है। रोजगार मिलता तो खेत क्यारी आदि जगहों पर चकवड़ जमा करने के लिए भटकना नहीं पड़ता। फिलहाल जीने का सहारा चकवड़ बचा है। इन दिनों क्षेत्र में बड़े पैमाने पर चकवड़ काटकर जमा करने की होड़ गरीब महिलाओं में मची है।


## झारखण्ड सरकार, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग

### जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेंटर, पलामू

### दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला 2023

दिनांक : 20/12/2023 सूचना समय–10 बजे पूर्वा0 से 4 बजे अप0 तक

स्थान : जिला नियोजनालय स्थित श्रम कार्यालय मैदान, डालटनगंज।

राज्य के बेरोजगार युवकों एवं युवतियों को निजी क्षेत्र में नियोजित कराने के उद्देश्य से जिला नियोजनालय स्थित श्रम कार्यालय मैदान, डालटनगंज में दिनांक 20/12/2023 को समय पूर्वा0 10 बजे से अप0 4 बजे तक दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार योजनान्तर्गत एक दिवसीय "रोजगार मेला" का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें निम्नांकित प्रमुख नियोजकों ने उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की है :–

| SL. No. | Name of the Employer | Name of the Post | No. Of Vacancy | Qualification Essential | Qualification Desirable | Experience | Age | Tentative Salary |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | Ramchandra Chandravanshi University, Bishrampur, Palamu | Asst. Librarian | 5 | B.Lib. | M.Lib. | 1 Yrs. | 18-30 | 15,600/- |
| | | Computer Operator | 10 | BCA | MCA | 1 Yrs. | 18-40 | 15,600/- |
| | | Office Assistant | 12 | 12th Pass | Graduation | - | 18-30 | 12,000/- |
| 2 | Satin Creditcare Network Ltd, Ranchi | Exe. (TCSO) | 10 | 12th | - | - | 18-30 | 18,500/- |
| | | Sr. Exe. (Sr. CSO) | 10 | 12th | - | - | 18-32 | 22,500/- |
| 3 | LIC of India, Redma, Daltonganj | Insurance Advisor | 50 | Matric | - | - | 18 + yr | Commission Basis |
| 4 | Instakart Services Pvt Ltd (Ekart) | Delivery Executive | 20 | 10th Pass | - | - | 18-30 | Salary is not fixed, its base on No of delivered shipment |
| 5 | Chaitanya India Fin Credit Pvt Ltd Daltonganj | CRE | 40 | 12th Pass | Graduation | - | 18-28 | 10,090/-+ other incentive |
| 6 | Credit Access Grameen Ltd, Ranchi | Trainee Kendra Manager | 27 | 12th/Graduate/ITI | DL/LLR & Two Wheeler | - | 18-28 | 22,250/- CTC |
| 7 | Barbeque Nation Hospitality Ltd Kolkata | Assistant Chef | 400 | 8th Pass | 12th | - | 18-28 | 15,000/- |
| | | GSA | 500 | 8th Pass | 12th | - | | |
| 8 | Sun Bright Manpower Solution Pvt Ltd. :- (i) Honda Motorcycle and scooter pvt ltd | Assembly | 600 Boys | 10th/12th/ITI | - | - | 18-28 | 14,246-16,493 CTC |
| | (ii) Wistron Company | Assembly | 350 Female | 10th/12th/ITI/Diploma | - | - | 18-26 | 17,310/- CTC |
| 9 | Cosmos Manpower Pvt Ltd Gujrat | Trainee Operator | 200 | 10th/ 12th/ITI | - | - | 18-26 | 11,200-13,346/- |
| | | Helper | 100 | 10th/12th | - | - | 18-32 | 13,964/- CTC |
| 10 | L&T Construction Skill Training Institute, Tamilnadu :- | Formwork | 250 | 10th/12th/ITI | - | - | 18-35 | - |
| | | Bar Bending | 250 | 10th/12th | - | - | 18-35 | - |
| | | Machinery | 250 | 10th/12th/ITI | - | - | 18-35 | - |
| | | Welding | 50 | | | | | |
| | | Plumbing | 75 | | | | | |
| | | Electrical | 50 | | | | | |
| | | Scaffolding | 75 | | | | | |
| 11 | Quess Corp :- Dixon/Padget/NDR Auto | Production Trainees | 300 | 10th/12th/ITI | - | - | 18-34 | 10,300-12,400/- |
| | Wistron (Female only) | Assembly operator | 100 | 12th/Graduation/ITI | - | - | 18-26 | 19,712/- CTC |
| 12 | Vananchal Education & Welfare Trust, Farathiya, Garhwa | Clerk Cum Computer Operator | 05 | Graduation | Computer | As Per NCTE Norms | 18-45 yr | As Per Norms. |
| | | Cook | 02 | 12th | - | As Per NCTE Norms | Upto 45 yr | As Per Norms. |
| | | Attendant | 05 | 12th | - | As Per NCTE Norms | Upto 45 yr | As Per Norms. |
| | | Dental Hygienist/ Dental Technician | 06 | As per the norms of DCI | - | As Per NCTE Norms | Upto 60 yr | As Per Norms. |
| 13 | CAIT Edusys Pvt Ltd | Trainee (Apprenticeship) | 200 | Diploma/ B.Tech | - | - | 18-30 | 13,500-20,000/- CTC |
| | | Jr. Engineering | 200 | Diploma/ B.Tech | | | | |
| 14 | Vision India Services Pvt Ltd, Noida:- | | | | | | | |
| | Suzuki Motors | FTC, ST | 300 | 10th/12th/ITI | - | - | 18-21 | 16,600-21,000/- |
| | Schneider Electric | Production Associate | 300 | 10th/12th/ITI/Diploma | - | - | 18-25 | 13,350-21,000/- |
| | Hindalco | Workman/Naps Trainee | 300 | 12th/ITI/B.Sc. | - | - | 18-30 | 1.20-1.50 Lakh/Annum |
| | Furukawa Minda | Associate Operator | 100 | 10th/12th/ITI | - | - | 18-27 | 10,672/- |
| | Total no. of Vacancy | | 5152 | | | | | |

मेला में भाग लेने के ईच्छुक अभ्यर्थी को झारखण्ड के किसी भी नियोजनालय में निबंधित होना अनिवार्य है। यदि वे पूर्व में निबंधित नहीं है तो रोजगार मेला के पूर्व अपना निबंधन अपने स्थानीय नियोजनालय में निश्चित रूप से कर लें। अभ्यर्थी स्वयं भी अपना निबंधन विभाग के अधिकृत पोर्टल www.rojgar.jharkhad.gov.in पर कर सकते हैं। रोजगार मेला के दिन कार्यालय में निबंधन/नवीकरण का कार्य स्थगित रहेगा। सभी आवेदनकर्त्ता अपना बायोडाटा, फोटो, शैक्षणिक प्रमाण–पत्र, स्थानीय प्रमाण प्रत्र एवं नियोजनालय का निबंधन कार्ड के साथ इस मेला में चयन हेतु उपस्थित होंगे।

नियोजक निजी क्षेत्र के हैं, अतः साक्षात्कार, रिक्ति एवं सेवा शर्तों के लिए वे उत्तरदायी हैं। नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य कर रहा है। इस हेतु कोई भी मार्ग व्यय/भत्ता देय नहीं होगा।

जिला नियोजन पदाधिकारी, पलामू

PR 313640 District (23-24)_D


# दुर्गा मंदिर के पुजारी पं. श्यामसुंदर वैद्य का निधन, अंत्येष्टि आज



पुजारी को श्रद्धांजलि देते ग्रामीण

नवीन मेल संवाददाता

**हरिहरगंज।** शहर के मेन बाजार स्थित श्री दुर्गा मंदिर के पुजारी 90 वर्षीय पंडित श्यामसुंदर वैद्य का शनिवार को निधन हो गया। यह समाचार सुनते ही बड़ी संख्या में शहरवासी व जानने वाले पार्थिव शरीर का अंतिम दर्शन के लिए उनके आवास पर उमड़ पड़े। वे करीब 60 वर्षों से दुर्गा मंदिर में क्षेत्र की सुख,शांति, समृद्धि के लिये अनुष्ठान करते रहे हैं। उनका दाह संस्कार रविवार सुबह 8 बजे किया जाएगा। उनके निधन पर पूर्व विधायक सह आजसू केंद्रीय उपाध्यक्ष कुशवाहा शिवपूजन मेहता ने शोक जताते हुए सभी शहरवासियों तथा उनके चाहने वालों से दिवंगत पुजारी की अंतिम यात्रा में शामिल होने की अपील की है। शोक व्यक्त करने वालों में नवयुवक सांस्कृतिक समिति के ओमप्रकाश अकेला, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन, , वैश्य जागृति मंच के अध्यक्ष गंगा जायसवाल, व्यवसायी भोला गुप्ता, रॉबर्ट गुप्ता, पुरुषोत्तम जायसवाल उर्फ पिंटू, अरुण स्वर्णकार, सुनील शौंडिक, दिलीप स्वर्णकार, चंदन जायसवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम, दिनेश प्रसाद, मुन्ना विश्वकर्मा, अशोक सिंह, सत्यनारायण, शम्भू यादव, शिक्षक कृष्णा साव शामिल हैं।

## पहल | विधायक ने सुअरदहा पुल निर्माण का किया शिलान्यास

# क्षेत्र के एक-एक गांव का हो रहा विकासः कमलेश



पुल का शिलान्यास करते विधायक प्रतिनिधि

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** स्थानीय विधायक कमलेश कुमार सिंह ने हुसैनाबाद के झरगड़ा उत्तरी के सुअरदहा नदी पर पुल निर्माण कार्य का ऑनलाइन शिलान्यास किया। ऑनलाइन संबोधन में उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद-हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र के एक-एक गांव का विकास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि समस्त कार्य विधायक कोटे की राशि से जनता की सहमति लेकर किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण सड़कों का जीर्णोद्धार के अलावे नई सड़कों का निर्माण भी किया जा रहा है। कई सड़कों व पुल के निर्माण की स्वीकृति के बाद निविदा की प्रक्रिया चल रही है। सुअरदाहा नदी पर पुल निर्माण की मांग काफी पुरानी थी। ग्रामीणों की मांग पर विवाह मंडप का निर्माण बड़ी संख्या में कराया गया है। विधायक प्रतिनिधि अजित सिंह ने कहा कि क्षेत्र में विकास कार्यों का शिलान्यास व उद्घाटन करने के लिए चार टीमें बनाई गई हैं। चारों टीमें अलग-अलग गांवों में स्वीकृत योजनाओं का शिलान्यास कर रही है। उन्होंने योजनाओं पर बेहतर कार्य कराने की जिम्मेदारी ग्रामीणों को दी है। कार्यक्रम में एनसीपी प्रवक्ता योगेंद्र सिंह उर्फ गुड्डू सिंह, विनय पासवान, नरेश रजवार, शिवलाल यादव,राम राज यादव, सुरेंद्र ठाकुर, इंदल ठाकुर, नंदू यादव, सुनील यादव, अनुज पासवान रामनाथ बारी, जानकी रजवार, हंसराज सिंह, प्रमोद पासवान शामिल थे।

## गागर में सागर

### होमगार्ड बहाली में आधी आबादी का उत्साह चरम पर


पुलिस स्टेडियम में दौड़ लगाती महिला अभ्यर्थी

**मेदिनीनगर।** शहर के पुलिस स्टेडियम में शनिवार को भी होमगार्ड महिला जवानों की बहाली प्रक्रिया जारी रही। शनिवार को पलामू जिले के हुसैनाबाद,मुहम्मदगंज, नौड़िहाबजार,छतरपुर सहित अन्य प्रखंडों के लगभग 1000 से अधिक महिला अभ्यर्थी शामिल हुये। होमगार्ड बनने के लिये सभी अभ्यर्थी उत्साहित दिखे। चयन प्रक्रिया में पुलिस स्टेडियम में मैराथन दौड़ में इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस का प्रयोग किया जा रहा है, ताकि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी हो तो उसे पकड़ा जा सके। बहाली में सभी प्रकार के परीक्षणों से होकर अभ्यर्थियों को गुजरना पड़ रहा है। सभी प्रखंड के अभ्यर्थियों के लिए अलग-अलग दिन निर्धारित किया गया है। यह प्रक्रिया डीसी शशि रंजन व एसपी रिष्मा रमेशन की निगरानी में की जा रही है। वहीं निगरानी के लिए सार्जेंट मेजर अनीश मोहित कुजूर सहित अन्य अधिकारी व मजिस्ट्रेट को नियुक्त किया गया है। सार्जेंट मेजर ने बताया कि होमगार्ड बहाली प्रक्रिया में पूरी तरह से पारदर्शिता बरती जा रही है। दौड़ में इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स का इस्तेमाल किया जा रहा है व एक-एक अभ्यर्थियों की वीडियोग्राफी से निगरानी की जा रही है। पूरे स्टेडियम में सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है। ताकि बहाली प्रक्रिया को पारदर्शी व निष्पक्ष बनाये रखा जा सके। स्टेडियम के बाहर अभ्यर्थियों के परिजनों की भी भारी भीड़ जुट रही है।

### संघ ने मृत अध्यापक के परिवार को दी आर्थिक सहायता


अध्यापक के परिजनों को मदद देते संघ के पदाधिकारी

**मेदिनीनगर।** पाटन प्रखंड के मध्य विद्यालय नवादा में सहायक अध्यापक रहे स्व. संजय कुमार के परिवार को सहायक अध्यापक संघ की ओर से रू.53800 की सहयोग राशि प्रदान की गयी। मौके पर संघ के प्रखंड अध्यक्ष हरेंद्र कुमार सिंह ने आरोप लगाया कि सहायक अध्यापकों को सेवा देते हुए 20 वर्ष से अधिक हो गया, लेकिन सरकार सहायक अध्यापकों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। इस कारण सहायक अध्यापकों की माली हालत ठीक नहीं है। सरकार द्वारा सहायक अध्यापकों का इस्तेमाल सिर्फ राजनीतिक हथियार के रूप में किया जा रहा है। सीएम हेमंत सोरेन ने चुनावी सभा में आश्वासन दिया था कि अगर उनकी सरकार बनी तो तीन माह के अंदर पारा शिक्षकों को स्थाई एवं वेतनमान देंगे, समान काम के लिए समान वेतन देंगे,परंतु अभी तक सरकार द्वारा पारा शिक्षकों के लिए कोई काम नहीं किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष ऋषिकांत तिवारी ने कहा कि हेमंत सरकार ने समान काम के लिए समान वेतनमान की नियमावली बनाने का आश्वासन दिया था, किंतु इस दिशा में भी काई पहल नहीं की जा सकी। मौके पर प्रखंड संयोजक सुनील कुमार पांडे, सूरत राम, विमलेश कुमार सिंह, विवेक कुमार, रविंद्र पासवान, पुरुषोत्तम कुमार, सुशील कुमार, बदरुद्दीन अंसारी, पंडवा प्रखंड के शशि भूषण सिंह उर्फ पप्पू सिंह एवं अभय कुमार द्विवेदी आदि उपस्थित थे।

# पीवीटीजी परिवारों के बीच दिसंबर माह के राशन का वितरण


राशन के साथ पीवीटीजी परिवार

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले में पीवीटीजी परिवारों के बीच ससमय राशन का वितरण सुनिश्चित किये जाने को लेकर डीसी शशि रंजन गंभीर हैं। इसी क्रम में शनिवार को सदर व छतरपुर में आवासन कर रहे पीवीटीजी परिवारजनों के बीच राशन का वितरण किया गया। दोनों ही स्थानों पर संबंधित एमओ ने अपनी उपस्थिति में दिसंबर माह के राशन का वितरण कराया। इस संबंध में जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कू ने बताया कि सभी बैकलॉग को खत्म करते हुए सभी परिवारजनों के बीच दिसंबर माह का राशन वितरण कराया गया है। उपायुक्त श्री रंजन ने कहा कि सभी पीवीटीजी परिवारों को ससमय राशन उपलब्ध कराया जाना है। ऐसे में इस कार्य में शिथिलता बरतने वाले संबंधित पदाधिकारियों व कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।

### भारी गहमागहमी के बीच जिला बार एसोसिएशन का चुनाव संपन्न

# 550 मतदाताओं में से 527 ने किया मतदान


चुनाव में मतदान करते अधिवक्ता

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू जिला बार एसोसिएशन का चुनाव शनिवार को भारी गहमागहमी के बीच संपन्न हुआ। 550 मतदाताओं में से 527 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान को लेकर सुबह से ही अपने-अपने समर्थकों के साथ उम्मीदवारों का कचहरी पहुंचना शुरू हो गया। मुख्य चुनाव आयुक्त बैद्यनाथ चौबे ने बताया कि स्टेट बार काउंसिल से आये आब्जर्वरों की उपस्थिति में निर्धारित समय सुबह 10.30 बजे से मतदान शुरू किया गया। दिन चढ़ने के साथ मतदाताओं की भीड़ भी बढ़ती रही। शाम 4.30 बजे तक निर्धारित 550 मतदाताओं में से 527 ने मतदान किया। नीचे दो बूथों पर 100 में से 94 व ऊपर के नौ बूथों पर 450 में से 433 मतदाओं ने अपने वोट डाले। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर कचहरी परिसर में भारी पुलिस बल भी तैनात रहा। उम्मीदवार भी वोटरों से मनुहार करते देखे गये। व्यवस्था में चुनाव आयुक्त शौकत अली, सतीश मेहता व व्यवस्थापक संजय दुबे के निर्देशन में चुनाव समिति के सदस्य तन्मतयता पूर्वक जुटे रहे। रविवार को मतगणना के बाद चुनाव परिणामों की घोषणा की जायेगी।

### शहर के मध्य डा. राजेंद्र प्रसाद चौक पर विहंगम आयोजन

# पूर्व सैनिकों ने मनाया विजय दिवस



छहमुहान पर विजय दिवस मनाते पूर्व सैनिक

**वीर शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए देशभक्ति व वीर रस से ओत-प्रोत कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पूर्व सैनिक सेवा परिषद द्वारा वर्ष 1971 में भारत की पाकिस्तान पर अभूतपूर्व व ऐतिहासिक विजय के उपलक्ष्य में शनिवार को विजय दिवस मनाया गया। इस अवसर पर शहर के डा. राजेंद्र प्रसाद चौक (छह मुहान) पर आयोजित समारोह में युद्ध का हिस्सा रहे सैनिकों को सम्मानित किया गया। इस दौरान वीर शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए देशभक्ति व वीर रस से ओत-प्रोत कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत वंदे मातरम के गायन से हुयी। तत्पश्चात पलामू के लाल मनु अखौरी, युगांबर दीक्षित, प्रबोध मेहता व अनुराग शुक्ला की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इसके साथ ही आजादी के बाद हुई लड़ाईयों में अपने प्राणों का न्योछावर करने वाले शहीदों की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में 1971 के युद्ध में हिस्सा ले चुके पूर्व सैनिक शिवजी सिंह, उदित नारायण पाण्डेय, अंबिका राम व बैजनाथ पाल को परिषद पदाधिकारियों द्वारा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कवि गोष्ठी में हरिवंश प्रभात, राकेश कुमार, गुरमीत सिंह मीत, मनीष मिश्र नन्दन, मोहम्मद इस्तेखार, किरन राज, रीना प्रेम दुबे, सरोज कुमार आजाद, सुभाष प्रसाद, धनंजय पाठक, श्याम किशोर पाठक, परशुराम तिवारी व परिषद के जिलाध्यक्ष दामोदर मिश्र ने कविता पाठ किया। इस अवसर पर कर्नल संजय अखौरी, पूर्व जिला अध्यक्ष गयानंद पाण्डेय, महासचिव दिनेश गुप्ता, शंभूनाथ सिंह, समता प्रसाद शर्मा, मुक्तेश्वर कुमार, मानदेव तिवारी, हरिहर तिवारी, उदय नारायण पाण्डेय, त्रिपुरारी प्रसाद, कामाख्या नारायण सिंह, दुदुन सिंह, कृष्णा सिंह, जनार्दन सिंह, रमन श्रीवास्तव, योगेंद्र प्रताप सिंह, दया शंकर शर्मा, कामाख्या नारायण सिंह, अगस्त तिवारी मौजूद थे।

### भारतीय जांबाजों ने दिखाया था पराक्रम

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के पोलपोल स्थित शहीद स्मारक पार्क में शनिवार को विजय दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन एवं अध्यक्षता पूर्व सैनिक बृजेश कुमार शुक्ला ने की। कार्यक्रम की शुरूआत में शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शौर्यांजलि दी गई। पूरा परिसर शहीद परमवीर चक्र विजेता अल्बर्ट एक्का अमर रहे, शहीद युगाम्बर दीक्षित अमर रहे, शहीद प्रबोध महतो अमर रहे, शहीद फ्लाइट लेफ्टिनेंट मनु अखौरी अमर रहे, शहीद लेफ्टिनेंट अनुराग शुक्ला अमर रहे के नारो से गुंजायमान हो उठा। वक्ताओं ने कहा कि उस युद्ध में अपना पराक्रम दिखाते हुये भारतीय जांबाजों ने पाक के 93000 सशस्त्र सैनिकों को युद्ध बंदी बनाया था। कार्यक्रम में कर्नल संजय अखौरी,अभिमन्यु कुमार सिंह, मंगल पांडेय, रुपेश कुमार, गिरिजा ठाकुर, अनिल आदि उपस्थित रहे।

### लालगढ़ ग्राम पंचायत में पहुंची प्रदेश सरकार

# शासन का प्रयास सभी का हो पक्का आवास : बीडीओ


शिविर में लाभार्थी को चेक देते बीडीओ

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** प्रदेश सरकार व शासन का प्रयास है कि राज्य के सभी नागरिकों का अपना पक्का आवास हो। इसी को ध्यान में रखते हुये झारखंड सरकार ने अबुआ आवास योजना शुरू की है। समुचित प्रचार-प्रसार का नतीजा है कि इन दिनों पूरे प्रदेश में चल रहे आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में सर्वाधिक आवेदन अबुआ आवास से ही संबंधित आ रहे हैं। विश्रामपुर प्रखंड के लालगढ़ पंचायत में आयोजित सरकार आपके द्वार शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुये बीडीओ विक्रम आनंद ने उक्त विचार व्यक्त किया। उन्होंने जोर देते हुये कहा कि जिन भी लोगों का अभी तक पक्का आवास किसी भी योजना से नहीं बना है। वे सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में अपना आवेदन दें। सत्यापन के बाद उन्हें योजना का लाभ अवश्य दिया जायेगा। इससे पूर्व मुख्य अतिथि अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार के साथ अधिकारियों व प्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से शिविर का शुभारंभ किया। शिविर में अबुआ आवास के 530, पशुधन योजना के 40 व गुरुजी क्रेडिट कार्ड के 20 आवेदन आये। इस दौरान 120 जरूरतमंदों को कंबल प्रदान किये गये। इससे पूर्व प्रखंड के तोलरा पंचायत में आयोजित शिविर में भी अबुआ आवास के 700 आवेदन आये थे। मौके पर उपप्रमुख सत्येंद्र सिंह, बीपीआरओ मुकेश कुमार, ब्लाक समन्वयक अजित सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि किशोर कुमार, मुखिया धर्मेंद्र चौधरी आदि मौजूद रहे।

### इंडियन पब्लिक स्कूल कुंदरी में आयोजन

## बाल कराटेकारों को सम्मानित कर किया उत्साहवर्द्धन


पुरस्कार के साथ बाल कराटेकार

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** इंडियन पब्लिक स्कूल कुंदरी में सम्मान समारोह का आयोजन कर कमिश्नरी लेवल कराटे चैंपियनशिप में गोल्ड, सिल्वर व ब्रांज मेडल जीतने वपाले बाल कराटेकारों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि मलेशिया देश द्वारा इंटरनेशनल गोल्डन अवार्ड से सम्मानित मार्शल आर्ट्स प्रशिक्षक शिहान संतोष कुमार एवं विशिष्ट अतिथि सेंसाई गुनगुन प्रिया ने कराटेकारों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्द्धन किया। प्रशिक्षक श्री कुमार ने कहा कि पलामू में प्रतिभा की कमी नहीं है। बस समय-समय पर उसे निखारने की जरूरत है। उन्होंने आत्मरक्षा के लिये बालिकाओं को कराटे का प्रशिक्षण अनिवार्य बताया। विदित हो कि विजेता बाल कराटेकार वेस्ट बंगाल स्थित आसनसोल में 23-24 दिसंबर को आयोजित नेशनल स्पोर्ट्स फेस्टिवल कराटे इवेंट में भाग लेंगे। कार्यक्रम में बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। इस अवसर पर चेयरमैन दिलीप कुमार साव, डायरेक्टर विनीत कुमार चौधरी, प्रधानाध्यापक श्री मिश्रा, सहयोगी टीचर सुहानी, खुशी, पूनम, आर के मेहता, प्रेमचंद आदि मौजूद रहे।

### आंखों के बिना अंधेरा है जहानः डा. मनोज

**मेदिनीनगर।** आंखों के बिना जहान अंधेरा है। पांचों इन्द्रियों में आंखों का स्थान अहम है। इसी के माध्यम से हम दुनिया की खूबसूरती का एहसास कर सकते हैं। स्थानीय सदीक मंजिल चौक स्थित सोनाक्षी नेत्रालय में आयोजित नेत्र चिकित्सा शिविर के दौरान चिकित्सक डा. मनोज कुमार ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि अंधापन के कल्पना मात्र से ही व्यक्ति घबरा जाते हैं, किंतु समय रहते यदि ध्यान दिया जाये तो आंखों की रोशनी पुनः पायी जा सकती है। इस दौरान डा. कुमार ने न सिर्फ मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक दवायें प्रदान की।

## जिला स्तरीय जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप 23 से



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के तत्वावधान में पलामू जिला स्तरीय बालक-बालिका जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन 23 दिसंबर से प्रारंभ होगा। पहले दिन अंडर 14 वर्ष आयु वर्ग व 24 दिसंबर को अंडर 16 आयु वर्ग की प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। यह प्रतियोगिता जीएलए कॉलेज के मैदान में होगी। प्रतियोगिता में पलामू जिला के सरकारी व प्राइवेट स्कूलों सहित कॉलेज व क्लब के खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। सुबह 10 बजे से प्रारंभ होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये प्रतिभागी उम्र प्रमाण के रूप में मैट्रिक के प्रमाण पत्र व मैट्रिक से नीचे वाले प्रतिभागी जन्म प्रमाण पत्र या प्रधानाध्यापक द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र जरूर लेकर आयें। आधार कार्ड की छाया प्रति लाना अति आवश्यक है। प्रतिभागियों को प्रवेश शुल्क के रूप में रू.50 देना अनिवार्य है। यह जानकारी पलामू डिस्ट्रिक्ट एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव संजय कुमार त्रिपाठी ने दी है। बताया है कि इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी को डायरेक्ट जिला से नेशनल इंटर डिस्ट्रिक्ट जूनियर एथलेटिक्स मीट में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। विशेष जानकारी के लिए प्रतिभागी एथलेटिक्स कोच रेशमा पांडे से संपर्क कर सकते हैं।

### इंडियन रोटी बैंक का नया सवेरा कार्यक्रम देगा ठंड में राहत

# सेवा का नया सवेरा है इंडियन रोटी बैंक : एसडीएम


जरूरतमंदों को कंबल देते एसडीएम

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** साल के अंत में ठंड ने अपने पांव पसारे व इंडियन रोटी बैंक की ओर से नया सवेरा कार्यक्रम के तहत निशुल्क कंबल वितरण का शुभारंभ हो गया। जिसका उद्घाटन सदर अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग तिवारी, संरक्षक सोनू नामधारी, संजीवनी टीम के कर्ताधर्ता डा. अमित मिश्रा ने किया। अपने संबोधन में सदर एसडीएम ने कहा कि आम जनमानस के लिए रोटी, कपड़ा व मकान की आवश्यकता महत्वपूर्ण है। इंडियन रोटी बैंक जैसे संगठनों की सेवा प्रशासनिक व्यवस्था के लिए सहयोगी साबित होता है। भविष्य में प्रशासनिक सहयोग के साथ प्रत्येक कार्यक्रम में सम्मिलित होने का सदर एसडीएम ने भरोसा दिया। वहीं इंडियन रोटी बैंक के विस्तार के लिए हरसंभव मदद के लिए हमेशा तत्पर रहने का वादा भी किया। राष्ट्रीय उप-प्रभारी दीपक तिवारी ने बताया कि नया सवेरा के माध्यम से दीन-दुखियों का कष्ट हरने का प्रयास किया जाता है। रिक्शा चालकों, भीक्षा मांगने वालों, दोना-दातुन बेचने वालों को कंबल उपलब्ध कराया जायेगा। कार्यक्रम में व्यवसायी संतोष सोनी, शेखर मेहता, टीओपी टू प्रभारी नबी अंसारी, प्रदेश संयोजक साहेब जी सेवादार श्याम जी नामधारी, शशिकांत तिवारी, राकेश कुमार की भूमिका अहम रही।

# आइसा की बैठक में हस्ताक्षर अभियान चलाने का निर्णय



बैठक करते आइसा के कार्यकर्ता

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) पलामू जिला कमेटी की बैठक मेदिनीनगर में हुई। इसमें मुख्य रूप से राज्य अध्यक्ष तरुण कुमार एवं राज्य उपाध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष गुड्डू भुइयां व संचालन अभय सिंह ने किया। बैठक में विभिन्न प्रखंडों में प्रखंड सम्मेलन के बाद 29 जनवरी 2024 को जिला सम्मेलन करने का निर्णय लिया गया। कहा गया कि 18 दिसंबर से शिक्षा व रोजगार को लेकर मोदी सरकार के खिलाफ पूरे देश में चलने वाले ऑल इंडिया सिग्नेचर कैंपेन को पलामू के कोने-कोने में चलाया जाएगा। इस कैंपेन की शुरूआत जीएलए कॉलेज से होगी। छात्रों के बीच मोदी सरकार के 10 साल, यंग इंडिया के 10 सवाल के साथ कैंपेन चलेगा। बैठक में आरती कुमारी, कंचन कुमार, विजय कुमार,ममता कुमारी, संदीप यादव, मिन्नत प्रवीण समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

### वाहन जांच : 28 वाहनों से 1 लाख 33 हजार जुर्माना वसूल

# ओवर स्पीड व ड्रिंक एंड ड्राइव के खिलाफ सख्त कार्रवाई : डीसी


चियांकी में हो रही वाहनों की जांच

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। जिले में लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने की दिशा में उपायुक्त शशि रंजन ने संबंधित महकमों को वाहनों की लगातार जांच के निर्देश दिये हैं। कहा है कि ओवरस्पीडिंग व ड्रिंक एन ड्राइव के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाये। निर्देश पर शनिवार को जिला परिवहन पदाधिकारी अनवर हुसैन के नेतृत्व में सदर प्रखंड के चियांकी में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान मुख्य रूप से ओवर स्पीड,शराब पीकर गाड़ी चलाने व हेलमेट नहीं पहनने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। 75 वाहनों की जांच के क्रम में 28 वाहनों से 1 लाख 33 हजार 50 रुपये का जुमार्ना वसूला गया। इस संबंध में डीटीओ अनवर हुसैन ने बताया कि वाहन जांच अभियान लगातार चलाया जाएगा। उपायुक्त श्री रंजन ने कहा कि ऐसे अभियान का एकमात्र उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना है। उन्होंने कहा कि इन दिनों ज्यादातर सड़क दुर्घटनायें ओवर स्पीडिंग या शराब पीकर गाड़ी चलाने की वजह से हो रही हैं।

### संत मरियम स्कूल में प्रवेश परीक्षा की अनोखी मुहिम

# 90 प्रतिशत से अधिक अंक पर शुल्क में मिलेगी छूट

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** स्थानीय संत मरियम स्कूल में छात्र-छात्राओं के बीच प्रतिस्पर्धा की भावना को प्रेरित व बढ़ाने के लिए एक अनोखी पहल शुरू की गयी है। इसके तहत एडमिशन के लिए आयोजित लिखित परीक्षा में 90 प्रतिशत से ज्यादा अंक लाने वाले बच्चों के मासिक शुल्क (ट्यूशन फीस) में प्रारंभिक सत्र के लिये पांच से दस फीसद तक छूट दी जायेगी। विद्यालय प्रबंधन ने निर्णय लिया है कि आगामी सत्र में एडमिशन से पहले बच्चों को उनके वर्ग के अनुसार प्रश्न पत्र के पांच सेट दिये जायेंगे। विद्यार्थियों के एडमिशन टेस्ट में उसी सेट में से प्रश्न पूछे जायेंगे। स्कूल के डायरेक्टर अविनाश देव ने बताया कि वर्ष 2024-25 नामांकन सत्र के लिये अभिभावकों को एक महीना पहले एडमिशन फॉर्म के साथ प्रश्न पत्र दिये जाएंगे। दिव्यांग बच्चों को निःशुल्क शिक्षा के साथ उन्हें कपड़े व भोजन भी दिये जायेंगे। प्रवेश के लिये कक्षा एक से कक्षा नौ तक के सभी छात्र-छात्राओं को प्रश्न पत्र दिये जाएंगे। 50 अंकों की प्रवेश परीक्षा 28 जनवरी को होगी। 18 दिसम्बर से नामांकन पत्रों का वितरण शुरू हो जायेगा।

## प्रदर्शन — सरकार पर लगाया लोकतंत्र का गला घोंटने का आरोप

# कांग्रेसियों ने प्रदर्शन कर गृह मंत्री का पुतला फूंका

**सरकार ने लोकतंत्र को पूरी तरह से हाईजैक कर लिया है : मुख्य वक्ता**

**सरकार की जो कमियां है उसे संसद में उठाने ही नहीं दिया जा रहा है।**


गृह मंत्री का पुतला दहन करते युवा कांग्रेस के लोग

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर के छहमुहान चौक पर युवा कांग्रेस ने विरोध-प्रदर्शन कर देश के गृह मंत्री अमित शाह का पुतला फूंका। कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा कांग्रेस अध्यक्ष परवेज अली उर्फ मुन्ना खान एवं युवा इंटक के अध्यक्ष शशांक सुमन द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं पूर्व जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर शुक्ला, इंटक के प्रभारी एवं पीसीसी डेलीगेट मिथिलेश सिंह एवं वरिष्ठ कांग्रेसी सत्यानंद दुबे मौजूद रहे। मुख्य वक्ता चंद्रशेखर दुबे ने आरोप लगाया कि नरेंद्र मोदी सरकार लोकतंत्र का गला घोंटना चाहती है। सरकार ने लोकतंत्र को पूरी तरह से हाईजैक कर लिया है। सरकार की जो कमियां है उसे संसद में उठाने ही नहीं दिया जा रहा है। जिन 15 सांसदों को आवाज उठाने पर निलंबित किया गया उसमें से 9 कांग्रेस के हैं । सरकार विपक्ष की आवाज दबाना चाहती है। साथ ही साथ संसद में घुसपैठ की घटना प्रमाणित करती है कि सरकार द्वारा सुरक्षा पर दिए गए सारे बयान गलत एवं झूठे हैं। कांग्रेस पार्टी संविधान को बचाना अपना अधिकार समझती है। इस तरह की घटना का लगातार विरोध करती रहेगी। युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष परवेज अली ने संसद भवन पर हमले की बरसी के मौके पर हुई घुसपैठ की घटना को संसद भवन नहीं बल्कि देश की सुरक्षा पर हमला बताया। मौके पर युवा नेता रूद्र शुक्ला,यूथ इंटक के जिला अध्यक्ष शशांक सुमन, यूथ कांग्रेस के प्रेमचंद कुमार,कंचन कुमार, चित्रेश जोरिहर, ब्यास यादव, भारत भुइयां, सौरभ तिवारी,आशीष चौधरी,प्रदीप कुमार,अजय कुमार, शोएब अख्तर, मोहम्मद सैफ,जावेद खान,हसीन बिस्मिल मौजूद थे।

### बढ़ती सड़क दुर्घटना के लिए डीटीओ जिम्मेदारः शत्रुघ्न

**मेदिनीनगर।** झारखण्ड क्रांति मंच के संस्थापक सह केन्द्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु ने शनिवार को मेदिनीनगर में प्रेस को बयान जारी कर आरोप लगाया है कि जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं के लिये सीधे तौर पर डीटीओ ही जिम्मेदार हैं। क्योंकि सिर्फ वाहन परिचालन जांच की प्रक्रिया की औपचारिकता पूरी करके येन-केन-प्रकारेण ड्राईविंग लाईसेंस जारी कर दिया जा रहा है। जिसकी वजह से बड़ी संख्या में दुर्घटनाओं का शिकार लोग हो रहे हैं। डीटीओ कार्यालय में व्याप्त भीषण भ्रष्टाचार के कारण परिवहन विभाग दलालों का अड्डा बन गया है। ऐसे कार्यालयों में व्याप्त भीषण भ्रष्टाचार के खिलाफ हल्ला बोल आन्दोलन शीघ्र शुरू किया जायेगा।

## गागर में सागर

### पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान



**चिनिया।** थाना चौक पर वरीय पुलिस पदाधिकारी के निर्देश पर चिनिया थाना प्रभारी राजबल्लभ कुमार के नेतृत्व में एंटी क्राइम वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया, जिसमें वाहनों की जांच की गई। इस दौरान बाइक सवार इधर-उधर भागते नजर आए। जांच में कई गाड़ियों के चालान काटे गए। थाना प्रभारी राजबल्लभ कुमार ने बताया कि वरीय पुलिस पदाधिकारी के निर्देश पर जांच अभियान चलाया जा रहा। मौके पर असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर प्रेम राम तथा पुलिस बल शामिल थे।

### महिला ने खाया कीटनाशक, उपचाराधीन

**गढ़वा।** गढ़वा थाना क्षेत्र के परिहारा गांव निवासी अंबिका चौधरी की पत्नी बसंती देवी ने शनिवार को कीटनाशक खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। बताया गया कि किसी बात को लेकर बसंती देवी एवं उसके स्वजनों के बीच नोंकझोंक हुई थी। इससे गुस्से में आकर उसने कीटनाशक खा लिया। उसकी तबीयत बिगड़ने पर स्वजनों को इसकी जानकारी मिल। सदर अस्पताल में इलाजरत बसंती देवी की हालत स्थिर बनी हुई है।

### जेंडर सेंसेटिव एप्रोच टू चाइल्ड प्रोटेक्शन विषय पर कार्यशाला

**लोहरदगा।** मिशन वात्सल्य की विभिन्न योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयनक एवं जेंडर सेंसेटिव एप्रोच टू चाइल्ड प्रोटेक्शन विषय पर स्वैच्छिक संगठन के संयुक्त तत्वावधान में कार्यशाला का आयोजन समाहरणालय सभागार में किया गया। कार्यशाला में टीडीएच की स्मिता द्वारा विषय के संबंध में जानकारी दी गई और बताया गया कि जब हम बचपन रहता तो उस समय की सोच अलग होती है। स्कूल जाते हैं और कॉलेज जाते हैं तो मानसिकता अलग हो जाती हैं। नौकरी करते हैं या समाज में रहते हैं या सीनियर सिटीजन के रूप में हमारी सोच महिला या पुरुष के लिए अलग-अलग हो जाती है। लिंग के आधार पर हमारी सोच अलग हो जाती है। हमें इसी नजरिये को एक करने की जरूरत है। कार्यक्रम में बताया गया कि पुरुष व महिला सभी क्षेत्र में एक समान कार्य कर रहे हैं। तकनीकी रूप से या मानसिक रूप से महिलाएं किसी पुरुष से कहीं भी कम नहीं हैं। कहीं किसी के लिए कोई कार्यक्षेत्र तय होता है तो वह समाज ही करता है। घर से इसकी शुरुआत होती है। हमें इसमें सुधार करने की आवश्यकता हैं। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त जय ज्योति सामंता, डालसा सचिव राजेश कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी पलटू महतो, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा, जिला शिक्षा अधीक्षक, डॉ शंभूनाथ चौधरी, बाल संरक्षण पदाधिकारी, संरक्षण पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

### बच्चों के बीच स्वेटर का किया वितरण

**बारियातु।** प्रखंड की टोंटी पंचायत अंतर्गत हेसला ग्राम स्थित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या-2 व इटके ग्राम के आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 2 में शनिवार को नन्हें-मुन्ने बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण किया गया। इस मौके पर मुखिया शांति देवी, उप मुखिया जितेंद्र साव, वार्ड सदस्य रिजवान खातुन, काशिनाथ उरांव, मौलाना मुर्शिद नदवी, समाज सेवी निलु सिंह, सेविका शक्लमणी देवी, नंदनी देवी, रोकशाना खातुन, सरोज मसोमात, संगिता देवी, पुनम देवी, आशा देवी आदि मौजूद थे।

### बच्चों के बीच स्वेटर का किया वितरण

**चंदवा।** कामता पंचायत के ग्राम कामता के पतराटोली आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों के बीच शनिवार को कुल 28 बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण किया गया। इस मौके पर पंचायत समिति सदस्य अयुब खान, ग्राम प्रधान पचु गंझू, वार्ड सदस्य अफसाना बीवी, याकूब अली, आंगनबाड़ी सेविका पद्मावती व सहायिका आशा देवी, सहिया नसीबून बीवी आदि मौजूद रहे। पोषक क्षेत्र के लोगों ने आंगनबाड़ी केंद्र का संचालन नियमित रूप से होने की बात बतायी। वहीं पंसस अयुब खान ने कहा कि स्वेटर की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं है। बच्चे ठंड में इस स्वेटर से बच नहीं पाएंगे। मौके पर ईरफान खान, मुन्ना खान, सहिया नसीबून बीवी, हुस्नआरा बीबी, रौशन बीबी,जलसा बीवी, गुलाबी देवी, फुलो देवी, झानो देवी, सबीना बीवी, अंजूम बीवी, रजनी देवी, अनिता देवी, रेखा देवी, प्रमीला देवी आदि मौजूद थे।

### राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बैठक

**बारियातु।** प्रखंड मुख्यालय सहित टोटी हेसला शिव मंदिर परिसर में विश्व हिंदू परिषद महामंत्री चंदन कुमार के नेतृत्व में बैठक आयोजित की गई। बैठक में बताया गया कि राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर तैयारी जोरों पर की जा रही है।अक्षत व फुल के माध्यम से जन-जन तक आमंत्रण भेजा गया है। प्राण प्रतिष्ठा के दिन सत्संग हवन के साथ रात्रि में दीपावली मनाई जाएगी। बैठक में मुख्य रूप से चंद्रदीप प्रसाद, अरविंद प्रसाद उर्फ गुडुल, राजन कुमार, किशोर प्रसाद, दिनेश्वर प्रसाद, मनोज भुइयां, नरेश साहू, राजेश कुमार, श्रवण विश्वकर्मा आदि मौजूद थे।

# विकसित भारत कार्यक्रम में ली गई बाल विवाह की रोकथाम की शपथ

**नवीन मेल संवाददाता। मेराल**

प्रखंड की हासनदाग पंचायत भवन पर शनिवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि उपायुक्त शेखर जमुआर, भाजपा वरिष्ठ नेता जवाहर पासवान, बीडीओ जागो महतो, मुखिया फूलमंती देवी इत्यादि ने संयुक्त रूप से किया। जेएसएलपीएस की दीदियों ने स्वागत गान प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि को बीडीओ व मुखिया ने साल एवं बुके देकर सम्मानित किया।



डीसी शेखर जमुआर ने लोगों को विकसित भारत संकल्प यात्रा के बारे में केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, किसान सम्मान निधि योजना सहित केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ गांव के आमजनों तक पहुंचे इसका प्रयास किया जा रहा है। भाजपा नेता जवाहर पासवान ने कहा कि केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ गांव के आमजनों को मिल रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बेघरों को घर दिया जा रहा है। कृषि वैज्ञानिक, पशुपालन वैज्ञानिक सुषमा बाखला, डॉक्टर अनिल साह, सीडीपीओ निशांत कुमार सहित अन्य लोगों ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र चौधरी ने किया। कार्यक्रम में विकसित भारत संकल्प यात्रा की शपथ दिलाई गई। साथ ही बाल विवाह रोकथाम को लेकर लोगों को शपथ दिलाई गई। वहीं जेएसएलपीएस के सदस्यों ने रासायनिक खाद के उपयोग को रोकने के लिए नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर लोगों को जागररूक किया। अंत में ठंड को देखते हुए गरीबों के बीच डीसी शेखर जमुआर द्वारा कंबल वितरण किया गया तथा बाल विकास की सेविकाओं द्वारा गोद भराई कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर नाबार्ड के लक्ष्मण कुमार, उप मुखिया अविनाश कुमार चौबे उर्फ बिट्टू, बीपीओ फिरोज अंसारी, बीटीएम प्रवीण कुमार मिश्रा, नजीर सुनील कुमार, डॉक्टर कुमार शशांक, करकोमा मुखिया वीरेंद्र नाथ तिवारी, जेई सुमित कुमार, पंचायत सचिव राजेंद्र राम, रोजगार सेवक रघुवर राम, आशुतोष कुमार चौबे, राजेंद्र चौधरी, गुलबास अंसारी, कौसर अंसारी, रंजीत कुमार चौबे, प्रणय चौबे, रानी देवी, उषा कुमारी, सबीना खातून, डोली देवी, चंदा देवी, संतोष कुमार चौधरी, अरकेश चंद्रवंशी, विनोद चौधरी आदि उपस्थित थे।

# खरौंधी प्रखंड में फुटबॉल प्रतियोगिता कराने की मांग

## प्रखंड झामुमो इकाई के प्रतिनिधिमंडल ने बीडीओ के नाम सौंपा आवेदन

**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**

प्रखंड में अभी तक मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित नहीं होने पर प्रखंड झामुमो इकाई का एक प्रतिनिधिमंडल बीडीओ से मिलने पहुंचा। बीडीओ की अनुपस्थिति में प्रखंड नाजिर संजय सक्सेना को बीडीओ के नाम एक आवेदन देकर प्रखंड में अविलंब मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन करने की मांग की।



झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष अभिजीत किशोर ने बताया कि दिसंबर तक आयोजित इस प्रतियोगिता में प्रखंडों की सभी पंचायतों में फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन कर कर चयनित प्रतिभागियों को प्रखंड स्तर पर खेलाते हुए उन्हें जिला स्तर पर भेजना था, लेकिन प्रखंड के पदाधिकारियों की लापरवाही के कारण मुख्यमंत्री फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन नहीं किया जाना घोर लापरवाही को दर्शाता है। इन लोगों की लापरवाही से प्रखंड के बालक एवं बालिका जिला स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने से बंचित हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री फुटबॉल आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता में बालक और बालिकाओं की टीम भाग लेती है। प्रखंड में प्रतिभावान खिलाड़ियों की कमी नहीं है बस जरूरत है उनकी प्रतिभा को निखारने की। प्रतियोगिता का उद्देश्य यही है कि पंचायत स्तर के खिलाड़ी की प्रतिभा को निखार कर उसकी पहचान राष्ट्रीय स्तर पर हो सके। इस प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों का चयन जिला टीम के लिये किया जाता है, लेकिन समय से प्रखंड में खेल का आयोजन नहीं होने से यहां के बच्चे जिला स्तर पर होने वाले खेल से वंचित जाएंगे। खरौंधी प्रखंड की सभी पंचायतों के साथ-साथ प्रखंड स्तर पर जल्द खेल आयोजित नहीं होता है एवं खरौंधी के प्रतिभावान खिलाड़ियों को मौका नहीं मिलता है तो खरौंधी झामुमो इकाई मुख्यमंत्री से शिकायत करते हुए दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई कराई जाएगी। मौके पर झामुमों नेता बिनोद यादव, हिफाजत अंसारी, उपप्रमुख देवदत प्रसाद आर्य, राकेश उरांव आदि उपस्थित थे।

## दो अलग-अलग सड़क हादसों में चार लोग घायल

**गुमला।** जिले के पालकोट थाना क्षेत्र स्थित मरदा स्कूल के समक्ष विपरीत दिशा से आ रही एक अज्ञात बाइक ने दूसरी बाइक में जोरदार टक्कर मारकर बघिमा ग्राम की तरफ भागने में सफल रहा। इस घटना में बघिमा ग्राम निवासी 20 वर्षीय अभय बड़ाइक गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने उसे सदर अस्पताल लाया, जहां से डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे रांची रिम्स रेफर कर दिया। वहीं मामूली रूप से घायल संतोष बड़ाइक ने बताया कि हम दोनों एक बाइक पर सवार होकर मलई ग्राम मेहमानी जा रहे थे। इसी क्रम में उक्त दुर्घटना हो गई। वहीं जिला मुख्यालय जशपुर रोड स्थित बिरसा मुंडा एग्रो पार्क के समक्ष शुक्रवार की देर रात्रि लगभग 10 बजे दो बाइक में सीधी जोरदार टक्कर हो गई। इसमें तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। लोगों ने उन्हें उठाकर सदर अस्पताल पहुंचाया। तीनों व्यक्तियों रामनगर निवासी अमन बड़ाइक, लक्ष्मण नगर निवासी रितेश कुमार और उसका दोस्त बिशनपुर थाना स्थित बनालात कटिया ग्राम निवासी किशन कुमार का प्राथमिक उपचार किया गया और गंभीर रूप से घायल किशन कुमार को रांची रिम्स रेफर कर दिया।

## परती कुशवानी पंचायत के किसानों के बीच गेहूं बीज का किया वितरण




**नवीन मेल संवाददाता। केतार**

प्रखंड कार्यालय में शनिवार को बीटीएम राकेश कुमार ने परती कुशवानी पंचायत के 55 किसानों के बीच सरसों बीज और कीटनाशक दवा का वितरण किया गया। किसानों को नैनो यूरिया, जिप्सम, फास्फोरस और प्रति किसान दो- दो किलो सरसों बीज वितरण किया गया।

किसानों को संबोधित करते हुए बीटीएम ने कहा कि परती कुशवानी और मुकुन्दपुर पंचायत के योग्य किसानों को सरसों बीज वितरण करना है। लेकिन लाभुक चयन में विलंब होने के कारण समय पर सरसों बीज वितरण नहीं हो सका। बीटीएम ने किसानों को खेती करने का बेहतर तरीका और कीटनाशक दवा का छिड़काव के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जल्द ही किसानों के बीच गेहूं बीज का वितरण भी किया जायेगा। मौके पर किसान केशवर गुप्ता, रेणु देवी, श्रवण कुमार, सुनील गुप्ता, गिरजा देवी, मनोहर गुप्ता, अनील उरांव, विजयमल चेरों, छोटेलाल साह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# वार्ड सदस्यों के प्रथम बैच के प्रशिक्षण का समापन



**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

प्रखंड कार्यालय के सभागार में पंचायती राज अधिनियम के तहत पंचायत चुनाव 2022 के संपन्न होने के पश्चात वार्ड सदस्यों के प्रथम बैच का तीन दिवसीय प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण शनिवार को सम्पन्न हो गया।

प्रथम बैच में कुंबाखुर्द, विलासपुर, हलिवंता कला तथा पिपरडीह पंचायत के वार्ड सदस्य शामिल हुये। प्रशिक्षण में सभी वार्ड सदस्यों को पंचायती राज अधिनियम के तहत त्रिस्तरीय ग्राम पंचायत, पंचायत समिति एवं जिला परिषद के गठन एवं उसके कार्य प्रणाली, ग्राम सभा, स्थायी समितियां आदि की जानकारी दी गई। मास्टर ट्रेनर द्वारा बताया गया कि प्रशासन की सबसे छोटी इकाई ग्राम पंचायत होती है। ग्राम पंचायत के अंतर्गत ग्राम सभा में वार्ड सदस्य की भूमिका सबसे बड़ी होती है। सभी वार्ड सदस्यों को ग्राम पंचायत के कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। वार्ड सदस्यों को ग्राम पंचायत विकास योजना निर्माण में भूमिका से संबंधित जानकारी दी गई। संविधान के 73वें संशोधन के तहत त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था का गठन की जानकारी भी दी गई। सभी वार्ड सदस्यों को प्रशिक्षकदिलीप तिवारी तथा दुर्गेश कुमार ने प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में लालमती देवी, रीना देवी, पूर्णिमा देवी, रीता देवी, कुमारी गरिमा, देवंती देवी, प्रमिला देवी, तारा देवी, सुमित्रा देवी, फुलवंती देवी, शीला देवी, राकेश, नीलम देवी, तारा देवी, रंजू देवी, अनीता देवी, सीमा देवी आदि उपस्थित थे।

## चैंबर ऑफ कॉमर्स ने की एसबीआई में ग्राहकों के साथ दुर्व्यवहार की निंदा

**श्री बंशीधर नगर।** श्री बंशीधर नगर चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने एसबीआई नगर ऊंटारी में ग्राहकों के साथ कथित दुर्व्यवहार की निंदा की है। चैंबर के सचिव गोपाल जायसवाल ने इस आशय से संबंधित एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि बैंक कर्मियों द्वारा दुर्व्यवहार से संबंधित शिकायत चैंबर की ओर से पूर्व में भी एसबीआई के उच्चाधिकारियों से की जा चुकी है, जिसके आलोक में एसबीआई के आरएम द्वारा नगर ऊंटारी शाखा में बैंक कर्मियों और चैंबर के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर कर्मियों को ग्राहकों के साथ अच्छा व्यवहार करने की हिदायत दी गयी थी। इसके बावजूद एसबीआई के कर्मियों के व्यवहार में कोई सुधार नहीं हुआ है। विगत दिनों एसबीआई के फील्ड अफसर अजीत कुमार द्वारा एक ग्राहक के साथ अमर्यादित शब्दों का प्रयोग किया गया जो बर्दाश्त के योग्य नहीं है। चैंबर के पदाधिकारियों ने तत्संबंधी शिकायत नगर ऊंटारी शाखा के चीफ मैनेजर और आरएम से की है। चैंबर फील्ड अफसर पर अनुशासनात्मक कार्रवाई नहीं होने पर बैठक कर आगे की कार्रवाई के लिये जरूरी कदम उठाने की घोषणा की है। एसबीआई नगर ऊंटारी के चीफ मैनेजर देवनीश बोदरा ने बताया कि फील्ड अफसर को संयमित और मर्यादित भाषा का प्रयोग करने की हिदायत दी गयी है, उनके व्यवहार से जिनकी भावनाएं आहत हुई हैं, उनसे मैं क्षमा मांगता हूं। भविष्य में ऐसी घटना की पुनरावृत्ति नहीं होगी।

# उत्क्रमित वेतनमान पर आदेश पारित कराने को लेकर वित्त मंत्री से मिला शिक्षक संघ



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

उत्क्रमित वेतनमान पर उच्च न्यायालय रांची के आदेश के बाद शिक्षकों ने राहत की सांस ली है। इसका लाभ शिक्षकों को मिल सके इसके लिए झारखंड प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ ने अपना प्रयास भी शुरू कर दिया है। इसी बावत संघ का एक प्रतिनिधिमंडल वित्त मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव से मिलकर हाईकोर्ट के निर्णय से संबंधित एक ज्ञापन सौंप कर इसे शीघ्र लागू करने की मांग की। विदित हो कि प्राथमिक शिक्षकों को उत्क्रमित वेतनमान देने का संकल्प 2013 में जारी हुआ था, किंतु तत्कालीन वित्त सचिव राजबाला वर्मा 2014 में फिटमेंट टेबल के कुछ बिंदुओं पर समीक्षा के नाम पर रोक लगा दी थी। वर्ष 2019 में इसी फिटमेंट टेबल का लाभ सचिवालय कर्मियों को दे दिया गया,किंतु शिक्षकों पर रोक जारी रही। विवश होकर शिक्षकों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की, जिसपर हाईकोर्ट का निर्णय शिक्षकों के पक्ष में आया है। प्रतिनिधिमंडल को मंत्री ने आश्वास्त किया कि उच्च न्यायालय के आदेश पर शिक्षकों को उत्क्रमित वेतनमान देने की पहल जल्द की जाएगी। प्रतिनिधिमंडल में संघ के प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र सुमन, महासचिव प्रेम प्रसाद राणा एवं सचिव मुमताज अहमद शामिल थे।

**पहल** — सदर अस्पताल में यक्ष्मा विभाग का टीबी चैंपियन प्रशिक्षण संपन्न

# यक्ष्मा उन्मूलन में सबकी भागीदारी जरूरी : डीपीसी

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

सदर अस्पताल परिसर स्थित जिला यक्ष्मा केंद्र के सभागार में यक्ष्मा विभाग द्वारा आयोजित टीबी चैंपियन के तीन दिवसीय प्रशिक्षण शनिवार को संपन्न हुआ। मौके पर प्रशिक्षण में शामिल रहे लोगों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जबकि सभी टीबी चैंपियन ने टीबी मुक्त भारत अभियान के सफल क्रियान्वयन में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का संकल्प लिया।




टीबी चैंपियनों ने कहा कि टीबी का उन्मूलन एक सामाजिक दायित्व है। सभी लोगों की भागीदारी से टीबी का उन्मूलन संभव है। इस प्रशिक्षण में शामिल टीबी चैंपियन के प्रदेश अध्यक्ष उपेंद्र कुमार ने कहा कि सभी सरकारी अस्पतालों में टीबी की जांच की व्यवस्था एवं दवा निश्शुल्क उपलब्ध है। इसकी जानकारी सभी लोगों तक पहुंचाना हमलोगों की जबाबदेही है। हम सब मिलकर टीबी के लक्षण के बारे में लोगों को बताएं तथा उनको सरकारी अस्पतालों तक पहुंचाने का सामूहिक प्रयास करें। बताते चलें कि यक्ष्मा से ठीक हो चुके लोगों को विभाग द्वारा टीबी चैंपियन बनाकर उन्हें टीबी जागरुकता कार्यक्रम में शामिल किया जाता है। प्रशिक्षण के दौरान टीबी चैंपियन को यक्ष्मा के लक्षण के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

मौके पर प्रशिक्षकों ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को टीबी को लेकर जागरुक करें। बुखार एवं खांसी के लगातार रहने पर टीबी का जांच अवश्य कराएं। मौके पर यक्ष्मा विभाग के डीपीसी डा.पुरुषेश्वर मिश्र, जीतेंद्र कुमार, निशांत कुमार सिन्हा, नुरुल्लाह अंसारी आदि उपस्थित थे।

# गुमला ने एक गोल से जीती प्रतियोगिता

## जिला स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

पर्यटन कला खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग अंतर्गत खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय रांची झारखंड के तत्वाधान में परमवीर अल्बर्ट एकका स्टेडियम गुमला में जिला स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता 2023 का शुक्रवार की देर शाम समापन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर परिषद के प्रशासक दिलीप कुमार उपस्थित थे।

दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता में खेल के मैच के पहले दिन बालिका वर्ग में सिसई व कामडारा के बीच खेला गया। मैच में सिसई की बालिका टीम ने तीन शून्य से कामडारा को पराजित किया। वहीं शुक्रवार को गुमला व भरनो बालक वर्ग के बीच मैच खेला गया, जिसमें गुमला की टीम ने भरनो को एक शून्य से पराजित किया। नगर परिषद गुमला के प्रशासक दिलीप कुमार और खेल पदाधिकारी गुमला मनोज कुमार ने विजेता व उपविजेता खिलाड़ियों को शील्ड व मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर नगर परिषद के प्रशासक दिलीप कुमार ने कहा गुमला खेल नगरी के रूप में जाना जाता है। ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों में काफी प्रतिभाएं छुपी हुई है जो खेल के माध्यम से सामने आता है। वहीं इस क्षेत्र के कई खिलाड़ी आज राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गुमला का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा धैर्य मेहनत लगन के साथ खेल के प्रति अपनी जुनून को प्रदर्शित करें मंजिल आपके कदम जरूर चूमेगी। इस अवसर पर खेल पदाधिकारी मनोज कुमार ने कहा गुमला जैसे छोटे जिला में ग्रामीण क्षेत्रों में कई ऐसे खिलाड़ी हैं जो खेल के प्रति समर्पित हैं। हम वैसे खिलाड़ियों को मंच प्रदान करते हैं जिससे वह अपनी प्रतिभा को सामने लाते हैं। उन्होंने बताया गुमला में वैसे खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देकर उनको तैयार किया जाता है बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को देश-विदेश में खेलने का मौका मिलता है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में महिला प्रशिक्षक वीणा केरकेट्टा, बिबयानी कोंगाड़ी, कोच रिजवान अली, सतीश मिंज, आलोक, सुबीर, अनीता बेक, पीटर, संदीप, रेशमा बानो, रायमुनि, निर्मला, रेफरी की भूमिका में डिप्टी चेयरमैन रेफरी झारखंड रेफरी बोर्ड के साजिद सहित कई लोगों की भूमिका सराहनीय रही।

## गागर में सागर

### बस पड़ाव में शौचालय का उद्घाटन



**बालूमाथ।** जिला परिषद उपाध्यक्ष अनीता देवी ने शनिवार को जिला परिषद द्वारा संचालित यात्री बस पड़ाव में शौचालय का उद्घाटन किया। जिप उपाध्यक्ष ने बताया कि बालूमाथ में जहां सार्वजनिक शौचालय की व्यवस्था नहीं है, वहीं बस स्टैंड में शौचालय की खराब स्थिति को सुधारने के लिए उसके द्वारा शुरू से ही प्रयास किया जाता रहा है। बस स्टैंड में शौचालय निर्माण, नाली निर्माण और शोकपिट का निर्माण हो चुका है। उन्होंने यह भी बताया कि आगे अतिरिक्त दुकानों का निर्माण, चबूतरा निर्माण और रात्रि में प्रकाश की व्यवस्था जल्द ही की जाएगी।

### 'पुलिस प्रशासन को चालान काटने का अधिकार, लेकिन दुर्व्यवहार का नहीं'

**चंदवा।** सांसद प्रतिनिधि सह भाजपा नेता महेंद्र प्रसाद साहू ने हाल के दिनों में हो रही वाहन चेकिंग के नाम पर पुलिसिया व्यवहार पर तीखी प्रतिक्रिया जाहिर की है। साहू ने कहा कि पुलिस को वाहन जांचने और फाइन काटने का अधिकार है, लेकिन किसी के साथ दुर्व्यवहार करने का नहीं। आये दिन पुलिसिया अत्याचार देखने को मिल रहा है। मामला चाहे चंदवा का हो या फिर बालूमाथ का। बालूमाथ में आम जनता को बीच सड़क पीटा गया। कहा कि अबुआ राज में बाबुओं का राज हो गया है। प्रशासन को सिर्फ एक पहलू नहीं देखना चाहिए, आम लोगों की परेशानी को भी समझना चाहिए। महेंद्र साहू ने कहा कि पुलिसिया दुर्व्यवहार की शिकायत सांसद से करते हुए इसमें सुधार करने की मांग की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान में पुलिस का जो व्यवहार है वह भविष्य में आम जनता के बीच संबंध में खटास पैदा करेगा।

### प्रदूषण निजात समिति का पुनर्गठन

**टंडवा।** टंडवा प्रखंड क्षेत्र में नावाडीह ऊर्फ तेलियाडीह पंचायत भवन में शनिवार को प्रदूषण निजात समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमे टंडवा-सिमरिया मुख्य सड़क में व्याप्त धूलकणों से आम-अवाम को आवागमन में होने वाली असुविधाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान सर्वसम्मति से प्रदूषण निजात समिति के प्रखंड समिति का पुनर्गठन करते हुए अध्यक्ष रवींद्र कुमार सिंह, उपाध्यक्ष गणेश गुप्ता, महावीर प्रसाद साहु व प्रयाग राम, महासचिव सुबेश राम, सचिव सरोज गुप्ता, प्रवक्ता भुनेश्वर गुप्ता, कोषाध्यक्ष अर्जुन दास समेत कार्यकारिणी समिति में 11 लोगों का चुनाव किया गया। मौके पर मंगलदेव सिंह, सकुंतला देवी, वीणा देवी, रुक्मिणी, सुनीता, जितेन्द्र सिंह, हेमराज साहु, छोटन पासवान, राम किशोर यादव, कृष्णा कुमार आदि मौजूद थे।

### मेरा बूथ सबसे मजबूत विषय पर चर्चा

**कुंदा।** कुंदा मंडल भाजपा युवा मोर्चा के द्वारा कार्यसमिति एवं सशक्तिकरण अभियान को लेकर एक बैठक प्रखंड मुख्यालय स्थित अंबेडकर चौक के समीप महावीर मंदिर परिसर में की गई, जिसकी अध्यक्षता मंडल संयोजक घनश्याम यादव ने की। मंडल प्रभारी सह जिला मंत्री पवन सिंह एवं भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि जितेन्द्र कुमार यादव उपस्थित हुए। बैठक में मंडल सशक्तिकरण एवं मेरा बूथ सबसे मजबूत विषय पर चर्चा हुई। बैठक में महेंद्र ठाकुर, अजय यादव, रविन्द्र भारती, धर्मेंद्र कुमार समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### विकसित भारत संकल्प अभियान शुरू

**चतरा।** मयूरहंड प्रखंड क्षेत्र के हुसिया पंचायत सचिवालय से शनिवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान की शुरुआत की गई। सांसद सुनील कुमार सिंह, समाजसेवी संजय कुमार सिंह ने इसका उद्घाटन किया। मौके पर चतरा अनुमंडल पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी साकेत कुमार सिन्हा, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी राजीव रंजन सिंह, मुखिया उर्मिला देवी, सांसद प्रतिनिधि पिंटू सिंह, निर्भय ठाकुर, युवा जिलाध्यक्ष अभिषेक केशरी, पूर्व जिप सदस्य बब्लू सिंह उर्फ राजेश कुमार सिंह, आनंद कुमार सिंह, प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी चंदन कुमार, जीपीएस सतीश मिश्रा आदि मौजूद थे।

### विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

**सिमरिया/कुंदा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित अनुसूचित जाति बालिका उच्च विद्यालय में चित्रांकन, निबंध एवं वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के संचालन में विधिक कार्यकर्ता सुबोध कुमार शर्मा, उमेश प्रसाद, रंजन कुमार मिश्रा, नोडल शिक्षक रामप्रवेश केवट आदि का अहम योगदान रहा। चित्रांकन में कक्षा 10 की खुशबू कुमारी, ग्रुप डिस्कशन में कक्षा 10 की राखी कुमारी एवं निबंध प्रतियोगिता में पूजा कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रखंड में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को जिला में आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेने का मौका मिलेगा। वहीं कुंदा में पीएलवी संजय चौधरी के नेतृत्व में कस्तूरबा विद्यालय के छात्राओं के बीच वाद-विवाद, निबंध लेखन व पर्यावरण आधारित पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वाद-विवाद प्रतियोगिता में बारहवीं कक्षा की कविता कुमारी, संवाद लेखन में खुशबू कुमारी व चित्रकला पेंटिंग प्रतियोगिता में 10 वीं कक्षा की संगीता कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मौके पर वार्डेन इंदु भारती, नूतन मरियम कच्छप, शिक्षक अनिल कुमार, पवन कुमार समेत विद्यालय की छात्राएं उपस्थित थी।

### छापामारी में 4 मोबाइल फोन, 2 पासबुक, 2 चेक बुक बरामद

# लोन दिलाने के नाम पर करता था ठगी, गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**

बरवाडीह पुलिस ने लोन दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले बिहार के एक साइबर अपराधी को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल किया है। इस संबंध में बरवाडीह थाना परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता में एसडीपीओ दिलु लोहार ने बताया कि लातेहार पुलिस कप्तान अंजनी अंजन को गुप्त सूचना मिली कि कुछ साइबर अपराधी बरवाडीह में रहकर साइबर क्राइम कर रहे हैं। इनके विरुद्ध एनसीसीआरपी पोर्टल 1930 पर शिकायत दर्ज हुई है कि तमिलनाडु के एक व्यक्ति से धानी एप से लोन दिलाने के नाम पर ठगी हुई है। इसके बाद पुलिस कप्तान के निर्देश पर बरवाडीह एसडीपीओ दिलु लोहार के नेतृत्व में एक टीम का गठन कर साइबर अपराधियों के विरुद्ध छापामारी अभियान चला गया, जिसमें बरवाडीह रेलवे क्वार्टर नंबर 157/ सी में रेल कर्मचारी विवेक कुमार के घर विधिवत छापामारी की गई।

छापामारी के क्रम में रेल कर्मी विवेक कुमार ने बताया कि उसके बेटे का जन्मदिन मनाने हेतु उसका भाई ऋषिकेश कुमार पंकज (31), पिता स्व. सुखदेव राम, ग्राम लठोत, छटियारा



थाना करडे शेखपुरा (बिहार) आआ हुआ है। इसके बाद पुलिस ने ऋषिकेश कुमार पंकज से पूछताछ शुरू की। पंकज ने स्वीकार किया कि यह साइबर क्राइम उसके द्वारा किया गया है। इसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने बताया कि वह साइबर ठगी गिरोह से जुड़ा हुआ है। इस ग्रुप का मुख्य काम फेसबुक पर धानी एप के माध्यम से लोन देने के लिए ऐड देना था और जो उस ऐड को देखकर लिंक पर क्लिक करता था उसको ये लोग अपना शिकार बनाते थे। प्रोसेसिंग फीस, इंश्योरेंस चार्ज, लेट फाइन इत्यादि बहाना बनाकर पैसा डलवाते थे और इस तरह लोगों को साइबर ठगी का शिकार बनाते थे। एसडीपीओ ने बताया कि अब तक चार लाख से अधिक रुपये की ठगी आरोपी द्वारा की गई है। वह बीते 6 माह से इस ग्रुप से जुड़कर लोगों को ठगी का शिकार बना रहा था। छापामारी में चार मोबाइल फोन, दो पासबुक, दो चेक बुक, दो डेबिट कार्ड एवं फर्जी लोन का अप्रूवल लेटर बरामद हुआ है। इस छापामारी अभियान में एसडीपीओ दिलु लोहार, थाना प्रभारी अभिषेक कुमार, पुअनि रवि कुमार रवि कुमार सुमित बरवाडीह पुलिस के कई जवान शामिल थे।

## उर्जा मित्रों को आठ माह से नहीं मिल रहा मानदेय

**लातेहार।** लातेहार विद्युत प्रमंडल के शहरी क्षेत्र के उर्जा मित्रों को पिछले आठ माह से मानदेय नहीं मिल रहा है, जिसकी वजह से उर्जा मित्रों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। एक तो अल्प मानदेय (कमीशन) पर उर्जा मित्र काम रहे हैं, ऊपर से उनको आठ माह से मानदेय नहीं मिला है।

जानकारी के अनुसार, कार्यकारी एजेंसी साई कंप्यूटर (मेदिनीगर) को प्रति माह प्रमंडल से विपत्र का भुगतान किया जाता है, लेकिन एजेंसी उर्जा मित्रों को भुगतान नहीं कर रही है। कई उर्जा मित्रों ने बताया कि मानदेय का भुगतान नहीं होने के कारण घर चलाना मुश्किल हो गया है। बच्चों की पढ़ाई आदि बाधित हो रही है। उर्जा मित्रों ने विद्युत कार्यपालक अभियंता मो शमसाद आलम से मानदेय भुगतान कराने की दिशा में पहल करने का आग्रह किया है। इस संबंध में विद्युत कार्यपालक अभियंता मो शमशाद आलम से पूछे जाने पर कहा कि साई कंप्यूटर एजेंसी उर्जा मित्रों को भुगतान करती है। उन्होंने बताया कि एजेंसी द्वारा प्रमंडलीय कार्यलय में उर्जा मित्रों के मानदेय के भुगतान करने के लिए विपत्र भेजा जाता है। कार्यालय से उसे पारित कर अग्रसारित कर दिया जाता है। प्रमंडल स्तर पर एक भी विपत्र लंबित नहीं है।

# माल्हन पंचायत में नहीं थम रहा है हाथियों का आतंक

### केकराही में हाथियों ने ली दो सुअरों की जान



**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**

प्रखंड की माल्हन पंचायत में जंगली हाथियों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। रह रह कर जंगली हाथी ग्रामीणों को भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं। माल्हन के केकराही में शुक्रवार की मध्य रात्रि को जंगली हथियों ने जमकर उत्पात मचाया और राजेश गंझू व झमनी देवी के दो सुअरो को कुचल कर मार डाला। इसके अलावा भंडारण के लिए खलिहान में रखे धान को खाकर चट कर गए।

भुक्तभोगी किसान जन्मधारी गंझू, अनिल गंझू, कारी गंझू, सुकु गंझू ने घटना की जानकारी मुखिया जतरु कुमार मुंडा को दी। मुंडा ने घटना स्थल पहुंचकर नुकसान का जायजा लिया और किसानों को आश्वस्त किया कि वन विभाग से मिलकर हर हाल में किसानों को उचित मुआवजा दिलाया जाएगा। मुखिया ने कहा कि बार-बार माल्हन पंचायत क्षेत्र में जंगली हाथियों का आना और उत्पात मचाना वन विभाग की लापरवाही का नतीजा है। कभी जंगली हाथियों द्वारा घरों को क्षतिग्रस्त किया जाता है तो कभी फसलों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। इसके बाद भी वन विभाग कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा है जिसके कारण ग्रामीणों के बीच वन विभाग के प्रति आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

मौके पर मसोमत मुनिया देवी, झमानी देवी, बरती देवी, सरिता देवी, इमली देवी संजय गंझू, विजय गंझू, दिलीप गंझू, सर्वन गंझू, भीम गंझू, माकू गंझू, हरिबंश गंझू, जनमधारी गंझू आदि मौजूद थे।

# अनीता देवी को बनाया गया कांग्रेस महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष

**नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर**

पत्थलगड्डा प्रखंड के पूर्व जिप सदस्य अनीता देवी को कांग्रेस महिला प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष बनाया गया है। इनका मनोनयन झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गुंजन सिंह ने किया है। अनीता देवी को महिला प्रकोष्ठ के कांग्रेस जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे, महिला प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष नेटा डिसूजा, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के प्रति कार्यकताओं ने आभार प्रकट करते हुए श्रीमती देवी के अध्यक्ष बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है। बधाई देने वालों में सिमरिया के पूर्व विधायक योगेंद्र नाथ बैठा,



जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार दुबे, कांग्रेस के जिला महासचिव सत्येंद्र कुमार दांगी, प्रखंड अध्यक्ष महावीर दांगी, दांगी कुशवाहा समाज के जिला उपाध्यक्ष अशोक कुमार वर्मा, बंसी दागी, सकुर अंसारी, नगीना यादव, अबुल कलाम, जय प्रकाश दांगी व रामकृष्ण साहू आदि शामिल हैं।

# मगध परियोजना में खान सुरक्षा सप्ताह शुरू

**नवीन मेल संवाददाता। टंडवा**

थाना क्षेत्र अंतर्गत मगध संघमित्रा कोल परियोजना में शुक्रवार को 66वां वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह 2023 का आयोजन रांची, कोडरमा एवं चाईबासा क्षेत्र के महानिदेशक के तत्वावधान में किया गया। परियोजना पदाधिकरी एस. सत्यनारायणा द्वारा परियोजना कार्यालय परिसर में सुरक्षा ध्वज फहराकर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। खनन गतिविधियों के सभी क्षेत्रों में सुरक्षा संस्कृति का पालन करने के लिए सेफ्टी ऑफिसर एसएन प्रसाद द्वारा सभी को सुरक्षा शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर परियोजना पदाधिकरी ने कहा कि उत्सव का मूल उद्देश्य खदान श्रमिकों के साथ अधिकारियों के बीच सुरक्षा की संस्कृति को बढ़ावा देना तथा विभिन्न स्तरों पर सुरक्षा जागरूकता को बढ़ावा देना और बिना दुघर्टना सुरक्षित उत्पादन करना है। खान प्रबंधक मोहम्मद अकरम ने कहा कि सुरक्षा हमारे सभी खनन कार्यों का



एक अभिन्न अंग होना चाहिए और इसे हमारी कार्य संस्कृति में व्यवस्थित दृष्टिकोण को शामिल करना होगा। प्रसाद ने बताया कि कार्यक्रम 15 दिसंबरसे 24 दिसंबर तक चलेगा। प्रत्येक दिन परियोजना में विभिन्न प्रकार की सुरक्षा से संबन्धित कार्यक्रम आयोजित की जाएगी। इस दौरान विभिन्न परियोजनाओं का निरीक्षण करने दूसरे क्षेत्र की टीम हमारे क्षेत्र आएंगे तथा हमारे क्षेत्र की टीम दूसरे क्षेत्र में जाएगी। मौके पर परियोजना पदाधिकारी, खान प्रबंधक, सेफ्टी ऑफिसर सहित परियोजना के वरिष्ठ अधिकारी, सभी विभागाध्यक्ष, ट्रेड यूनियन प्रतिनिधि, परियोजना के विभिन्न विभागों के कर्मचारी उपस्थित थे।

### बालूमाथ : वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ

**बालूमाथ।** मगध-संघमित्रा की मगध परियोजना में शुक्रवार को 66वां वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह 2023 शुरू हुआ। परियोजना पदाधिकरी एस. सत्यनारायणा द्वारा परियोजना कार्यालय परिसर में सुरक्षा ध्वज फहराकर कार्यक्रम की शरुआत की गई। खनन गतिविधियों के क्षेत्रों में सुरक्षा संस्कृति का पालन करने के लिए सेफ्टी ऑफिसर एस.एन. प्रसाद द्वारा सुरक्षा शपथ दिलाई गई। खान प्रबंधक मोहम्मद अकरम ने कहा कि सुरक्षा जीवन का मूल मंत्र है। प्रसाद ने बताया कि उक्त कार्यक्रम 15 दिसंबर से 24 दिसंबर तक चलेगा। मौके पर परियोजना पदाधिकारी, खान प्रबंधक, सेफ्टी ऑफिसर सहित परियोजना के वरिष्ठ अधिकारी, विभागाध्यक्ष, ट्रेड यूनियन प्रतिनिधि, परियोजना के विभिन्न विभागों के कर्मचारी उपस्थित थे।

# छह लाभुकों के बीच जॉब कार्ड का वितरण

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

सदर प्रखंड के आरागुंडी पंचायत के समीप पंचायत भवन में शनिवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला परिषद सदस्य बिनोद उरांव, प्रमुख परशुराम लोहार, अंचल अधिकारी देवाशीष टोप्पो, प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज तिवारी मौजूद थे। इस दौरान विभिन्न योजनाओं को लेकरआवेदन प्राप्त हुए। विभिन्न आवेदनों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। 6 लाभुकों के बीच जॉब कार्ड, 3 लाभुकों के बीच सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ, 4 छात्र-छात्राओं के बीच स्कूल यूनिफॉर्म, 4 छात्र-छात्राओं को साइकिल के लिए स्वीकृति पत्र, 10 जरूरतमंदों को कंबल दिया गया। बिरसा सिंचाई सर्वधान कूप निर्माण हेतु पांच व्यक्तियों का चयन किया गया। 5 व्यक्तियों के बीच पौधों का वितरण किया गया। पांच लोगों के बीच धोती साड़ी का वितरण किया गया।




### डुमारो में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

**चंदवा।** प्रखंड के डुमारो पंचायत में शनिवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सह झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सुरेश गंझू, बीपीओ रतन कुमारी शाहदेव, मुखिया सुनीता देवी व झामुमो प्रखंड सचिव मो इजहार ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान झारखंड सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत लाभुकों को लाभान्वित किया गया। विभिन्न योजनाओं को लेकर आवेदन प्राप्त हुए। कई आवेदनों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारी व जनप्रतिनिधियों द्वारा संयुक्त रुप से लाभुकों के बीच बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना के तहत स्वीकृति पत्र, सर्वजन पेंशन योजना, जॉब कार्ड, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, छात्राओं के बीच साइकिल के लिए स्वीकृति पत्र, धोती-साड़ी, जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया।

## बाइक दुर्घटनाग्रस्त युवक की घटना स्थल पर हुई मौत

**गिद्धौर** ।थाना क्षेत्र अंतर्गत आमीन गांव के विनोद यादव के घर के समीप शुक्रवार देर शाम एक बाइक चालक हाईवा से टकरा गया, जिससे सदर थाना क्षेत्र के डमडोइया गांव निवासी चंद्रिका यादव के पुत्र मनु कुमार यादव (25) की मौत मौके पर हो गई। बताया जाता है कि युवक अपने रिश्तेदार के घर इटखोरी से डमडोइया अपने घर लौट रहा था। इसी क्रम में चतरा की ओर से आ रहे हाइेवा वाहन के तेज रोशनी के कारण बाइक अनियंत्रित होकर उससे टकरा गई, जिससे युवक की मौत घटनास्थल पर ही हो गया। घटनास्थल पर पुलिस अवर निरीक्षक अशोक कुमार पांडेय पहुंच कर मामले की पूरी जानकारी लेते हुए शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। रात के अंधेरा का लाभ उठा कर हाईवा लेकर चालक भागने में कामयाब रहा।

# साढ़े 12 लाख रुपये में हुआ लावालौंग पशु मेले का डाक



**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

लावालौंग प्रखंड क्षेत्र में लगने वाला ऐतेहासिक पशु मेले का डाक शनिवार को संपन्न हो गया। इसमें सबसे ऊंची बोली लगाकर कोलकोले निवासी अनिल कुमार साव ने अपने नाम से बंदोबस्त कराया। ज्ञात हो कि लावालौंग पशु मेला का इतिहास सैकड़ों वर्ष पुराना है। यह मेला हर वर्ष दिसंबर के महीने में अगहन पूर्णिमा पर लगता है। लेकिन यह मेला पूर्णिमा से 10 दिन पहले से लेकर मकर संक्रांति तक रहता है, जिसमें में छोटे-बड़े सभी तरह के पशुओं की खरीद बिक्री भारी मात्रा में की जाती है। किसी जमाने में इस मेले को बिहार के सोनपुर मेले के बाद अखंड बिहार का दूसरा सबसे बड़ा मेला कहा जाता था। उस समय यह मेल लगभग 100 एकड़ क्षेत्र में लगता था, जो अब महज 15 से 20 एकड़ भूमि पर ही सिमट कर रह गया है। शनिवार को सैरात डाक में मेले के इतिहास की सबसे बड़ी बोली लगाई गई। मेले का डाक तीन लाख चौबीस हजार रुपये से शुरू हुआ। बारह लाख छप्पन हजार रुपये की बोली लगाकर अनिल कुमार साव ने मेले की बंदोबस्ती अपने नाम की। मौके पर अंचल के कर्मियों के अलावा भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### आयोजन | सेंट जेवियर कॉलेज में 'क्षितिज को पाटना' विषय पर अंतराष्ट्रीय सेमिनार

# 'शिक्षा के माध्यम से ही होगा देश का विकास'

**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़**

सेंट जेवियर कॉलेज में 'क्षितिज को पाटना' विषय पर अंतराष्ट्रीय सेमिनार आयोजन किया गया, जिसमे सेंट जेवियर कॉलेज, मेलबर्न, ऑस्ट्रेलिया के मिस्टर लुइस, मिस सिल्विया और विधार्थी उपस्थित थे।

छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि शिक्षा के माध्यम से ही देश का विकास होगा। मिस्टर माइकल ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में जो निरंतर बदलाव हो रहे हैं उससे अन्तर्राष्ट्रीय शिक्षा सम्मेलनों द्वारा नई शिक्षा तकनीकी के माध्यम से एक दूसरे को आदान प्रदान किया जा सकता है। साथ ही उन्होंने यह कहा कि मेलबर्न के विद्यार्थी सात समुद्र पार करके यहां कि महुआडांड़ के सेंट जेवियर महाविद्यालय में आए और इसी तरह आपके




देश के विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण करने के लिए दूसरे देश जा सकते हैं। शिक्षा में वह शक्ति है जो समाज को परिवर्तन की दिशा में अग्रसर करती है और उसका नवनिर्माण करती है। प्राचार्य ने कहा कि हमारे लिए यह सौभाग्य की बात है कि हमारे बीच में ऑस्ट्रेलिया के दो विद्वान उपस्थित हैं, जिनके ज्ञान से हमारे विद्यार्थियों को नई जानकारियां मिलेंगी। सेंट जेवियर कॉलेज मेलबर्न ऑस्ट्रेलिया की मिस सिल्विया ने कहा कि मूल्यों एवं संस्कृति को शिक्षा के साथ बढ़ाते हुए लोगों को अच्छा जीवन प्रदान किया जा सकता है। प्राचार्य फादर डॉक्टर एम के जोश ने कहा कि शिक्षा को विश्व के कोने-कोने तक पहुंचाने में यह महाविद्यालय हमेशा तत्पर रहता है और महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के सर्वागिण विकास के लिए हमेशा प्रयत्नशील रहेंगे। कार्यक्रम में असिस्टेंट प्रोफेसर शेफाली प्रकाश ने जलवायु परिवर्तन और इसके प्रभाव भारत के संदर्भ में विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया। महाविद्यालय के विद्यार्थी गीलबर्ट ने वर्किंग ऑफ टेस्ला कॉइल और आशिका मिन्ज ने महिलाओं के विभिन्न राजनीतिक स्तरों पर निर्णय संबंधी शोध पत्र प्रस्तुत किए। शोध पत्र प्रस्तुत करने वाले प्रोफेसर एवं विधार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। असिस्टेंट प्रोफेसर जोली ने धन्यवाद ग्यापन प्रस्तुत किया।

# ओपन झारखंड कराटे प्रतियोगिता में पदक विजेता खिलाड़ियों को किया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**

कराटे खिलाड़ियों ने कई मेडल प्राप्त कर लातेहार जिला का नाम रोशन किया है। स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन आफ झारखंड की ओर से रांची के टाना भगत इंदौर स्टेडियम झारखंड ओपन कराटे चैंपियनशिप में लातेहार जिला के खिलाड़ियों ने उम्दा प्रदर्शन किया है। ओपन कराटे चैंपियनशिप प्रतियोगिता में बरवाडीह प्रखंड समेत लातेहार जिले के दो दर्जन से अधिक प्रतिभागियों ने तीन स्वर्ण, एक रजत व सात कांस्य पदक हासिल किये। स्वर्ण पदक जीतने वालों में भूपेंद्र सिंह, ईथेन आशय टोप्पो, जिगर कुमार शामिल हैं। कृष कुमार ने रजत पदक जीता है। कांस्य पदक विजेताओं में सुमन किस्पोट्टा, रंजन



सिंह, गौतम सिंह, अरूल मिन्ज, रमनदीप टोप्पो, अनुराग केरकेट्टा, मयंक राज हैं। शनिवार को प्रखंड के संत क्लारेट पब्लिक स्कूल परिसर में आयोजित कार्यक्रम सफल प्रतिभागियों एवं कोच को सम्मानित किया गया। मौके पर प्रधानाचार्य फादर जोर्ज ने कहा कि खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने की जरूरत है। इसके साथ ही सेन्सेई संगीता टोपनो, जज व रेफरी के लिए सेन्सेई मदन लाल, जिला कराटे डु एसोसिएशन के सचिव जंग बहादुर सिंह, जैकी चौरसिया को 10 प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापिका सुनिता खालको ने सम्मानित किया।

## गागर में सागर

### जिला अधिवक्ता संघ के 11 वरिष्ठ अधिवक्ता किये गये सम्मानित



**लोहरदगा।** जिला बार एसोसिएशन के कार्यालय परिसर में शनिवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। 48 वर्षों से अधिक समय से विधिक कार्य से जुड़े 11 अधिवक्ताओं को सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले अधिवक्ताओं में कृपा शंकर पाण्डेय, मुनिन्द्र प्रसाद, पाण्डेय राजेन्द्र नाथ रॉय, मोती लाल अग्रवाल, मनोज प्रसाद, बक्सी ब्रज किशोर प्रसाद, प्रेमचन्द्र अग्रवाल, मुरारी लाल अग्रवाल, ब्रज किशोर साहु (नोटरी), फताउर रहमान, विनोद कुमार आदि शामिल हैं। इनमें कुछ अधिवक्ता जिला अधिवक्ता संघ के संस्थापक सदस्य रहे हैं। वहीं कुछ अधिवक्ता अध्यक्ष पद पर रहे हैं। मौके पर पीडीजे राजेन्द्र बहादुर पाल सहित तमाम न्यायिक पदाधिकारीगण विशेष रूप से मौजूद रहे।

### इंटर कॉलेज क्रिकेट टूर्नामेंट 19 से

**लोहरदगा।** रांची विश्वविद्यालय अंतर कॉलेज क्रिकेट टूर्नामेंट पुरुष का आयोजन पहली बार बलदेव साहू महाविद्यालय को मिला है। इसके आयोजन के लिए विभिन्न स्तरों पर कमेटियां गठित की गई हैं। जिला प्रशासन से भी इस संबंध में सहयोग लिया जा रहा है। प्रतियोगिता का उद्घाटन 19 दिसंबर को होगा, जिसमें रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा मुख्य अतिथि होंगे। इसमें लगभग 12 टीमों के भाग लेने की संभावना है। 23 दिसंबर को इसका समापन होगा।

### आयुक्त ने किया पुस्तकालय का भ्रमण

**गुमला।** गुमला जिले में दक्षिणी छोटनागपुर प्रमंडल के प्रभारी आयुक्त दशरथ चंद्र दास का आगमन हुआ। इस क्रम में प्रभारी आयुक्त ने जिला प्रशासन की पहल से संचालित पुस्तकालय क्रांति के विषय में जानकारी ली। उन्होंने देर शाम कोर्ट परिसर में बने नव निर्मित बिरसा मुंडा पुस्तकालय एवं सावित्री बाई फुले किशोरी पुस्तकालय का दौरा किया। दोनों ही हाईटेक पुस्तकालय का भ्रमण कर आयुक्त ने हर्ष प्रकट किया। उन्होंने पुस्तकालयों की व्यवस्थाओं को देखा एवं पुस्तकालय अंतर्गत सभी कमरों एवं उपलब्ध पुस्तकों को भी देखा। उन्होंने पुस्तकालय में पढ़ रहे छात्रों से मुलाकात की एवं उन्हें जीवन में सफलता हासिल करने के संबंध में उचित मार्गदर्शन भी दिया। उन्होंने कहा कि जिले का यह मॉडल पुस्तकालय प्रशासन की सराहनीय पहल है। हाईटेक व्यवस्थाओं से परिपूर्ण इस पुस्तकालय को देख कर आयुक्त ने हर्ष प्रकट किया। इस दौरान अपर समाहर्ता, जिला परिवहन पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे।

### ट्रांसफार्मर लगने से ग्रामीणो में हर्ष

**सेन्हा।** प्रखंड क्षेत्र के चितरी डांडू पंचायत अन्तर्गत चितरी मोड़ के समीप एक वर्ष से खराब पड़ा ट्रांसफार्मर को बदलकर नया ट्रांसफार्मर लगाया गया। आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में बीस सूत्री उपाध्यक्ष सह जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष राजकिशोर राम द्वारा चितरी मोड़ के समीप जले हुए ट्रांसफार्मर से आवेदन के माध्यम से बिजली विभाग के एसडीओ को अवगत कराया गया था। इस पर संज्ञान लेते हुए नया ट्रांसफार्मर लगाया। वहीं करीब एक वर्ष से अंधेरा में रहने के पश्चात ट्रांसफार्मर लगने से ग्रामीणो में हर्ष है। वार्ड सदस्य विकास साहू ने कहा कि ट्रांसफार्मर लग जाने के कारण ग्रामीणों को सुविधा होगी। मौके पर सकलदीप सिंह, सुरेश सिंह, विजय साहु, सोहैल अंसारी, कैलाश सिंह आदि उपस्थित थे।

### कुएं में डूबने से वृद्ध व्यक्ति की मौत

**गुमला।** गुमला सदर थाना स्थित भरदा चमरा टोली के कुएं में डूबने से 60 वर्षीय वृद्ध व्यक्ति लक्ष्मण उरांव की मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शनिवार को शव परिजनों को सौंप दिया। मृतक के पुत्र चरवा उरांव ने बताया कि मेरे पिता लक्ष्मण उरांव की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी , बुधवार के रात्रि लगभग 3 बजे वह अपने घर से बाहर निकले थे, फिर वह एकाएक गायब हो गये। शुक्रवार को तीन बजे गांव की महिलाएं कुएं में पानी भरने पहुंची तो देखा कि उक्त कुएं में एक शव उतराता रहा है। इसकी सूचना आग की तरह फैल गई।

### सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित

**गुमला।** आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शनिवार को जिले की विभिन्न पंचायतों में शिविर का आयोजन किया गया। घाघरा प्रखंड के शिवराजपुर पंचायत, सिसई के छारदा पंचायत, बसिया तेतरा, गुमला कुम्हारिया, भरनो के मारासिल्ली पंचायत, रायडीह जरजट्टा, नगर परिषद, गुमला वार्ड 17 में लगाए गए शिविर लाभुकों के बीच गर्म पोशाक, कंबल, पेंशन स्वीकृति पत्र, ऋण, बीज आदि का वितरण किया गया। जेएसएलपीएस के समूह के बीच ऋण वितरण भी किया गया। 18 दिसंबर को घाघरा प्रखंड की चपका पंचायत, सिसई प्रखंड की नगर पंचायत, गुमला की अम्बोआ पंचायत, जारी की मेराल पंचायत, डुमरी पंचायत एवं नगर परिषद वार्ड 18 में शिविर आयोजित किए जाएंगे।

# असामाजिक तत्वों ने खलिहान में लगाई आग, लाखों का धान राख

**नवीन मेल संवाददाता। कुडू**

प्रखंड की सुंदरू पंचायत के ओपा गांव स्थित खलिहान में शनिवार की शाम असामाजिक तत्वों ने खलिहान में आग लगा दी, जिससे किसान लाल निरोज नाथ शाहदेव और विजय ठाकुर का धान जलकर राख हो गया।

मिली जानकारी के अनुसार शनिवार की शाम करीब 3: 30 बज कुछ लोगों ने खलिहान से आग की लपटें उठती देख शोर मचाया। हल्ला सुन गांव के लोग खलिहान की ओर दौड़े और मोटर पंप चालू कर बड़ी मशक्कत के बाद आग बुझाने में सफल हुए लेकिन तब तक दोनों खलिहान में रखा गया धान जल चुका था। पीड़ित किसान निरोज शाहदेव ने बताया कि सिर्फ उनका करीब तीन लाख का नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि आग किसने और किस वजह से लगाई है हमें इसकी जानकारी नहीं है। इसकी सूचना कुडू अंचलाधिकारी को दी है। इस वर्ष अच्छी बारिश नहीं होने के कारण कुछ किसानों ने किसी प्रकार धान की खेती की थी। इस घटना से दोनों किसानों के परिवारों के समक्ष आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। पीड़ित किसानों ने प्रशासन से मुआवजे की गुहार लगाई है। सीओ प्रवीण सिंह ने बताया कि खलिहान में आग लगने से धान जलने की सूचना मिली है। राजस्व कर्मचारी को रिपोर्ट के लिए ओपा गांव जाने का निर्देश दिया गया है। रिपोर्ट मिलते ही मुआवजे के लिए जिला स्तरीय अधिकारी के पास अनुशंसा की जाएगी।



## किराना दुकान में आग लगने से दुकानदार को हजारों का नुकसान

**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**

भंडरा थाना क्षेत्र के उदरंगी गांव निवासी अमान अंसारी पिता सलामत अंसारी की किराना दुकान में आग लग जाने से दुकान एवं दुकान में रखा सभी सामान जलकर राख हो गया। घटना शुक्रवार देर रात की बताई जा रही है।

स्थानीय लोगों के अनुसार आग शॉर्ट सर्किट से लगने की संभावना बताई जा रही हैद्ध अमान अंसारी का घर दुकान घर से अलग जगह पर स्थित है। शाम में वह अपना दुकान बंद कर घर चला गया था। देर रात दुकान में आग लग गई, जिसके कारण दुकान एवं दुकान में रखा सभी सामान जलकर राख हो गया। अमान अंसारी ने बताया कि दुकान में लगभग डेढ़ लाख की संपत्ति का नुकसान हुआ है। दुकान जलने के बाद अमानत अंसारी पूरी तरह बेरोजगार हो गया है। उसके जीवनयापन का साधन आग में जल गया। अमानत अंसारी ने पंचायत के मुखिया परमेश्वर महली को घटना की सूचना देते हुए प्रशासन से मुआवजा दिलाने की मांग की है। मुखिया परमेश्वर महली ने बताया कि आग से प्रभावित परिवार को यथासंभव मदद करने की कोशिश की जा रही है। प्रशासन से मुआवजा दिलाने का प्रयास किया जा रहा है।



## बनारी के झाऊ ढलान रोड किनारे से दर्जनभर सखुआ पेड़ काट ले गए तस्कर

# जिसके जिम्मे जंगलों की सुरक्षा उसी की देखरेख में कट रहे पेड़

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए कई बार विभाग के आलाधिकारी जहां जागरूकता अभियान चला रहे हैं, वहीं विभाग के ही कर्मचारी अपने निजी हित पोषण के लिए पेड़ों की अवैध कटाई करा रहे हैं। इसके लिए वो लकड़ी तस्करों से मिलीभगत करके जंगलों को उजाड़ने का काम कर रहे हैं। वो थोड़े से पैसे लेकर वन क्षेत्र के पेड़ों की अवैध कटाई में शामिल हो गए हैं।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ताजा मामला बनारी के झाऊ ढलान के रोड किनारे के वनक्षेत्र का है, जहां तस्करों ने लगभग 15-20 सखुआ के पेड़ काट कर ले गए हैं। ग्रामीणों ने इसका आरोप संबंधित सब-बीट के वनरक्षी पर लगाया है। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत वन प्रमंडल अधिकारी को की है, लेकिन अबतक कोई करवाई नहीं की गई है। सूत्रों की मानें तो वन रक्षक और लकड़ी तस्करों की आपसी सांठ-गांठ होने की वजह से पेड़ों की अंधाधुंध कटाई हो रही है। वहीं इस कटाई से मिलने वाले कमीशन पर वनरक्षक मौज मस्ती कर रहा है।



ग्रामीणों ने बताया कि जंगल से इमारती लकड़ी के साथ-साथ जलाऊ लकड़ी का कारोबार भी रात-दिन व्यापक स्तर पर फल फूल रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि वह अगर जंगल से जलाऊ लकड़ी लाने जाते हैं तो वनरक्षक धौंस जमाकर डरा-धमका करता है, जबकि माफियाओं को संरक्षण दे रखा है। इसके चलते लकड़ी तस्कर पेड़ों पर आरी और कुल्हाड़ी चला रहे है। बताया गया है कि यह क्षेत्र रिजर्व फारेस्ट के अंतर्गत आता है। इस रास्ते से दिनभर लोगों का आना जाना लगा रहा है। समय-समय पर सैलानियों का भी आना जाना लगा रहता है पर वन विभाग के नाक के नीचे से पेड़ों का कटना वन विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत की ओर इंगित करता है। ग्रामीणों ने दोषी फोरेस्टगार्ड को हटाने और करवाई की मांग की है। गौरतलब है कि एक दर्जन से अधिक सखुआ पेड़ों की कटाई कर अवैध रूप से बेच दिया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि उनके द्वारा वनपाल सहित विभाग के अन्य अधिकारियों को कई बार वन क्षेत्र के पेड़ों की अवैध कटाई के मामले में अवगत कराया गया, लेकिन इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इसकी शिकायत विभाग के बड़े अधिकारी से भी की गई थी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की जा सकी है। सिर्फ खानापूर्ति तक ही कार्रवाई सीमित रह गई है।

### जिसके क्षेत्र से कटेगा जंगल उसकी जवाबदेही

विभागीय अधिकारियों के अनुसार पूरा जंगल बीटों में बंटा हुआ है। हर बीट पर एक फारेस्टर को जिम्मेदारी दी गई है। उसके नीचे फारेस्ट गार्ड होता है जो अपनी सब-बीट में रोजाना पेट्रोलिंग कर जांच पड़ताल करते हैं। अगर किसी बीट में जंगल कटता है तो इसकी जिम्मेदारी संबंधित सब-बीट गार्ड की होती है, लेकिन नुकसान के लिए सिर्फ सब-बीट गार्ड ही जिम्मेदार है। सब-बीट गार्ड की मॉनिटरिंग विभागीय अधिकारी भी करते हैं। चिंता की बात यह है कि जिसके जिम्मे जंगल है वहीं इसमें संलिप्त हो जाय तो जंगल की सुरक्षा कैसे होगी? विभागीय अधिकारियों को इसपर कार्रवाई करने की जरूरत है।

# नगर भ्रमण कर बच्चों ने चलाया सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान

### सोशल सर्विस कैंपेन के तहत बचपन प्राइमरी स्कूल के बच्चों की मुहिम का दिखा असर

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए गुमला स्थित बचपन प्राइमरी स्कूल के बच्चों ने अपने सोशल सर्विस कैंपेन के तहत सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया। इसके तहत बच्चों ने बैनर और पोस्टर के साथ थाना चौक से टावर चौक, पटेल चौक होते हुए वापस थाना चौक तक नगर भ्रमण किया और लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। सड़क पर वैसे चालकों को जो सीट बेल्ट या हेलमेट नहीं पहने थे उन्हें गुलाब का फूल देकर नियम पालन की अपील की।

विद्यालय के डायरेक्टर चंद्र शेखर गिरी ने बताया कि गुमला जिले में सड़क दुर्घटना के कारण हम हर वर्ष कमोबेश 200 लोगों को खो देते हैं। इससे भी ज्यादा लोग अपाहिज होकर पूरी जिंदगी को बदतर स्थिति में जीने को मजबूर हो जाते हैं। साथ ही उनके परिवार की आर्थिक और मानसिक स्थिति इसके कारण ज्यादा खराब हो जाती है। माता -पिता, समाज व सरकार बच्चों का पालन पोषण कर पढ़ा लिखा कर उन्हें ग्रेजुएट कराकर डॉक्टर इंजियर्स बना देते हैं लेकिन 25 से 30 वर्षों की सारी तपस्या यातायात नियमों की अनदेखी और अज्ञानता से 2 मिनट में त्रासदी के रूप में अपूरणीय क्षति में बदल जाती है। न केवल हम अपने परिजनों को असमय खो देते हैं बल्कि परिवार, समाज और देश के लिए यह अपने योग्य नवयुवकों, परिवार के पलकों जैसे संपत्ति और संसाधनों की क्षति है। हम हमारे शिक्षा मंत्री एवं सभी नीति निर्धारकों से अपील करना चाहते हैं कि यातायात सुरक्षा पर स्कूलों में प्री प्राइमरी से लेकर आईआईटी तक सभी स्तर के संस्थानों में एक अनिवार्य पेपर रखा जाए जिसके मार्क्स उनके डिग्री में भी महत्व रखें ताकि बच्चे इसे ध्यान पूर्वक पढ़ कर संस्थानों से निकलने पर अपनी जीविका के साथ जीवन की भी रक्षा कर सकें और सड़क को सुरक्षित बनाकर अपने संसाधनों की भी रक्षा कर सकें। चंद्रशेखर गिरी ने कहा अगर गुमला प्रशासन एवं नगर परिषद के द्वारा चौक चौराहों एवं अन्य जगहों पर पोस्टर लगाने की अनुमति दी जाए तो बचपन स्कूल द्वारा हमेशा सड़क सुरक्षा संबंधित पोस्टर पूरे वर्ष लगाए जा सकते हैं। इसी कड़ी में रविवार से शहर में पहले फेज में 50 से 60 पोस्टर एवं बैनर लगाने की शुरूआत की जायेगी। कार्यक्रम को सफल बनाने में आस्था सिंह, पूनम गुप्ता, प्रज्ञा कुमारी, सुचिता, संदीप पन्ना, भरत सिंह, सुशील, मदन पासवान एवम् स्कूल के बच्चों का योगदान रहा।

# 'फौजी वर्दी पहनने से पैदा होती है देशभक्ति'

## विजय दिवस पर आयोजित समारोह में 16 सैनिक किये गये सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय में शनिवार को विजय दिवस समारोह आयोजित हुआ। इसमें 16 पूर्व सीआरपीएफ जवान व आर्मी जवान सहित कार्यरत आर्मी जवान सम्मानित किए गए, जिनमें कृष्णा भगत, बसंत उरांव, सहदेव तिग्गा, सुनील उरांव, तिवारी उरांव, मंजित कुजूर, दशरथ उरांव, महावीर भगत, चंद्रशेखर भगत, सुमन उरांव, धर्मदेव भगत, करण कुजूर, दिलीप भगत, दीपक कुजूर, बिरसू उरांव व सुखनाथ खेस शामिल रहे। इस मौके पर भैया-बहनों द्वारा देशभक्ति गीत और नृत्य प्रस्तुत किया गया, जिसमें रोशनी उरांव, ज्योति प्रिया कुजूर, रोशनी उरांव, पूनम कुमारी, काजल कुमारी, रितु कुमारी का प्रदर्शन काफी सराहा गया। विशिष्ट अतिथि पूर्व सीआरपीएफ जवान शिवदयाल उरांव ने कहा कि फौजी यूनिफॉर्म पहनने से फौजियों में जुनून, साहस और देशभक्ति पैदा होती है। शिक्षाविद् सदस्य कृष्णा प्रसाद ने बताया कि देश के लिए मर मिटने का जुनून एक अलग चीज होती है। मौके पर प्राचार्य उत्तम मुखर्जी, स्नेहा शर्मा, चेतना प्रिया, अजय प्रसाद, प्रीति कुमारी गुप्ता, रेणु कुमारी, रश्मि साहू, यशोदा कुमारी, ऋद्धि मिश्रा, अर्चना कुमारी, आरती भगत, रितेश कुमार पाठक सहित महाविद्यालय की शिक्षक-शिक्षिकाएं और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। वहीं शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर के सभागार में शनिवार को विजय दिवस का कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मौके पर प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास, अवकाश प्राप्त सूबेदार परमेश्वर राम महली, प्रेमेंद्र सिंह, जया मिश्रा, राजीव सिंह आदि उपस्थित थे।



### देश सेवा को किया प्रेरित

वहीं सेन्हा प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में धूमधाम से शौर्य दिवस मनाया गया। मौके पर सेवानिवृत्त सैनिक ठकुरा उरांव ने भैया बहनों को देश सेवा के लिये प्रेरितकिया। मौके पर सुषमा देवी, प्रतिभा देवी, डॉली कविता, संध्या कुमारी, मीना देवी, मालती कुमारी, चांदनी कुमारी, प्रीति देवी, राजकिशोर उरांव आदि उपस्थित थे।

## विजय दिवस पर स्कूली बच्चों ने किया पथ संचलन

**लोहरदगा।** सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर में विजय दिवस पर पथ संचलन नगर के प्रेम नगर शारदा नगर बसार टोली होते हुए विद्यालय में पुनः समाप्त हुआ। तत्पश्चात भव्य समारोह का आयोजन विद्यालय के सभागार में किया गया, जिसका शुभारंभ भूतपूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट के संरक्षक सहदेव भगत, अध्यक्ष धर्मराज महतो, गोकुल उरांव, रामचरित भगत, सदस्य मुन्नी मिंज, रनिया उरांव व विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे ने किया। भूतपूर्व सैनिक संगठन के संरक्षक कप्तान सहदेव उरांव ने कारगिल युद्ध की गाथा का वर्णन किया। मौके पर आचार्य अशोक सिंह, नंद किशोर साह, रवि रंजन उपाध्याय, त्रिलोचन साहू, सुनीता, लक्ष्मी, दिव्या, दीपिका सिंह, अशोक साहू, लक्ष्मी, जगदीश पांडे, महेंद्र कुमार मिश्र, प्रमोद साहू आदि उपस्थित थे।


**कार्यालय, असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, लोहरदगा**

**निविदा संख्या – 02/2022**

**शुद्धिपत्र**

स्वास्थ्य विभाग, लोहरदगा के स्वास्थ्य संस्थानों हेतु Anti Rabies Vaccine आपूर्ति हेतु विज्ञापन संख्या PR 312687 (Lohardaga) 23-23 (D) द्वारा प्रकाशित निविदा संख्या – 02/2022 में अपरिहार्य कारणों से निम्न संशोधन किये जाते हैं।

1. निविदा जमा करने की तिथि 22.12.2023 तक विस्तारित की जाती है। निविदा दिनांक 22.12.2023 के अपराह्न 02.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में स्वीकार की जायेगी। निविदा स्पीड पोस्ट/निबंधित डाक अथवा स्वयं निविदादाता या अन्य प्रतिनिधि जमा कर सकते है। निर्धारित तिथि एवं समय के बाद निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
2. प्राप्त निविदाओं को दिनांक 22.12.2023 के अपराह्न 03.30 बजे अधोहस्ताक्षरी कार्यालय कक्ष में जिला क्रय समिति के समक्ष निविदादाता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि की उपस्थिति में खोला जाएगा।

शेष यथावत रहेगा।

असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, लोहरदगा।

PR 313637 Lohardaga(23-24)D



**Office of the Nagar Panchayat Hussainabd**

**E-Procurement Notice**

**NIT No: NPH/10/SBD/2022-23 (2nd Call)**

| Sr. No | Particular | Details |
|---|---|---|
| 1. | Name of Work | Construction & Commissioning of Fecal Sludge Treatment Plant of Capacity 10KLD at Hussainabad Town (Jharkhand) followed by Operation and Maintenance including desludging operations for 5 years |
| 2. | Estimated Cost (INR) | Construction Cost: # 2,19,36,142<br>Operation & Maintenance Cost: # 1,21,77,720<br>Total: # 3,41,13,862 |
| 3. | Bld Security (INR) | # 3,41,140/-,(Rupees Three Lakhs Forty-One Thousand One Hundred Forty Only) |
| 4. | Cost of Bld Document (INR) | #10,000/- (Rupees Ten Thousand Only); non-refundable |
| 5. | Time of Completion | 1 year of construction which comprises 9 months of construction and 3 months of defect liability period including one month of trial run and 5 years of O&M post DLP |
| 6. | Date of e-publication of tender | 20.12.2023 |
| 7. | Document downloading start date | 20.12.2023 |
| 8. | Start date for seeking clarification | ........................................... |
| 9. | End date for seeking clarification | ........................................... |
| 10. | Pre- bid meeting date, time & Venue | 23.12.2023 @11.00 AM at Hussainabad Nagar Panchyat Office, near Over bridge, Haider Nagar Road . |
| 11. | Bid submission end date | 08.01.2024 |
| 12. | Last day for the submission of Bid Security, cost of bid document | 08.01.2024 , The security and cost will be accepted online mode only |
| 13. | Bid opening date (online | 12.01.2024 |
| 14. | Mode of Submission of Bids | I. e.-tendering (https://Jharkhandtenders.gov.in) |
| 15. | Name & Address of office Inviting Tender | Executive Officer, Nagar Panchayat Hussainabad. |
| 16. | Helpline Number | 8340494956, 9835206770 |

Note: Only e-Tender will be accepted
complete bid document is available on website http://iharkhandtenders.gov.in

Exceutive Officer
Nagar Panchayat Hussainabad

PR 313649 District (23-24)_D


**पहल** | तिगरा व गडरपो पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

# 'हेमंत सोरेन सरकार की योजनाओं का लाभ लें'

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन सदर प्रखंड की तिगरा पंचायत के बेजवाली मैदान और भंडरा प्रखंड की गडरपो पंचायत में आयोजित किया गया। सदर प्रखंड में आयोजित कार्यक्रम में जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी ने आमजनों को योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही लोगों से सरकार की योजनाओं का लाभ लेने की अपील की।

कार्यक्रम में सरकार की सभी योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाये गये। अबुआ आवास योजना, सर्वजन पेंशन योजना, आधार सेवा केंद्र, कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग, बिजली विभाग, नागरिक सहायता केंद्र, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, कल्याण विभाग, सोना सोबरन धोती साड़ी वितरण योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के स्टॉल में ग्रामीणों द्वारा योजनाओं की जानकारी ली गई एवं अहतार्धारियों द्वारा विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने हेतु आवेदन समर्पित किया गया। कार्यक्रम में बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, धोती/लुंगी-साड़ी वितरण योजना, राजस्व में म्यूटेशन, कम्बल वितरण समेत विभिन्न योजनाओं के लाभुकों के बीच वितरण किया गया। कार्यक्रम प्रखंडों के पदाधिकारीगण व जन प्रतिनिधिगण उपस्थित थे। वहीं लोहरदगा झामुमो अल्पसंख्यक मोर्चा जिला सचिव मंसूर अंसारी ने लोहरदगा जिले के भंडरा प्रखंड के गडरपो पंचायत में आयोजित आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने क्षेत्रवासियों को राज्य सरकार द्वारा जनहित में दी जाने वाली समुचित विकास योजनाओं का लाभ प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया। अंसारी ने लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि राज्य के युवा और विकासशील मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अगुवाई में राज्य का निरंतर विकास हुआ है। उन्होंने कहा कि जनता राज्य सरकार की ओर से आम जनता के हितों पर उतारी जाने वाली महत्वकांक्षी योजनाओं का लाभ लेने हेतु जागरूकता दिखाएं और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देशनुसार आयोजित कार्यक्रम में भाग लेकर योजनाओं का लाभ प्राप्त करें।



## एक नजर

### रामभद्राचार्य के अमृत महोत्सव में शामिल हो सकते हैं मोदी व राष्ट्रपति

**अयोध्या।** जगदगुरु रामभद्राचार्य के अमृत महोत्सव की तैयारी तेज हो चली है। अमृत महोत्सव के क्रम में रामनगरी में 14 जनवरी से 22 जनवरी तक अनुष्ठान की तैयारी है। 22 जनवरी को समापन कार्यक्रम में पीएम नरेंद्र मोदी भी शामिल हो सकते हैं। रामभद्राचार्य की ओर से राष्ट्रपति द्रौपदि मुर्मू को भी आमंत्रण भेजा गया है। इसके अलावा भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को भी आमंत्रित किया गया है। रामभद्राचार्य के उत्तराधिकारी रामचंद्र दास ने बताया कि कार्यक्रम में करीब एक लाख भक्तों के आने की संभावना है। इसके अलावा आठ राज्यों के राज्यपाल और मुख्यमंत्री भी आमंत्रित किये जा रहे हैं।

### नए सीएम भजनलाल शर्मा ने पेपर लीक मामले में एसआईटी का किया गठन

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने पेपर लीक मामले की जांच के लिए एसआईटी बनाने की घोषणा की है। सीएमओ में अपनी पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए शर्मा ने कहा, ₹युवाओं का भविष्य दांव पर लगाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। राज्य सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि भविष्य में पेपर लीक न हो। आरोपियों को सजा दिलायी जायेगी। उन्होंने कहा, किसी भी तरह का अपराध बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। राज्य में संगठित अपराध को खत्म करने के लिए एंटी गैंगस्टर्स टास्क फोर्स का गठन किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश सरकार की तर्ज पर अपराधियों के घरों पर बुलडोजर चलाने का भी संकेत दिया है। भजनलाल ने कहा, ₹हम अपने घोषणा पत्र के आधार पर काम करेंगे। हम जनता की समस्याओं का समाधान करेंगे और अंतिम व्यक्ति को समर्थन देने का काम करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं के लिए जिस तरह का काम किया है।

# 10 दिन में ही धंसी 7 करोड़ की नहर, खुल गई पोल



**एजेंसी। भोपाल**

भोपाल के कोलार क्षेत्र में 7 करोड़ की लागत से बनी नहर 10 दिन भी नहीं टिक पाई। गुरुवार शुक्रवार की दरमियानी रात नेहर पूरी तरह से धंस गई। दरअसल यहां गेंहुखेड़ा से हिनोतिया आलम तक नहर को पक्का करने का काम किया जा रहा है। लेकिन यह नहर बनने से पहले ही भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई। इसका 50 फीट एरिया रात में अचानक जमीन में धंस गया। अब जिम्मेदार अधिकारी जांच की बात कर रहे हैं। वहीं स्थानिये लोगों का आरोप है कि नहर निर्माण में जमकर भ्रष्टाचार हुआ है। पूर्व में शिकायत करने पर भी इस पर एक्शन नहीं लिया गया। अब परिणाम सबके सामने है।

**एक साल पहले हुआ था टेंडर :** बता दे, करीब 1 साल पहले जल संसाधन विभाग ने इस नहर को पक्का किए जाने का टेंडर जारी किया था। इस टेंडर की लागत 7 करोड़ 4 लाख रुपए तय की गई थी। इसके बाद निर्माण के लिए इस नहर को लोक निर्माण विभाग के जिम्मे कर दिया गया था। इसके बाद कोलार के गेंहुखेड़ा से प्रियंका नगर, बैरागढ़ चीचली होते हुए हिनोतिया आलम तक इसका निर्माण कार्य किया जा रहा था। लेकिन इसके पूरा होने से पहले ही नहर ने जवाब दे दिया।

**पायलट प्रोजेक्ट हुआ था शुरू :** बताया जा रहा है कि यह जल संसाधन विभाग का एक पायलट प्रोजेक्ट है। इसके सफल होने के बाद इसे प्रदेश के अन्य जिलों में भी लागू किया जाना है। विभाग के अनुसार कोलार में सड़क निर्माण के लिए जगह की आवश्यकता थी। इसके साथ ही नहर के खुले होने के कारण उसमे गंदगी भी होती थी। इसलिए इसे पक्का किया जा रहा था। इसके साथ ही पाइपलाइन से पानी सप्लाई होने से पानी की चोरी पर भी रोक लगती।

**अधिकारियों का कहना :** जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री नितिन कोहिकर का कहना है कि नहर को पक्की करने का काम लोक निर्माण विभाग कर रहा है इसमें अगर गड़बड़ी हुई है तो हम इसकी जांच करवाएंगे। वहीं लोकनिर्माण विभाग के एसडीओ डीके शर्मा का कहना है कि वे अभी सीएम ड्यूटी में व्यस्त हैं।

### विपक्ष ने संसद सुरक्षा उल्लंघन पर ममता बनर्जी की चुप्पी पर उठाया सवाल

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में विपक्षी दलों ने मास्टरमाइंड के राज्य से संबंध होने के खुलासे के बीच संसद सुरक्षा उल्लंघन पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की चुप्पी पर सवाल उठाया है। मास्टरमाइंड ललित झा के माओवादियों से संभावित संबंध भी जांच एजेंसियों की जांच के दायरे में आ गए हैं। भाजपा ने पहले ही वरिष्ठ तृणमूल कांग्रेस विधायक तापस रे के साथ झा की तस्वीर पोस्ट करके सोशल मीडिया पर बड़े पैमाने पर प्रचार अभियान शुरू कर दिया है। पार्टी के आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय और पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी सहित वरिष्ठ भाजपा ने मुख्यमंत्री की चुप्पी को लेकर उन पर हमला बोला है। जबकि मालवीय ने कहा है कि मुख्यमंत्री अपनी पार्टी के विधायक के साथ ललित झा के संबंध के बारे में चुप नहीं रह सकते हैं, अधिकारी ने राज्य सरकार और सत्तारूढ़ दल पर राज्य में विभाजनकारी और अलगाववादी तत्वों को सीधे संरक्षण देने का आरोप लगाया।

### बंगाल के राज्यपाल को छात्रों के समूह ने काले झंडे दिखाए



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी. वी. आनंद बोस को बर्धमान विश्वविद्यालय में छात्रों के एक समूह ने कथित तौर पर काले झंडे दिखाए। सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की छात्र शाखा तृणमूल छात्र परिषद के प्रवक्ता ने दावा किया कि परिषद के सदस्यों ने विश्वविद्यालय में स्थायी कुलपति की अनुपस्थिति पर गुस्सा व्यक्त करते हुए बोस की कार के परिसर में प्रवेश करने पर काले झंडे दिखाए। बोस विश्वविद्यालय के पदेन कुलपति भी हैं। छात्र नेता ने कहा, पूर्णकालिक कुलपति की अनुपस्थिति हमारे विश्वविद्यालय के प्रशासनिक और शैक्षणिक कार्यों में बाधा डाल रही है। विश्वविद्यालय के एक अधिकारी ने कहा कि जब राज्यपाल परिसर के अंदर सभागार के पास अपनी कार से उतरे तो विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने उनका स्वागत किया और इस दौरान किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली।

### आईईडी विस्फोट में शामिल 4 सक्रिय नक्सली गिरफ्तार



कांकेर । जिले के थाना परतापुर सडकटोला में दो दिन पूर्व हुए आईईडी विस्फोट में शामिल साक्रिय 04 नक्सलियों मुकुंद नरवास पिता सदाराम उम्र 45 वर्ष, जग्गू राम आंचला पिता मनीराम आंचला उम्र 45 वर्ष, अर्जुन पोटाई पिता रैजू राम पोटाई उम्र 26 वर्ष, एवं दशरथ दुग्गा पिता गस्सु राम उम्र 35 वर्ष सभी निवासी परतापुर को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार नक्स्लियों को अभिरक्षा में लेकर अपराध के संबंध में पूछताछ करने पर अपराध कारित करना कबूल करने पर आज शनिवार को थाना परतापुर में कार्यवाही उपरांत न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। उल्लेखनिय है कि थाना परतापुर से दो दिन पूर्व बीएसएफ के जवान सर्चिंग पर ग्राम सडकटोला की ओर निकले थे, जिस पर नक्सलियों ने परतापुर सडकटोला के पास पूर्व से घात लगाकर आईईडी विस्फोट कर दिया था। इस नक्सली वारदात में बीएसएफ के प्रधान आरक्षक अखिलेश कुमार राय निवासी गाजीपुर उत्तर प्रदेश बलिदान हो गये थे।


### धार्मिक स्थलों से उतारे गए लाउडस्पीकर, सभी समुदायों ने मुख्यमंत्री के फैसले का किया स्वागत




ग्वालियर। मध्य प्रदेश सरकार के निर्देश के बाद धार्मिक स्थलों से ध्वनि विस्तारक यंत्रों को हटाने एवं कोलाहल प्रदूषण नियंत्रण अधिनियम का पालन करवाने के लिए पुलिस प्रशासन को निर्देशित किया गया है। जिस पर पुलिस अधीक्षक ग्वालियर राजेश चंदेल ने धर्म गुरुओं के साथ मीटिंग कर के धार्मिक स्थलों मंदिर मस्जिद गुरुद्वारा चर्च आदि से लाउड स्पीकर हटाने व विधिवत अनुमति लेकर ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग करने की सलाह दी गई है। इस बीच थाना हस्तिनापुर में एसडीओपी बेहट् संतोष पटेल और एसडीएम इसरार खान के द्वारा समन्वय से मीटिंग ली गई, जिसमें सिरसोद गांव के मुस्लिम भाइयों ने शासन के आदेश का सम्मान करते हुए ध्वनि प्रदूषण से होने वाले दुष्प्रभाव को कम करने के लिए स्वेच्छा से मस्जिद से लाउड स्पीकर को निकाला गया। सिरसोद मस्जिद के इमाम उजर अहमद व गांव के बुजुर्ग शमशाद अली व पूर्व सरपंच आबिद अली के साथ मिलकर मुस्लिम भाइयों ने जुम्मे की नमाज से पहले मस्जिद के बाहर लगे चार चुंगों हो हटाकर शासन के निर्देश का स्वागत किया।

### पत्नी को विधवा के रूप में किया पेश

## उद्योगपति को हनी ट्रैप में फंसाया



**एजेंसी। बेंगलुरु**

सेंट्रल सिटी क्राइम ब्रांच (सीसीबी) की स्पेशल विंग ने एक उद्योगपति को हनी ट्रैप में फंसाने के आरोप में एक शादीशुदा जोड़े समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है। जांच से पता चला कि पति ने अपनी पत्नी को विधवा के रूप में दशार्या था और उसे फंसाने और पैसे ऐंठने के लिए एक उद्योगपति के साथ भेजा था। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान खलीम, सभा, ओबेद रकीम और अतीक के रूप में की गई है। खलीम और सभा नामक एक विवाहित जोड़े ने एक उद्योगपति अतीउल्लाह को फंसाने का प्रयास किया। खलीम ने अपनी पत्नी सबा का परिचय अतीउल्ला से विधवा के रूप में कराया और उसकी देखभाल करने को कहा। जल्द ही अतीउल्लाह और सभा के बीच शारीरिक नजदीकियां बढ़ गईं। उसने पीड़िता को आरआर नगर इलाके में एक होटल का कमरा बुक करने के लिए आधार कार्ड के साथ आने के लिए कहा। जब अतीउल्लाह होटल के कमरे में दाखिल हुआ, तो आरोपी अंदर घुस आया और उसके परिवार से उसके अफेयर को छुपाने के लिए उससे 6 लाख रुपये की मांग की। जब आरोपी हंगामा कर रहे थे तो सीसीबी पुलिस को सूचना मिली और उन्होंने होटल पर छापा मारा। अधिकारियों ने आरोपी को रंगे हाथ पकड़ लिया और हिरासत में ले लिया। पुलिस को संदेह है कि आरोपी हनी ट्रैपिंग और जबरन वसूली के कई मामलों में शामिल हो सकते हैं। आरआर नगर पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की जा रही है और आगे की जांच चल रही है।

### कांग्रेस की नूरबानो की दावेदारी से इंडिया गठबंधन में बढ़ेगी रार

# रामपुर सीट पर सपा के आजम खां का है दबदबा



**एजेंसी। रामपुर**

10 साल तक चुनावी राजनीति से दूर रहने के बाद नवाब खानदान की बहू बेगम नूरबानो ने एक बार फिर से कांग्रेस के टिकट पर लोकसभा चुनाव लड़ने का एलान कर दिया है। इस एलान से जहां रामपुर के सियासी समीकरण बदलेंगे, वहीं इस घोषणा के बाद इंडिया गठबंधन में रार बढ़ने की भी संभावना है। इसके पीछे वजह यह है कि रामपुर लोकसभा सपा की सीट मानी जाती है, लेकिन कांग्रेस नेता द्वारा यहां से दावेदारी करने से गठबंधन में रार बढ़ सकती है। रामपुर की दो बार सांसद रह चुकीं बेगम नूरबानो ने बृहस्पतिवार को कांग्रेसियों के साथ हुई बैठक में 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए ताल ठोंकने की घोषणा कर दी। इस घोषणा से सियासी जानकार भी हैरत में हैं। उनका कहना है कि इससे घोषणा से रामपुर की सियासत में नए समीकरण बनकर तो उभरेंगे ही साथ ही इंडिया गठबंधन में दरार भी बढ़ सकती है। इंडिया गठबंधन में अभी सीटों का बंटवारा नहीं हुआ है, लेकिन रामपुर लोकसभा सीट पर सपा नेता आजम खां का खासा दबदबा रहा है। 2019 के लोकसभा चुनाव में जब सपा-बसपा गठबंधन था तब भी यह सीट सपा के खाते में गई थी और आजम खां चुनाव लड़े थे और जीते थे।

## मुख्तार को 15 महीने में सातवीं बार सजा, हत्या मामले में उम्रकैद

**एजेंसी। वाराणसी**

कोयला व्यवसायी नंद किशोर रुंगटा के अपहरण के मुकदमे की पैरवी करने पर उनके भाई और परिजनों को बम से उड़ाने की धमकी देने के 26 वर्ष पुराने मामले में माफिया मुख्तार अंसारी को दोषी करार दिया गया। साथ ही साढ़े पांच साल की सजा सुनाई गई। 10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। जुर्माना राशि न देने पर दो महीने की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। मुख्तार को अब तक प्रदेश की अलग-अलग अदालतें सात मामलों में सजा सुना चुकी हैं। वाराणसी की अदालत ने दूसरे मामले में सजा सुनाई है। इससे पहले अवधेश राय हत्याकांड में मुख्तार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई जा चुकी है। अपर सिविल जज (सीनियर डिवीजन प्रथम) / एमपी-एमएलए कोर्ट के प्रभारी उज्ज्वल उपाध्याय की अदालत ने व्यापारी और उसके परिजनों को धमकाने के मामले में अंतरराज्यीय गिरोह (आईएस-191) के सरगना मुख्तार अंसारी को दोषी पाया। अभियोजन के मुताबिक, कोयला व्यवसायी और विश्व हिंदू परिषद के तत्कालीन कोषाध्यक्ष नंद किशोर का रुंगटा का अपहरण बनारस स्थित उनके ऑफिस से 22 जनवरी 1997 को किया गया था। मुख्तार अंसारी गिरोह को सवा करोड़ रुपये की फिरौती देने के बाद भी नंद किशोर रुंगटा का पता नहीं लगा। अपहृत व्यापारी के भाई महावीर प्रसाद रुंगटा के अनुसार, उनके भाई के प्रकरण की सीबीआई जांच का आवेदन मंजूर हो गया था। उसकी पैरवी कोर्ट में की जा रही थी। पांच नवंबर 1997 की शाम पांच बजे जवाहर नगर एक्सटेंशन स्थित उनके आवास के लैंडलाइन नंबर पर मुख्तार अंसारी का फोन आया।

## प्रदेश में कई स्थानों पर न्यूनतम तापमान 10 डिग्री के नीचे आया



**एजेंसी। भोपाल**

मध्य प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में न्यूनतम तापमान रोज लुढ़क रहा है। शुक्रवार को कई जगह पारा 10 डिग्री के नीचे आ गया। वहीं, कुछ स्थानों पर ये 15 डिग्री के नीचे रहा। तापमान में आगे और गिरावट का अनुमान है। तापमान गिरने से ठिठुरन बढ़ गई है। सबसे कम तापमान राजगढ़ में बना हुआ है। यहां शुक्रवार को पारा 7.0 डिग्री सेंटीग्रेड दर्ज किया गया। प्रदेश में यहां रात सबसे ठंडी रही। जबकि दिन में पचमढ़ी सबसे ठंडा रहा यहां अधिकतम तापमान 22 डिग्री सेंटीग्रेड दर्ज किया गया। राजधानी भोपाल में न्यूनतम तापमान 10.8 डिग्री रहा। पिछले 24 घंटे के दौरान प्रदेश के सभी संभागों के जिलों में मौसम मुख्यतः शुष्क रहा अधिकतम तापमान भोपाल संभाग के जिलों में काफी बढ़ा एवं शेष सभी संभागों के जिलों में विशेष परिवर्तन नहीं हुआ। न्यूनतम तापमान में सभी संभागों के जिलों में विशेष परिवर्तन नहीं हुआ। यहां छाएगा कोहरा । ग्वालियर, दतिया, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी जिले में हल्का कोहरा छाएगा। इसके कारण दृश्यता कम रहेगी। दिन में मौसम साफ रहेगा। धूप खिली रहेगी।

**प्रमुख शहरों यह रहा तापमान**

दमोह में 9.5 जबलपुर में 7.8 मंडला में 8.6 रीवा में 8.5 सतना में 9.8 सीधी में 9.6 मलाजखंड में 8.9 दतिया में 9.0 गुना में 9.0 ग्वालियर में 8.6 पचमढ़ी में 7.2 रायसेन में 9.4 और राजगढ़ में 7.0 डिग्री सेंटीग्रेड न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया। जबकि बैतूल में 12.0, भोपाल में 10.8, धार में 12.5, नर्मदापुरम में 14.7, इंदौर में 14.2, खंडवा में 12.0, खरगोन में 11.8, रतलाम में 12.0, उज्जैन में 13.0, टीकमगढ़ में 13.0, सिवनी में 10.6, सागर में 12.2, नरसिंहपुर में 14.4 और खजुराहो में 10.0 डिग्री सेंटीग्रेड दर्ज किया गया।

### ज्ञानवापी को लेकर एक और केस

## नंदी महाराज का महादेव से साक्षात्कार कराने की मांग



**एजेंसी। वाराणसी**

वाराणसी के सिविल जज सीनियर डिवीजन की अदालत में ज्ञानवापी प्रकरण से संबंधित एक और मुकदमा शनिवार को दाखिल हुआ। नंदी महाराज विराजमान बनाम यूनियन आफ इंडिया व अन्य का यह मुकदमा लखनऊ की रहने वाली आकांक्षा तिवारी व चार अन्य लोगों द्वारा न्यायालय में दाखिल किया गया है।

अधिवक्ता मदन मोहन यादव ने बताया कि ज्ञानवापी प्रकरण से संबंधित वाद सिविल जज सीनियर डिवीजन की अदालत में प्रस्तुत किया गया। इसके माध्यम से मांग की गई है कि भगवान नंदी महाराज ज्ञानवापी स्थित कथित मस्जिद के बाहर सदियों से प्रतीक्षित हैं। खसरा नंबर 9130 में अवस्थित कथित ज्ञानवापी मस्जिद से मुक्ति कर भगवान आदि विशेश्वर से नंदी महाराज का देवाधिदेव महादेव से साक्षात्कार कराया जाए।

### चिकित्सा, समाज के प्रति सेवा है, व्यवसाय नहीं : मांडविया

**लखनऊ।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने शनिवार को कहा कि चिकित्सा, समाज के प्रति सेवा है, व्यवसाय नहीं। हमारी संस्कृति में अस्पताल मंदिर है और डाक्टर को ईश्वर माना गया है। उन्होंने कहा कि यह चरक और धन्वन्तरि का देश है। गुलामी के प्रतीकों को तोड़कर हमें आगे बढ़ना है। डॉ. माडविया ने संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान के 28वें दीक्षांत समारोह में संस्थान के छात्र-छात्राओं का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि हमारे लिए राष्ट्र ही प्रथम हो। इसके लिए राष्ट्र के प्रति पूर्ण समर्पण चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वस्थ समाज से ही स्वस्थ राष्ट और सफल राष्ट्र बनता है। अमृत काल में हम सभी की जिम्मेदारी बढ़ गयी है। सन् 2047 तक विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करना है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि आपकी एक जीवन शैली समाप्त हुई है व दूसरी शुरू हुई है।

**आस्था** राम राम रटते हुए उज्जैन से अयोध्या को निकले राजवर्धन

# 22 जनवरी को पूरी होगी 900 किमी की पैदल यात्रा



**एजेंसी। उज्जैन**

राम-नाम आधार जिन्हें वो जल में राह बनाते हैं, जिन पर कृपा राम करे वो पत्थर भी तिर जाते हैं...। इन्हीं पंक्तियों को आधार बनाकर उज्जैन शहर का एक युवक प्रभु श्री राम का नाम लेकर 900 किमी की पैदल यात्रा पर निकल पड़ा। जो 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में होने वाले मंदिर के शुभारंभ समारोह और प्रभु श्री राम की प्राण-प्रतिष्ठा के भव्य समारोह में शामिल होगा। यह युवक है उज्जैन शहर का राजवर्धन सिंह सिसौदिया जो कि 13 दिसंबर 2023 को उज्जैन से अयोध्या के लिए रवाना हुआ। 900 किमी की यात्रा कर 22 जनवरी 2024 को अयोध्या पहुंचेगा। राजवर्धन ने बताया कि वह एक दिन में 30 से 35 किमी की यात्रा करेगा। राजवर्धन दो दिन में 65 किमी की पैदल यात्रा तय कर अब तक शाजापुर जा पहुंचा है। उसका एक ही लक्ष्य है कि वह प्रभु श्री राम की प्राण-प्रतिष्ठा का साक्षी बने और मंदिर में विराजे रामलला को अपनी आंखों से देख सके। यही वजह है कि युवक ने पहले बाबा महाकाल का आशीर्वाद लिया और भगवान श्री राम का नाम लेकर अपनी यात्रा प्रारंभ कर दी।

### प्रभु श्री राम के भक्त हैं राजवर्धन

**राजवर्धन ने बताया कि वह बचपन से ही प्रभु श्री राम और हनुमानलला की पूजा करता आ रहा है। उसने तय किया था कि जब मंदिर बनकर तैयार होगा और वहां रामलला की स्थापना होगी वह वहां जाकर प्रभु श्री राम के दर्शन करेगा। अब वो दिन आ गया है, जिसके चलते उसने तय किया और भगवान राम के दर्शन का लक्ष्य लेकर उसने यात्रा शुरू कर दी। राजवर्धनसिंह सिसौदिया (राज बन्ना) ने श्री अवंतिका नगरी से श्री अयोध्या नगरी तक पैदल यात्रा प्रारंभ कर दी है। बाबा महाकाल के दर्शन कर वे पैदल यात्रा पर रवाना हुए। शक्ति दूत टीम के अजय देवड़ा, दर्पण मेवाड़ा, ललित प्रजापति, कमल पोरवाल, नवीन केमकार, निखिल चौहान, गौरव आदि ने यात्रा प्रारंभ होने के पूर्व महाकाल लोक में राजवर्धन सिसौदिया का अभिनंदन कर स्वागत किया। और राजवर्धन सिसोदिया का हौसला भी बढ़ाया।**

### मारपीट के मामले में आप विधायक 3 दिन की पुलिस हिरासत में

**अहमदाबाद।** गुजरात की एक अदालत ने शुक्रवार को गुजरात के राजपीपला निर्वाचन क्षेत्र से आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक चैतर वसावा को मारपीट के एक मामले में तीन दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया है। यह मामला आप नेता के आवास पर वन विभाग के अधिकारियों के कथित हमले से संबंधित है। वसावा ने मामले के सिलसिले में 14 दिसंबर को पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया था। उन्हें नर्मदा जिले के डेडियापाडा की एक अदालत ने पुलिस हिरासत में भेज दिया था। राजपीपला से विधायक के साथ देडियापाडा कोर्ट तक नर्मदा पुलिस पहुंची। नर्मदा जिला पुलिस ने एक रिमांड आवेदन दायर किया था। जिसमें वन अधिकारियों को डराने के लिए वसावा द्वारा कथित तौर पर हवा में फायरिंग करने के लिए इस्तेमाल किए गए हथियार को बरामद करने के लिए गहन जांच की जरूरत का हवाला देते हुए, विधायक की 14 दिन की हिरासत का अनुरोध किया गया था।

### खुली पोल : 6.5 करोड़ खर्च, स्कूलों में न बिजली पहुंची न फर्नीचर

# गलन भरी ठंढ में फर्श पर बैठेंगे नौनिहाल



**नवीन मेल संवाददाता। बहराइच**

बहराइच जिले के सरकारी विद्यालयों के कायाकल्प के लिए लाखों रुपये खर्च किए गए लेकिन तमाम विद्यालय वैसे ही पड़े हैं। जिनका अभी तक कायाकल्प नहीं हो पाया है। कई विद्यालयों में फर्नीचर नहीं पहुंच सका है। जिन विद्यालयों में वायरिंग आदि कराई गई है, वहां घटिया किस्म के उपकरण लगाए गए हैं। पुलिस लाइन में पुराने जर्जर भवन में बच्चे बैठकर पढ़ाई कर रहे हैं। वहीं, विभाग 92 प्रतिशत विद्यालयों के कायाकल्प होने का दावा कर रहा है। बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत जिले में 2803 परिषदीय विद्यालय हैं। इन विद्यालयों में पांच लाख से अधिक बच्चे अध्ययन कर रहे हैं। इनमें तमाम ऐसे विद्यालय थे जिनका डीसी निर्माण की देख-रेख में कायाकल्प होना था। इसमें विद्यालयों की रंगाई-पुताई, 442 स्कूलों की चहारदीवारी निर्माण व मरम्मत, 77 बालक व 66 बालिका शौचालय निर्माण, 57 विद्यालयों का विद्युतीकरण, फर्नीचर आदि के लिए लगभग साढ़े छह करोड़ बजट से गांवों के विद्यालयों का पंचायत स्तर, शहरी क्षेत्र के नगर पालिका व नगर निकाय स्तर से कार्य होना था। वहीं कुछ विद्यालयों का कायाकल्प बेसिक शिक्षा विभाग के माध्यम से कराया जाना था लेकिन जिले के तमाम विद्यालयों का अभी तक कायाकल्प नहीं हो पाया है। जिसे देखकर लगता है कि भवन काफी पुराने व जर्जर हो गए हैं। पुलिस लाइन स्थित संविलियन विद्यालय बदहाल हो गया है। इस विद्यालय में विभिन्न कक्षाओं के 204 छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं। पड़ताल की तो हकीकत सामने आई। यहां अधिकतम 50 बच्चे ही स्कूल पहुंचे, जिन्हें शिक्षक पढ़ा रहे थे। मरम्मत के अभाव में भवन जर्जर हो गया है। छत में सीलन है। दीवारों व छतों के प्लास्टर छूटकर गिर रहे हैं। दीवारों में दरारें आ गई हैं। फिर भी कमरे में बैठाया जा रहा है। इसके साथ ही विद्यालय में साफ-सफाई का बड़ा अभाव है। हैंडपंप के चारों ओर गंदगी का अंबार है।

## एक नजर इधर भी

### 'कविता एक थैरेपी भी है'

***राष्ट्रीय*** राजधानी दिल्ली में इस बार हिन्दुस्तान टाइम्स साहित्य उत्सव-2023 में कविता की गूंज सुनाई दी। कविता पर विचारों का आदान-प्रदान हुआ। उत्सव का आयोजन कार्यक्रम के प्रमुख सहयोगी आईटीएल पब्लिक स्कूल द्वारका के सभागार में किया गया। ख्यातिलब्ध कवियों और लेखकों का रचना पाठ और संवाद तो प्रभावी ही रहा। लेखकों की कार्यशाला, पेंटिंग, कथावाचन और डूडल गतिविधि ने भी श्रोताओं का ध्यान खींचा। इस उत्सव का आगाज कविता की समाज में भूमिका के आरंभिक सत्र से हुई। एपीजे इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के स्कूल ऑफ आर्किटेक्चर एंड प्लानिंग के प्रोफेसर प्रोफेसर आनंद खत्री, प्रख्यात कवि-ललित निबंधकार, आलोचक तथा प्रोफेसर एवं नव नालंदा महाविहार सम विश्वविद्यालय के अध्यक्ष प्रोफेसर परिचय दास, द्विभाषी कवयित्री एवं लेखिका सुनीता सिंह और रचना पंत ने इस संदर्भ में अपनी प्रासंगिक कविताएं सुनाईं। पैनल चर्चा के बाद संवाद सत्र में विद्यार्थियों और युवा कवियों ने अतिथियों से दिलचस्प सवाल पूछे। प्रोफेसर आनंद खत्री ने काव्य-चेतना पर चर्चा की। सुनीता सिंह ने कविता को मन व जीवन की जरूरत बताया। प्रोफेसर परिचय दास ने अपने ललित वक्तव्य में कविता को अपने आप में एक उत्सव के रूप में वर्णित किया। उन्होंने कहा कि कविता मनुष्य के अन्तर्मन की विषनाशिका और मुक्तिदायिनी है। कविता आत्मालाप व सामाजिक संवाद यानी दोनों की हेतु है। यह भीतर के उपचार का सबसे बड़ा माध्यम है। उन्होंने कविता को सबको जोड़ने, नकार से विरत होने व भावना की संसिद्धि कहा। प्रो. परिचय दास ने कहा कि वह अंदर की लय है। इसलिये सबसे बड़ी थैरेपी है। उन्होंने कहा कि अपनी रचना-प्रक्रिया में मैंने आत्म संघनन व बाहर के वैषम्य को प्रमुख आधार के रूप में देखा है। रचना पंत ने विद्यार्थियों को याद दिलाया कि साहित्य और कविता परामर्श की आवश्यकता को दूर कर देती है। इसलिए बच्चों को सिर्फ तकनीक की ओर नहीं भागना चाहिए। भावनात्मक रूप से परिपक्व होने और जीवन और भावनाओं को समझने की बारीकियों के लिए साहित्य आवश्यक है। उन्होंने सुझाव दिया कि छात्रों को एक समान बने रहने के लिए रुडयार्ड किपलिंग की कविता पढ़नी चाहिए। इस सत्र के बाद इन बिटवीन द लाइंस नाम से एक और इंटरैक्टिव पैनल- चर्चा हुई। इसमें अतिथि लेखकों में सुनीता पंत बंसल, डॉ. हषार्ली सिंह, उपभोक्ता मंच की सदस्य न्यायाधीश और कवयित्री प्रेरणा जैन ने हिस्सा लिया। सत्र का संचालन वेंकटेश्वर इंटरनेशनल स्कूल द्वारका की प्रिंसिपल मनीषा शर्मा ने किया। डॉ. हषार्ली सिंह ने अपनी आने वाली किताब 'अनारकली' के बारे में बात की और बताया कि कैसे वह इस विषय के प्रति आकर्षित हुईं। सुनीता पंत बंसल ने पौराणिक कहानियों के साथ अपनी यात्रा के बारे में बात की। इस उत्सव का आकर्षक कार्यक्रम 'द ह्यूमन लाइब्रेरी' रहा। यह ऐसा मंच है जिसमें छात्र अपनी अनूठी कहानियों और अनुभवों को साझा करते हुए 'मानव पुस्तक' बन जाते हैं। यह मंच रूढ़िवादिता को तोड़ता है। लोगों को व्यक्तिगत कथाओं के माध्यम से जुड़ने की अनुमति देकर समझ को बढ़ावा देता है। इसे सहयोगात्मक स्टोरी टेलिंग डूडल गतिविधि के रूप में देखा गया। दिल्ली इन्टरनेशनल स्कूल द्वारका की प्राचार्य अनुभा श्रीवास्तव ने कहा कि कथा-वाचन की कला को और भी गति देने की आवश्यकता है। सीबीएसई संकल्प सहोदय (एसडब्ल्यू) दिल्ली की अध्यक्ष और आईटीएल पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल डॉ. सुधा आचार्य ने साहित्य उत्सव का हिस्सा बनाने के लिए आयोजक और सूत्रधार अखबार का आभार जताया। उन्होंने कहा कि साहित्य हमेशा आत्मा का भोजन होता है। इस उत्सव ने इस तरह के आयोजन से आने वाले नये विचारों और जुड़ाव को देखने का एक अवसर और मंच प्रदान किया। इससे विद्यार्थियों को अमूर्त विरासत, रोमांचक विचारों और बहुत करीबी अनुभव से साहित्य को जानने का मौका मिला **(लेखक, हिन्दुस्थान समाचार से संबद्ध हैं।**

**■ मुकुंद**


# यूक्रेन को यूरोपीय संघ का सदस्य बनाने पर सहमति

***वैश्विक*** स्तरपर रूस-यूक्रेन व इजरायल-हमास युद्ध से दुनियां को आभास हो चुका है कि दुनियां अब तीन खेमों में बट चुकी है, इसे और भी स्पष्ट रूप से देखें तो दुनियां की दो महा शक्तियों के पक्ष विपक्ष में और कुछ देश अपने आप को न्यूट्रल रूप से रखे हुए हैं, जो हमें संयुक्त राष्ट्र में युद्ध विराम या अन्य मुद्दों पर वोटिंग में देखने को मिल रहा है, जिसमें भारत ने हमेशा न्यूट्रल स्थिति अपना कर रखी है और वोटिंग में अनुपस्थित रहा है परंतु दो दिन पहले ही भारत ने यूएन महासभा में फौरन मानवीय युद्ध विराम व बंधकों को रिहाई के मामले पर प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया था। उधर अमेरिका ने भी इसराइल को सख्त चेतावनी दी है कि अपना रुख बदले अन्यथा गाजा युद्ध के लिए समर्थन खो देगा यानी भारत अमेरिका की वर्तमान मंशा को देखा जाय तो इस मुद्दे पर दोनों देशों की आम सहमति झलकती है, इसलिए ही दोनों की मैत्री जग प्रसिद्ध है परंतु मेरा मानना है कि दोनों देशों को मिलकर उपरोक्त दोनों नामित युद्धों को रोकने के लिए आगे आना चाहिए परंतु इसके विपरीत दिनांक 14-15 दिसंबर 2023 को बेल्जियम की राजधानी ब्रसेल्स में आयोजित यूरोपीय संघ शिखर सम्मेलन में यूक्रेन को यूरोपीय संघ जिसमें 27 सदस्य देश हैं उसमें सदस्य बनाने की महत्वपूर्ण सहमति दे दी है, जिससे रूस यूक्रेन युद्ध मामले में घी में तेल डालने का काम होगा इसपर चीन की मुश्किलें बढ़ना तय है। क्योंकि अगर यूक्रेन ईयू का सदस्य देश बन जाता है तो स्वाभाविक रूप से उसके समर्थन में खुलकर 27 देश भी आ जायेंगे, हालांकि हंगरी ने इसका विरोध किया है। परंतु अभी केवल एयू संघ की सहमति ही मिली है,अभी अनेक प्रक्रियाएं होना बाकी है जिसमें कुछ वर्ष भी लगा सकते हैं तब तक ऊंट कहां करवट बदलेगा पता नहीं। चूंकि हमें युद्ध रूपी आग में उकसावे रूपी घी नहीं डालना है, बल्कि युद्ध विराम करना है, इसलिए आज हम मीडियम उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे। भारत अमेरिका को आगे आकर रूस-यूक्रेन इसराइल-हमास युद्ध को समाप्त करने आम सहमति बनवाना मानवीय कल्याण के लिए जरूरी है। साथियों बात अगर हम यूक्रेन को यूरोपीय संघ में शामिल करने पर सहमति की करें तो, ब्रसेल्स में,14 दिसंबर यूरोपीय संघ ने यूक्रेन और मोल्दोवा को सदस्य के रूप में शामिल करने पर चर्चा के लिए बृहस्पतिवार को सहमति जताई। रूस के साथ युद्ध लड़ रहे यूक्रेन के लिए यह एक बड़ी राहत वाली खबर साबित हो सकती है। यूक्रेन लंबे समय से 27 देशों वाले यूरोपीय संघ में शामिल होने का इच्छुक रहा है। यूरोपीय संघ के 27 नेताओं के ब्रसेल्स शिखर सम्मेलन के दौरान दोनों देशों को सदस्य देश के रूप में शामिल करने के लिए चर्चा करने के संबंध में निर्णय लिया गया। जब यूरोपीय संघ के नेताओं ने इस संबंध में सदस्यता वार्ता शुरू करने पर सहमति जताई। यह यूक्रेन के लिए एक बड़ी राजनीतिक जीत है। वह भी ऐसे

**भारत अमेरिका को आगे आकर रूस-यूक्रेन इसराइल-हमास युद्ध को समाप्त करने आम सहमति बनवाना मानवीय कल्याण के लिए जरूरी है। यूक्रेन को यूरोपीय संघ में शामिल करने पर सहमति की करें तो, ब्रसेल्स में,14 दिसंबर यूरोपीय संघ ने यूक्रेन और मोल्दोवा को सदस्य के रूप में शामिल करने पर चर्चा के लिए बृहस्पतिवार को सहमति जताई। रूस के साथ युद्ध लड़ रहे यूक्रेन के लिए यह एक बड़ी राहत वाली खबर साबित हो सकती है।**

समय में जब रूस का हमला लगातार बढ़ता जा रहा है और अमेरिकी सैन्य सहायता भी अनिश्चित हो गई है। यूरोपीय संघ के राजनयिकों और अधिकारियों ने कहा कि वार्ता के लिए अप्रत्याशित हरी झंडी हंगरी के पीएम विक्टर ओर्बन ने दी है। जिन्होंने इससे पहले कहा था कि वह इस तरह के समझौते को रोक देंगे। ओर्बन ने पुष्टि की कि वह यूरोपीय संघ शिखर सम्मेलन में मतदान से दूर रहे थे, जिसे उन्होंने खराब निर्णय कहा था। इस स्तर पर यह स्पष्ट नहीं था कि बदले में उसे वास्तव में क्या मिल सकता है। ऐसे में इस तरह के निर्णय को मंजूरी देने को असामान्य माना जा रहा है। वहीं यूक्रेन के राष्ट्रपति ने फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने कहा, यह यूक्रेन के लिए एक जीत है। पूरे यूरोप के लिए एक जीत है। एक जीत जो प्रेरित करती है, प्रेरणा देती है और मजबूत करती है। आगे कहा कि मैं इस दिन प्रत्येक यूक्रेनी को बधाई देता हूं। इतिहास उन लोगों द्वारा बनाया जाता है जो स्वतंत्रता के लिए लड़ते हुए नहीं थकते। यूक्रेन को रूसी सेनाओं के खिलाफ लगभग दो साल से जारी युद्ध में अपने पश्चिमी सहयोगियों के समर्थन की सख्त जरूरत है। हाल ही में यूक्रेन बाइडन प्रशासन की तरफ से यूक्रेन को मिलने

इन दिनों



किशन भावनानी गोंदिया

वाला 60 बिलियन डॉलर का सहायता पैकेज नहीं मिल सका था। यूक्रेन लंबे समय से 27 देशों वाले यूरोपीय संघ में शामिल होने का इच्छुक रहा है। यूरोपीय संघ के 27 नेताओं के ब्रसेल्स शिखर सम्मेलन के दौरान दोनों देशों को सदस्य देश के रूप में शामिल करने के लिए चर्चा करने के संबंध में निर्णय लिया गया। यूक्रेन को सदस्यता देने के लिए यूरोपीय संघ वार्ता शुरू करने पर हुआ सहमत हो गाय है, कीव को मिली अप्रत्याशित सफलता। साथियों अगर हम हंगरी के वोटिंग से दूर रहने की करें तो, हंगरी के बात पीएम क्षण भर के लिए कमरे से चले गये, जबकि अन्य 26 नेता वोट के लिए आगे बढ़े। इसके बाद उन्होंने फेसबुक पर एक वीडियो संदेश के साथ अपने सहयोगियों से दूरी बना ली। यूक्रेन की यूरोपीय संघ की सदस्यता एक बुरा निर्णय है। हंगरी इस गलत फैसले में भाग नहीं लेना चाहता है, और इसलिए आज इस निर्णय से दूर रहा। यूरोपीय संघ (ईयू) के सदस्य हंगरी ने गुरुवार (14 दिसंबर) को यूरोपीय संघ के बजट से यूक्रेन के लिए 54 बिलियन डॉलर (50 अरब यूरो) के सहायता सौदे को रोक दिया हंगरी के पीडी एफ विक्टर ओर्बन ने अपना कदम पीछे खींच लिए खींच लिया और डील को अगले साल जनवरी तक के लिए टाल दिया ओर्बन ने एक्स यह जानकारी झा की और कहा कि उन्होंने डील पर वीटो कर दिया है। उन्होंने ने सोशल मीडिया पर लिखा, नाइटशिफ्ट का सारांशः यूक्रेन को अतिरिक्त धन के लिए वीटो, एमएफएफ (बजट)समीक्षा के लिए वीटो, हम उचित तैयारी के बाद अगले साल यूरोपीय परिषद में इस मुद्दे पर वापस आयेंगे।

# देश में क्या खूखांर डॉग्स को पालने में लगेगी रोक?

***दिल्ली*** हाई कोर्ट डॉग बाइट और अटैक (कुत्तों के काटने और हमले) की घटनाओं पर सख्त हुआ है। वह अक्टूबर में खतरनाक कुत्तों को रखने के मुद्दे पर अहम आदेश दे चुका है। हाई कोर्ट ने पिटबुल, टेरियर, अमेरिकन बुलडॉग और रॉटविलर जैसे खतरनाक नस्ल के कुत्तों को रखने के लाइसेंस पर प्रतिबंध लगाने और रद्द करने के मुद्दे पर केंद्र सरकार को तीन माह के अंदर निर्णय लेने के लिए कहा। अदालत ने याचिकाकर्ता बैरिस्टर लॉ फर्म के प्रतिवेदन पर जल्द से जल्द विचार करने को कहा है। दरअसल देश में कुत्तों के काटने और हमला करने से कई लोगों की जान जा चुकी है। चिंता की बात यह है कि कुछ लोग तो बिना लाइसेंस के ही खतरनाक नस्ल के कुत्तों को पाल लेते हैं हैं। याचिका में कहा गया था कि ऐसे नस्ल के कुत्तों ने अपने मालिकों सहित अन्य लोगों पर भी हमला किया है। इस लॉ फर्म ने अदालत का ध्यान दिलाया कि ब्रिटेन के खतरनाक कुत्ते अधिनियम (1991) में पिटबुल और टेरियर को लड़ाई के लिए सूचीबद्ध किया गया था। टाइम मैगजीन के अनुसार अमेरिका में पिटबुल और टेरियर्स की संख्या कुत्तों की आबादी का केवल छह प्रतिशत है लेकिन वर्ष 1982 से कुत्तों के 68 प्रतिशत हमलों और 52 प्रतिशत मौतों के लिए इसी नस्ल के डॉग जिम्मेदार हैं। याचिका के अनुसार आमतौर पर पिट बुल ऐंड टेरियर्स अन्य कुत्तों से ज्यादा आक्रामक होते हैं। ऐसे कुत्तों को प्रतिबंधित करना और उनके पालन-पोषण के लाइसेंस को रद्द करना समय की मांग है। याचिका में दावा किया गया कि यह केंद्र और राज्य सरकार का कर्तव्य है कि लोगों के हित में काम करे और ऐसे खतरनाक नस्लों के कुत्तों के काटने की किसी भी बड़ी घटना के जोखिम से नागरिकों के जीवन को बचाने के लिए प्रभावी कार्रवाई करें। दरअसल ऐसे डॉग्स से मानव जीवन पर प्रहार हो रहा है। जो लोग खतरनाक नस्ल के कुत्ते पालते हैं, उनसे दूसरो को तो खतरा होता ही है, उनकी अपनी जान का भी खतना बना रहता है। स्ट्रीट डॉग से भी बाहरी लोगों का लगातार खतरा रहता है। कुत्तों की संख्या में लगातार वृद्धि होने से मानव जीवन पर संकट आ गया है। बिना वजह लोगों का मरना चिंता विषय है। सुप्रीम कोर्ट भी इस पर संज्ञान ले चुका है। सुप्रीम कोर्ट ने इस पर सरकार को

**हाई कोर्ट ने पिटबुल, टेरियर, अमेरिकन बुलडॉग और रॉटविलर जैसे खतरनाक नस्ल के कुत्तों को रखने के लाइसेंस पर प्रतिबंध लगाने और रद्द करने के मुद्दे पर केंद्र सरकार को तीन माह के अंदर निर्णय लेने के लिए कहा। अदालत ने याचिकाकर्ता बैरिस्टर लॉ फर्म के प्रतिवेदन पर जल्द से जल्द विचार करने को कहा है।**

एक्शन लेने आदेश दिया था। कुत्तों के काटने के कारण हुई मौतों में करीब 36 फीसदी लोगों की मौत रेबीज की वजह से होती है। बड़ा तथ्य यह है कि अधिकांश मामले तो रिपोर्ट ही नहीं होते। भारत में सबसे ज्यादा लावारिस कुत्ते हैं। हमारे यहां ऐसा कानून है ऐसे डॉग्स को मारा नहीं जा सकता। इसकी वजह से इनकी संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। इससे मानव जीवन पर संकट बना हुआ है। इसके अलावा लावारिस पशुओं की वजह से हर रोज कई लोगों की जान जा रही है। इसके बचाव लिए सरकारों के पास कोई भी प्लान नही हैं। दुखद यह है कि वाघ बकरी के मालिक पराग देसाई भी डॉग अटैक का शिकार होकर चल बसे। इस हाई प्रोफाइल व्यक्ति की मौत पर कई दिनों तक चर्चा हुई। हालांकि देश में हर रोज ऐसी सैकड़ों मौतें होती हैं। कुछ समय पहले दिल्ली में एक प्रोफेसर को कुत्तों ने नोच-नोच कर मार डाला था। दरअसल ऐसी मौतों को हत्या नहीं माना जा सकता, लेकिन यदि इसकी गंभीरता को समझा जाए तो यह सवालों के घेरे में संबंधित विभाग आता है, क्योंकि लावारिस कुत्तों को नियंत्रित करने के लिए अच्छा खासा बजट होता है। कई बार तो ऐसी खबरें सामने आई हैं जब छोटे बच्चों को भी कुत्तों ने नोच कर खा लिया। बीते दिनों एक खाना देने वाले डिलीवरी ब्वॉय को पीछे कुत्ते पड़ गये। वह जान बचाकर भागा। मोटरसाइकिल की गति तेज कर दी। इससे बैलेंस नहीं बन पाया और एक खंभे से टकरा कर बेमौत मारा गया। एनिमल बर्थ कंट्रोल रूल्स की एक रिपोर्ट के अनुसार दुनिया में सबसे ज्यादा लावारिस कुत्तों के हमले भारत में होते हैं। इस मामले में याचिकाकर्ता बैरिस्टर लॉ फर्म ने आरोप लगाया था कि खतरनाक नस्लों के कुत्ते भारत सहित 12 से अधिक देशों में प्रतिबंधित हैं, लेकिन दिल्ली नगर निगम अभी भी इनका पंजीकरण पालतू जानवर के रूप में कर रहा है। ऐसे कुत्तों की खरोद-फरोख्त करने वालों को भी यह समझना होगा कि वह इन नस्लों को आगे न बढ़ाएं और पालें। दरअसल देशभर के तमाम लोग खतरनाक कुत्तों को प्रजनन करके उनको बेचने का व्यापार करते हैं। यदि सरकार इनको रखने के लिए लाइसेंस नहीं भी देगी तो वह चोरी से इनको रखेंगे। इसलिए सरकार को इसके लिए विशेष अतिरिक्त विभाग बनाकर बड़ा काम करना होगा।

**■ योगेश कुमार सोनी**

## है न विचित्र बात !

### लिव इन रिलेशन

***लिव***-इन रिलेशनशिप अर्थात 'स्वैच्छिक सहवास' को हमारे देश में कानूनी मान्यता हासिल हो चुकी है। भारत में लिव-इन रिलेशनशिप को 1978 में कानूनी मंजूरी मिली थी। उस समय बद्री प्रसाद बनाम डायरेक्टर ऑफ कंसॉलिडेशन नामक एक मुकद्दमे में सर्वोच्च न्यायलय ने पहली बार लिव-इन रिलेशनशिप को वैध ठहराया था। इसके बाद 2010 में महिलाओं की सुरक्षा पर चर्चा करते हुए लिव-इन रिलेशनशिप अर्थात 'स्वैच्छिक सहवास' को कानूनी मान्यता दी गई थी। परन्तु कानूनी मान्यता मिलने के बावजूद लिव-इन रिलेशनशिप में बनने वाले शारीरिक रिश्ते अर्थात बिना शादी किये एक ही घर में एक साथ रहने पर सामाजिक दृष्टिकोण से बार-बार सवाल उठते रहे हैं। लिव-इन रिलेशनशिप कानून के पक्षधर इसे मूलभूत मानवीय अधिकारों और लोगों के व्यक्तिगत जीवन के विषय के रूप में देखते हैं तो वहीं दूसरी तरफ एक बड़ा वर्ग इस व्यवस्था को भारतीय सामाजिक और नैतिक मूल्यों के विरुद्ध मानता हैं। यह वर्ग इसे गैर पारंपरिक,अनैतिक यहां तक कि अधार्मिक भी मानता है। जबकि अदालत अपने निर्णय में स्पष्ट कर चुकी है कि 'लिव-इन रिलेशनशिप को पर्सनल ऑटोनॉमी यानी व्यक्तिगत स्वायत्ता के चश्मे से देखने की जरूरत है, ना कि सामाजिक नैतिकता की धारणाओं से।' फिर भी 1978 में कानूनी मंजूरी मिलने के बावजूद अर्थात 45 वर्षों बाद भी इस कानून के विरुद्ध अभी भी देश के किसी न किसी भाग से स्वर उठते ही रहते हैं। परन्तु लिव-इन रिलेशनशिप में रहने वाले जोड़ों को अदालतें यही कहकर संरक्षण देती रही हैं कि ये विषय 'संविधान के आर्टिकल 21 के तहत दिए राइट टू लाइफ' की श्रेणी में आता है। सर्वोच्च न्यायालय तो यहाँ तक कह चुकी है कि 'शादीशुदा होने के बावजूद लिव-इन रिलेशनशिप में रहना भी कोई गुनाह नहीं है। और इससे भी कोई फर्क नहीं पड़ता कि शादीशुदा व्यक्ति ने तलाक की कार्रवाई शुरू की है या नहीं। निश्चित रूप से अदालत का यह फैसला उन मानवाधिकारों की तजुर्मानी करता है जिसके तहत किसी भी व्यस्क व्यक्ति को अपने जीवन व भविष्य के बारे में निर्णय लेने का अधिकार हासिल है। जाहिर है जब किसी व्यस्क को अपनी मर्जी का कपड़ा पहनने, खाने-पीने, अपने शैक्षिक विषय चुनने, अपना कैरियर चुनकर भविष्य निर्धारित करने जैसे सभी अधिकार हासिल हैं फिर उसे अपना जीवन साथी चुनने जैसा महत्वपूर्ण निर्णय लेने का भी हक होना चाहिये। क्योंकि यह निर्णय जीवन का सबसे महत्वपूर्ण निर्णय है। सर्वोच्च न्यायालय ने 2006 के ऐसे ही एक मामले में फैसला देते हुए कहा था कि, 'वयस्क होने के बाद व्यक्ति किसी के साथ रहने या शादी करने के लिए आजाद है।' परन्तु इसी दौरान लिव-इन रिलेशनशिप में ही रहने वालों से सम्बंधित कई खबरें ऐसी भी आ चुकीं हैं जो घोर अपराधपूर्ण तथा रिश्तों में विश्वासघात या धोखा साबित हुईं। कहने को तो यह नकारात्मक स्थितियां उस वैवाहिक रिश्तों के बाद भी सामने आती हैं जिन्हें पारंपरिक विवाह या 'अरेंज मैरिज' कहा जाता है। परन्तु यह भी सच है कि सामाजिक व धार्मिक परम्परानुसार होने वाली शादियों में आने वाले किसी भी उतार चढ़ाव के समय परिवार व समाज बच्चों के साथ खड़ा होता दिखाई देता है। किसी भी पारिवारिक संकट के समय बच्चों के परिजन उनके साथ होते हैं। परन्तु लिव इन रिलेशन शिप में ऐसा नहीं हो पाता। क्योंकि चूँकि लिव-इन रिलेशनशिप अर्थात 'स्वैच्छिक सहवास' को हमारे देश की परम्पराओं व मान्यताओं के अनुसार अनैतिक माना गया है इसलिये प्रायः लिव-इन रिलेशनशिप में रहने के इच्छुक लड़के या लड़की दोनों ही के परिजन इस रिश्ते में रहने के लिये शुरू से ही राजी नहीं होते। और यदि राजी होते भी हैं तो बच्चों के दबाव में आकर ही अपने अभिभावकों को इस रिश्ते में रहने के लिये किसी तरह अनमने तरीके से राजी कर लेते हैं।

**■ निर्मल रानी**

# अब कौन पहुंचायेगा सरकारी संपत्ति को नुकसान?

***जिस*** बात का देश से प्रेम करने वाले हरेक नागरिक को दशकों से इंतजार था, वह अब हो गई है। अब किसी आंदोलन के दौरान कथित आंदोलनकारी सरकारी या सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान नहीं पहुंचा सकेंगे। यदि नुकसान पहुंचाया तो उन्हें सख्त सजा होगी। हमारे यहां सरकार से अपनी मांगों के समर्थन में आंदोलन करने वाले आमतौर पर सरकारी बसों, इमारतों, रेलों और दूसरी सार्वजनिक संपतियों को बेशर्मी से तोड़ते रहे हैं। कहना न होगा आजाद भारत में इस कारण से सत्तर सालों में अरबों-खरबों रुपये का नुकसान हुआ। जिन्होंने नुकसान किया उन्हें किसी ने कुछ नहीं कहा। वे दशकों से मौज करते रहे। उनमें से कई बड़े नेता भी बन गये। पर अब आगे किसी ने सरकारी संपत्तियों को हानि पहुंचाई तो लेने के देने पड़ जायेंगे। इसलिए ही केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की ओर से पिछले मंगलवार को संसद में पेश भारतीय न्याय संहिता विधेयक, 2023 के अपडेटेड वर्जन में आतंकवाद के कृत्यों से निपटने वाली धारा 113 में संशोधन किया गया है। इसमें 'आतंकवादी कृत्य' में देश की आर्थिक सुरक्षा और मौद्रिक स्थिरता पर हमले भी शामिल किये गये हैं। संसद की स्थायी समिति की ओर से सुझाये गये संशोधनों को ध्यान में रखते हुए मंगलवार को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मानसून सत्र में सदन में पेश किये गये भारतीय न्याय संहिता विधेयक, 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता विधेयक, 2023 और भारतीय साक्ष्य विधेयक, 2023 को वापस लेने का प्रस्ताव रखा जिसे सदन ने मंजूरी दी। इसके बाद उन्होंने नये विधेयकों को पेश किया। भारतीय न्याय संहिता विधेयक की धारा 113(1) में प्रावधान है कि अगर कोई व्यक्ति ऐसी मंशा या हरकत करता है, जिससे देश की संप्रभुता, एकता, अखंडता को नुकसान या खतरा पैदा होता है, या आतंकी घटना की मंशा रखता हो, आतंकी हमले करता हो, इसके लिए बम, हथियार, केमिकल, बॉयोलॉजिकल हथियार और जहर आदि का इस्तेमाल करता हो, जिससे जान-माल का नुकसान हो तो ऐसे मामले में दोषी शख्स को उम्रकैद या फांसी की सजा तक हो सकती है। भारतीय न्याय संहिता विधेयक की धारा 113(5) में कहा गया है कि अगर कोई शख्स भारत की रक्षा परिसंपत्ति को नुकसान पहुंचाता हो या अन्य तरह की सरकार की ऐसी संपत्ति को नुकसान पहुंचाता हो तो वह आतंकवाद यानी टेरर एक्ट माना जायेगा। इसी कानून की धारा 113(बी) में कहा गया- अगर कोई संवैधानिक पद पर बैठे या पब्लिक फंक्शनरी पर हमला करता है या अगवा करता है या ऐसी मंशा रखता है तो ऐसे मामले को भी टेरर एक्ट माना जायेगा। इससे मौत होने पर उम्रकैद और फांसी की सजा का प्रावधान है। आपको याद होगा कि नागरिकता संशोधन एक्ट (सीएए) के खिलाफ देश के कई हिस्सों में विरोध प्रदर्शन हुए थे। कई जगहों पर विरोध प्रदर्शन ने हिंसक रुख भी अख्तियार कर लिया। दिल्ली में जामिया मिलिया इस्लामिया के छात्रों ने भी विरोध प्रदर्शन के दौरान बसें और दूसरी गाड़ियां जला दीं थीं। तब सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि छात्रों को शांतिपूर्ण प्रदर्शन का अधिकार है, लेकिन कोर्ट ने प्रदर्शन के दौरान हुए सार्वजनिक संपत्ति के नुकसान पर नाखुशी जाहिर की थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि छात्रों को बसें जलाने का अधिकार किसने दे दिया? कोर्ट ने छात्रों को चेतावनी देते हुए कहा कि अपनी बात रखने के लिए उन्हें सड़क पर उतरने का अधिकार तो है लेकिन, वो अगर सार्वजनिक संपत्ति का नुकसान करेंगे तो कोर्ट उनकी बात नहीं सुनेगा। अकसर विरोध प्रदर्शनों में सार्वजनिक संपत्ति का नुकसान होता है। कभी बसें जला दी जाती हैं, कभी ट्रेनों पर पथराव होता है, कभी सरकारी इमारतों में तोड़-फोड़ होती है, तो कभी सरकारी ट्रांसपोर्ट व्यवस्था का नुकसान किया जाता है। ये सवाल बार-बार पूछा जाता था कि अगर विरोध प्रदर्शन में सरकारी संपत्ति का नुकसान होता है तो इसका जिम्मेदार कौन है? अब स्थिति साफ हो गई है। अब किसी ने सरकारी संपत्ति को हानि पहुंचाई तो लेने के देने पड़ जायेंगे। कहना ना होगा कि विरोध प्रदर्शन के कारण भारतीय रेलवे को तो हमेशा बलि का बकरा ही समझा जाता है। रेलवे को पिछले तीन सालों में लगभग 262 करोड़ रुपये का नुकसान झेलना पड़ा है और रेलवे को सबसे ज्यादा नुकसान 2022 में हुआ है। केंद्रीय रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने कुछ समय पहले संसद में बताया था कि बीते तीन सालों में यानी कि 2020, 2021 और 2022 में भारतीय रेलवे को 1.78, 0.68 और 259.44 करोड़ रुपये का नुकसान विरोध प्रदर्शनों के दौरान रेलवे संपत्ति को क्षति पहुंचाने के कारण हुआ है। 2022 में भारतीय सेना द्वारा सेना में भर्ती के लिए अग्निपथ योजना लाई गई थी जिसका देश के कई राज्यों में काफी विरोध हुआ था। उस समय रेलवे की संपत्ति में तोड़फोड़ की कई घटनाएं सामने आई थीं। वहीं कई ट्रेनों को भी प्रदर्शनकारियों ने आग के हवाले कर दिया था। दरअसल सरकारी और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वालों के खिलाफ कानून पहले भी था। उसे सार्वजनिक संपत्ति नुकसान रोकथाम अधिनियम 1984 कहते थे। इसके प्रावधानों के मुताबिक अगर कोई व्यक्ति सरकारी या सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का दोषी साबित होता है तो उसे 5 साल की सजा हो सकती थी। इसमें जुर्माने का भी प्रावधान था। ऐसे मामलों में दोषी पाये जाने पर सजा और जुर्माना दोनों हो सकता था। पर पुराना कानून कमजोर पड़ रहा था या कहें कि उसका असर नहीं हो रहा था। इसलिए नये और सख्त कानून की दरकार थी। सुप्रीम कोर्ट को भी हमेशा लगता रहा कि इस मामले में और भी उपाय किये जाने की जरूरत है। 2007 में सार्वजनिक संपत्ति के भीषण नुकसान की खबरों पर सुप्रीम कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया था। उस वक्त हिंसक विरोध प्रदर्शन, बंद और हड़ताल में सरकारी संपत्ति का खूब नुकसान हुआ था। सुप्रीम कोर्ट ने इस बारे में कानून में बदलाव के लिए दो कमेटी बनाई थी। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज केटी थॉमस और सीनियर वकील फली नरीमन को कमेटियों का प्रमुख बनाया गया था। 2009 में इन दोनों कमेटियों की सलाह पर सुप्रीम कोर्ट ने सरकारी और सार्वजनिक संपत्ति को लेकर कुछ गाइड लाइंस जारी किये थे। कहना न होगा कि अब एक उम्मीद पैदा हुई है कि सरकारी संपत्ति से तोड़फोड़ करने से पहले देश के दुश्मन 10 बार सोचेंगे। **(लेखक, वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)**

**संसद में पेश भारतीय न्याय संहिता विधेयक, 2023 के अपडेटेड वर्जन में आतंकवाद के कृत्यों से निपटने वाली धारा 113 में संशोधन किया गया है। इसमें 'आतंकवादी कृत्य' में देश की आर्थिक सुरक्षा और मौद्रिक स्थिरता पर हमले भी शामिल किये गये हैं। संसद की स्थायी समिति की ओर से सुझाये गये संशोधनों को ध्यान में रखते हुए मंगलवार को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मानसून सत्र में सदन में पेश किये गये भारतीय न्याय संहिता विधेयक, 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता विधेयक, 2023 और भारतीय साक्ष्य विधेयक, 2023 को वापस लेने का प्रस्ताव रखा जिसे सदन ने मंजूरी दी।**

**■ आर.के. सिन्हा**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# ठंड के मौसम के लिए बिल्कुल फिट हैं ऊनी कपड़े





सर्दियों में जब धूप खिली होती है तो तापमान बढ़ जाता है। इसी तरह, जब आप बारिश का सामना करते हैं, तो तापमान गिर जाता है और मौसम ठंडा हो जाता है। इन दोनों मामलों में तापमान नियंत्रित आधार परत पहनना बड़ा प्लस प्वाइंट है। यह ऐसी होनी चाहिए कि परत घर के अंदर गर्म और बाहर की ठंड को भी सहन कर सके। आखिरकार, यह आपके शीतकालीन लेयरिंग सिस्टम की पहली परत है। और इसलिए आप इसे आसानी से नहीं हटा सकते। यह अनूठा मिश्रण फीडबैक के कारण बनाया गया था। जिसमें बताया गया था कि कैसे सिर्फ मेरिनो ऊन से बनी आधार परतें खुजलीदार होती हैं। पारंपरिक ऊनी कपड़ों की खुजली मिटाने वाली सामग्री तापमान-विनियमन करने वाली थी। एक टी-शर्ट के रूप में दोगुना हो गया है और इसलिए आपके द्वारा पहनने वाली परतों की संख्या कम हो गई है। ऊन से बने फर जैकेट दिखने में बहुत स्टाइलिश हैं और किसी भी शीतकालीन यात्रा के लिए उपयुक्त हैं। वे बर्फ, पानी और हवा प्रतिरोधी हैं और रिब्ड कफ और एक अलग करने योग्य हुड के साथ आते हैं। उपयुक्त बाहरी वस्त्रों के लिए पार्क एक और आकर्षक विकल्प है। यह ठंड के मौसम के लिए कपड़ों के रूप में भी बिल्कुल फिट बैठता है। कोशा के पार्कों की रेंज स्नोप्रूफ, विंडप्रूफ और पानी प्रतिरोधी सामग्री के साथ उपयोगकर्ता के अनुकूल है। गर्मी के लिए एक अलग करने योग्य हुड और एक फर परत है, जिसमें दो क्रॉस पॉकेट, एक फ्रंट ज़िप और एक बटन फ्लैप है। यह जैकेट अन्य जैकेटों की तुलना में थोड़ी लंबी है और मध्य-जांघ की लंबाई तक आती है। कोशा की



शीतकालीन रेंज आरामदायक और इन्सुलेशनयुक्त होने के साथ-साथ आंखों को भी बहुत आकर्षक लगती है। यदि आप बार-बार यात्रा करते हैं और अत्यधिक सर्दियों वाले स्थानों पर जाते हैं तो यह बाहरी आवरण आवश्यक हैं। शरीर के खुले क्षेत्रों जैसे गर्दन क्षेत्र, हाथ, पैर और कान को गर्माहट सुनिश्चित करने के लिए ठंडी हवाओं से सुरक्षा की आवश्यकता होती है। स्कार्फ, बीनियां, गर्म सर्दियों की टोपी, दस्ताने, मोजे और मफलर जैसी शीतकालीन सहायक वस्तुएं आवश्यक वस्तुएं हैं। शीतकालीन यात्रा के लिए पैकिंग करते समय ये काम आएंगे। मोजे सर्दियों के सबसे कम महत्व वाले सामानों में से एक हैं। ऊनी मोजों की एक जोड़ी आपके पैरों को आवश्यक इन्सुलेशन प्रदान कर सकती है। यह उन्हें ठंड से बचाने में भी मदद करता है। मोजे भी पैरों के लिए एक सुरक्षात्मक परत बनाते हैं। कोशा के बिना ब्लिस्टर मोजे अत्यधिक ठंडे सर्दियों वाले क्षेत्रों के लिए बनाए गए हैं।

❖ **कुमारी रिया**

# स्टाइलिश स्ट्रीटवियर के लिए ऊनी कोट आदर्श विकल्प

गर्माहट सुनिश्चित के लिए जैकेट को तापमान सीमा के अनुसार वर्गीकृत किया गया है। आपको ठंड के मौसम के लिए अपने कपड़ों की मध्य परतों के महत्व को कम नहीं आंकना चाहिए। आखिरकार यह आधार और मध्य परत के बीच फंसी गर्मी है जो शरीर की गर्मी को बाहर निकलने से रोकती है। जैसा कि इसके नाम से पता चलता है। बाहरी वस्त्र शीतकालीन परिधान की सबसे बाहरी परत बनाते हैं। अपनी यात्रा के उद्देश्य के आधार पर सबसे उपयुक्त सामग्री पर निर्णय लें। इस परत को शैल परत के रूप में भी जाना जाता है। यह उस खोल के कारण है जो आपको बर्फ, हवा और बारिश से बचाता है। आप शुष्क सर्दियों की स्थिति में ऊनी कोट पहन सकते हैं। स्टाइलिश स्ट्रीटवियर के लिए ऊनी कोट भी आदर्श विकल्प हैं। ये कोट किसी बिजनेस ट्रिप जैसी औपचारिक सैर के लिए भी आपके साथ आ सकते हैं। बर्फीली और नम स्थितियों में हर मौसम में वाटरप्रूफ और स्नोप्रूफ जैकेट ले जाने की सलाह दी जाती है। सुनिश्चित करें कि गर्माहट सुनिश्चित करने के लिए आपके जैकेट को हमेशा तापमान सीमा के अनुसार वगीर्कृत किया जाए। वास्तव में गर्म जैकेट इन्सुलेशन की दो से तीन परतों से ढकी होगी। साथ ही इसमें आपको एक हुड भी लगा हुआ नजर आएगा। ये हुड अक्सर या तो कृत्रिम फर या ऊन से पंक्तिबद्ध होते हैं। यह आपके सिर को गर्मी की अतिरिक्त परत प्रदान करता है। अक्सर सर्दियों के कोट गर्म दिख सकते हैं लेकिन ये केवल स्टाइल के लिए होते हैं। इसलिए, आपको यह सुनिश्चित करना होगा कि आपके कोट को तापमान सीमा के लिए वगीर्कृत किया गया है। यदि आपकी जैकेट की आस्तीन इंसुलेटेड है और आपने फुल-स्लीव थर्मल पहना है तो आप स्लीवलेस मिड-लेयर का विकल्प चुन सकते हैं। इससे आपकी भुजाओं को आराम से चलने की आजादी मिलती है।

❖ **उर्मिला कुमारी**

# इंसुलेटेड दस्ताने, जैकेट व ऊनी वस्त्र शामिल करें परिधान में

सर्दी के मौसम का आगमन शरद ऋतु के बाद होता है। यह बसंत ऋतु के आगमन पर समाप्त होती है। भारत में सर्दी के मौसम पलामू में बहुत अधिक ठंडी ऋतु होती है। सर्दी के मौसम का समय नवम्बर मास से लेकर फरवरी मास तक होता है। भारत देश में नवम्बर में शुरू होने वाली ठंड दिसम्बर आते-आते भीषण ठंड में बदल जाती हैं। सर्दी के मौसम में दिन प्रायः छोटे और रातें लंबी होती हैं। सूर्य की गर्मी जो लोगों को ग्रीष्म ऋतु में अच्छी नहीं लगती वह गर्मी सभी लोगों को सर्दी के मौसम में अत्यंत प्रिय लगने लगती है।सर्दी से बचने के लिए बहुत से लोग आग का भी आनंद लेते हैं। सर्दी के मौसम में अन्य ऋतुओं की तुलना में वातावरण में बड़े स्तर पर परिवर्तन देखा जा सकता है। वातावरण का तापमान बहुत कम हो जाता है, तेज गति से हवाएं चलने लगती हैं, दिन छोटे हो जाते हैं और रातें लंबी हो जाती हैं। कभी-कभी तो घने बादलों, कोहरे और धुंध की वजह से सूरज को देखना भी असंभव लगता है। सर्दी के मौसम के दौरान गीले कपड़ों के सूखने में बहुत परेशानी होती है। सर्दी के मौसम के दौरान कोहरा और धुंध बहुत ही सामान्य होते हैं, जो सडकों पर अधिक भीड़ और दुर्घटनाओं के कारण बनते हैं। हमें सर्दियों से बचने के लिए बहुत से गर्म कपड़े पहनने चाहिएँ और अपने घरों में रहना चाहिए।इंसुलेटेड कपड़े आपको गर्म रखने और सुरक्षित रखने में काफी मदद कर सकते हैं। ठंड के मौसम में अपने पहनावे में इंसुलेटेड दस्ताने, जैकेट और चौगा शामिल करें। गर्म, इंसुलेटेड कपड़ों के अलावा, आप कुछ गर्म विकल्पों पर भी विचार कर सकते हैं। कुछ कपड़ा निमार्ता हीट पैक को समायोजित करने के लिए डिजाइन किए गए जैकेट, बनियान और दस्ताने पेश करते हैं। ये आपको सबसे ठंडे तापमान में भी गर्म रहने की अनुमति देंगे। एक अन्य विकल्प गर्म जैकेट हैं जो गर्मी की आपूर्ति के लिए रिचार्जेबल बैटरी पैक का उपयोग करते हैं। बस बाहर निकलने से पहले चार्ज करना सुनिश्चित करें। गर्मी किसी भी ऐसी जगह से बच जाएगी जो ढकी हुई न हो, इसलिए अपने सिर को ठंड से बचाना सुनिश्चित करें। ठंड के मौसम में सिर पर पहनने के लिए बुना हुआ टोपी, बालाक्लाव और कान के फ्लैप वाली टोपी शामिल हैं।



❖ **बजरंगी कुमार**

# ठंड से राहत प्रदान करते हैं ऊनी वस्त्र

सर्दी का मौसम भारत में साल का बहुत ठंडा मौसम होता है। यह शरद ऋतु के बाद शुरू होता है और वसंत ऋतु के आगमन पर समाप्त होता है। साल के अन्य मौसमों की तुलना में सर्दी के मौसम में हम वातावरण में भारी स्तर पर बदलाव महसूस करते हैं। वायुमंडलीय तापमान बहुत कम हो जाता है, ठंडी हवाएँ तेज गति से चलती हैं, दिन छोटा और रात लंबी हो जाती है, आदि। कभी-कभी, आकाश में घने बादलों के कारण हमें सूर्य का प्रकाश दिखाई नहीं देता है, हालाँकि अन्य सर्दियों के दिनों में आकाश बहुत साफ और नीला दिखाई देता है। लेकिन सबसे ज्यादा सर्दियों का मौसम गरीब लोगों के लिए भी कुछ समस्याएँ पैदा करता है क्योंकि उनके पास गर्म कपड़े और उचित घर नहीं होते हैं या कम होते हैं। बहुत अधिक ठंड के कारण विभिन्न पक्षी प्रवासित हो जाते हैं और जानवर शीतनिद्रा में चले जाते हैं। इस मौसम में कोहरा और धुंध बहुत आम है जो अधिक यातायात और सड़क दुर्घटनाओं का कारण बनता है। ठंड से बचने के लिए हमें कई ऊनी कपड़े पहनने पड़ते हैं और कई दिनों तक घर में ही रहना पड़ता है।सर्दियों के मौसम की शुरूआत पूरे भारत में क्षेत्रों और पृथ्वी के सूर्य के चारों ओर अपनी झुकी धुरी पर घूमने के अनुसार थोड़ी भिन्न होती है। तापमान के आधार पर, अंडरगारमेंट हल्के या इंसुलेटेड हो सकते हैं। उच्च गुणवत्ता वाले मोजे भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं। ऊनी मोजे गर्म और सांस लेने योग्य होते हैं, जो उन्हें एक बढ़िया विकल्प बनाते हैं। ऊन कपास की तुलना में अधिक नमी धारण कर सकता है, और गीला होने पर भी इन्सुलेशन बनाए रखेगा। परतों में मोजे पहनने से इन्सुलेशन मिलता है, लेकिन अपने जूतों में जगह छोड़ना सुनिश्चित करें ताकि आप परिसंचरण को बाधित न करें। अच्छे जूते आपको बफीर्ले परिस्थितियों में फिसलने से रोक सकते हैं , और आपके पैरों को सूखा रख सकता है। यदि आपने अपनी स्थिति के लिए सही जूते चुने हैं, तो यह आपको गर्म रखने के लिए गर्मी भी बरकरार रख सकता है। ऐसे जूतों की तलाश करें जिनमें नीचे की तरफ रबर हो और फेल्ट लाइनिंग के साथ इंसुलेशन हो। गीली स्थितियों में ऐसे जूते चुनें जो या तो जल प्रतिरोधी हों या जलरोधी हों। अंत में, आपके कपड़ों में जलरोधी बाहरी परत शामिल होनी चाहिए। आपके अन्य शीतकालीन कपड़ों की तरह, आपकी बाहरी परत हल्की और सांस लेने योग्य होनी चाहिए। एक हल्का वाटरप्रूफ जैकेट भी बहुमुखी है। जिसका उपयोग साल भर किया जा सकता है।





❖ **गोलू कुमार**

# शरद ऋतु का आगमन बसंत ऋतु के पूर्व होती है

शरद ऋतु बरसात के ऋतु के बाद हमारे देश में प्रवेश करती हैं और सभी लोगों को ठंड महसूस दिलाती है। शरद ऋतु में तापमान बहुत ही नीचे स्तर तक पहुंच जाता है जिससे हमें काफी ठंड महसूस होती है। ठंड का मौसम में सभी व्यक्ति स्वेटर, शॉल तथा टोपी जैसे गर्म कपड़ों को पहनकर अपने शरीर को ठंड से सुरक्षित रखते हैं। ठंड के दिनों में हवाएं भी बहुत ही ठंडी चलती हैं। जिससे पूरा वातावरण ठंडा हो जाता है। शरद ऋतु का आगमन बसंत ऋतु के पूर्व होती है। यह ऋतु दिसंबर के महीने में हमारे यहां प्रवेश करती है तथा मार्च के महीने के पश्चात चली जाती है। इन महीनों में शरद ऋतु अपनी ठंड की चादर हर जगह फैला देती है। जिससे सभी लोग ठंड को महसूस करते हैं। शरद ऋतु आने से तापमान में भारी गिरावट आती है। तापमान कम होने से वातावरण भी ठंडा हो जाता है। जिससे हमें बहुत ठंड महसूस होती है। सर्दी के मौसम में सभी लोग गर्म कपड़े पहनते हैं और चाय या कॉफी पीते हैं। जिससे शरीर का तापमान बना रहता है। सर्दी के मौसम में पूरे आसमान में कोहरा होता है। जिससे दूर तक देखा नहीं जा सकता है और इस मौसम में ओस की छोटी-छोटी बूंदों की बारिश भी होती है। कोहरे की वजह से ज्यादा दूर तक ना दिखाई देने की वजह से सड़क दुर्घटना बहुत ही ज्यादा होने लगते हैं। पलामू में कई जगहों पर बहुत ज्यादा तेज ठंडी पड़ने लगती है। सर्दी के मौसम में किसानों के खेतों में गेहूं, सरसों,मटर, आलू, धनिया, टमाटर आदि फसलों की खेती होती है। इस मौसम में कई प्रकार की फसलें किसान उगाते हैं। सर्दी ज्यादा होने से बहुत सारे दिक्कतों का सामना भी करना पड़ जाता है। अगर कहीं पर बहुत ही ज्यादा तेजी से सर्दी पड़ रही है तो वहां का सारा पानी जम जाता है। जिससे पानी पीने की समस्या उत्पन्न हो जाती है और पानी को उबालकर पीया जाता है। सर्दी के मौसम में ही कई जगह पर बड़े-बड़े मेले लगते हैं जैसे कि प्रयागराज में कुंभ मेला लगता है जो इस पृथ्वी का सबसे बड़ा मेला है। ठंड के मौसम में ही नया साल आता है और गणतंत्र दिवस और होली आता है। होली का त्यौहार सर्दी के अंत में और गर्मी के शुरूआत में आता है। अगर सर्दी ज्यादा हो जाए तो इससे जो पेड़-पौधे ज्यादा ठंड को बर्दाश्त नहीं कर सकते हैं। उन पौधों की पत्तियां झड़ जाती हैं। जिससे पेड़ खराब हो जाता है। ठंड बढ़ने से सभी जीव-जंतुओं को भी खतरा रहता है।

❖ **ओम प्रकाश उर्फ डब्लू**



# शरद ऋतु में ऊनी कपड़े पहनें

शरद ऋतु भारत में चारों ऋतुओं में सबसे ठंडी ऋतु होती है। यह अमूमन दिसम्बर के महीने से शुरू होती है और मार्च में होली के दौरान खत्म होती है। दिसम्बर और जनवरी को शरद ऋतु के सबसे ठंडे महीने माना जाता है। यह पतझड़ के मौसम के बाद आती है और वसंत ऋतु से पहले समाप्त हो जाती है। हम आमतौर पर इसे दीवाली के त्योहार से होली के त्योहार तक वातावरण के तापमान में निरंतर कमी के द्वारा महसूस करते हैं। सर्दियों के मौसम के दौरान पहाड़ी क्षेत्र बहुत ही सुन्दर दिखने लगते हैं। क्योंकि सब कुछ बर्फ की चादर से ढंका होता है और प्राकृतिक दृश्य की तरह बहुत सुन्दर दिखाई देता है। सभी वस्तुओं पर पड़ी हुई बर्फ मोती की तरह दिखाई देती है। सूर्य के निकलने पर अलग-अलग रंग के फूल खिलते हैं और पूरे वातावरण को नया रुप देते हैं। आपको पता है कि शरद ऋतु क्यों आती है। जैसा कि हम सभी जानते हैं कि पृथ्वी अपनी धुरी पर सूर्य के चारों ओर चक्कर लगाती है। पृथ्वी का अपने अक्ष पर घूमना ही पूरे साल भर में मौसम और ऋतुओं के बदलने में मुख्य भूमिका निभाता है। जब पृथ्वी उत्तरी गोलार्द्ध पर चक्कर लगाती है, तो सर्दी होती है। ऋतुएं बदलती हैं। जब पृथ्वी सूर्य के चारों ओर घूमती है। पृथ्वी अपने अक्ष पर 23.5 डिग्री क्रान्ति वृत झुकी हुई है। इस लिए शीतऋतु के चरमपर वातावरण का तापमान बहुत कम हो जाता है। पहाड़ी क्षेत्र बर्फ की सफेद मोटी चादर से ढंक जाते हैं और बहुत ही सुन्दर लगते हैं। सर्दियों में कड़ाके की ठंड के कारण, लोगों को घर से बाहर जाने के दौरान कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। सर्दी का मौसम अक्टूबर के अंत में शुरू होता है और मार्च के प्रारम्भ में खत्म होता है। सभी सर्दी के मौसम के दौरान शरीर को गर्म रखने के लिए मोटे ऊनी कपड़े पहनते हैं। हमें शीतऋतु की चरम सीमा के महीने में उच्च स्तरीय ठंड और तेज सर्द हवाओं का सामना करना पड़ता है। हम वातावरण में दिन और रात के दौरान बड़े स्तर पर तापमान में परिवर्तन देखते हैं, रातें लम्बी होती है और दिन छोटे होते हैं। आसमान साफ दिखता है हालांकि, कभी-कभी सर्दी के चरमोत्कर्ष पर पूरे दिन धुंध या कोहरा रहता है। कभी-कभी शीतऋतु में बारिश भी होती है और स्थिति को और भी अधिक ठड बना देती है।

❖ **वेद प्रकाश**

# सर्दी में गर्म कॉफी, चाय, सूप की चुस्की देती है राहत

शीत ऋतु हमें जीवन के संघर्षों का सामना करने की प्रेरणा देती है। शीत ऋतु से पहले शरद ऋतु में हमारा जीवन सामान्य रहता है लेकिन शीत ऋतु में हमारा संघर्ष बढ़ जाता है। जिस तरह से शीत ऋतु के जाने के बाद हमें बसंत का आनन्द मिलता है, ठीक उसी तरह जीवन में संघर्ष करने के बाद हमें सफलता का आनन्द मिलता है। यही संदेश हमें शीत ऋतु देती है।पलामू शरद ऋतु बहुत ही अधिक ठंडी ऋतु होती है। यह पतझड़ के बाद शुरू होती है और वसंत ऋतु के आगमन पर समाप्त होती है। हम वातावरण में शरद ऋतु के दौरान अन्य मौसमों की तुलना में बड़े स्तर पर परिवर्तन देखते हैं। वातावरण का तापमान बहुत कम हो जाता है, तेज गति में हवाएं चलने लगती है, दिन छोटे हो जाते हैं और रातें लम्बी हो जाती है आदि।कभी-कभी तो हम घने बादलों, कोहरा और धुंध के कारण सूरज को भी नहीं देख पाते हैं हालांकि, अन्य सर्दियों के दिनों में आसमान बहुत ही साफ और नीला दिखाई देता है। पूरे सर्दी के मौसम के दौरान गीले कपड़ों के सूखने में बहुत अधिक परेशानी आती है। सर्दी स्वास्थ्य का निर्माण करने का मौसम होता है हालांकि, पेड़-पौधों के लिए बुरा होता है, क्योंकि वे बढ़ना छोड़ देते हैं। बहुत से जानवर असहनीय ठंडे मौसम के कारण शीतकालीन निद्रा में चले जाते हैं। इस मौसम में हर जगह पत्ते बिखरे हुए दिखाई देते हैं। शरद ऋतु में शरीर में चुस्ती रहती है और मन खुश रहता है। सरोवरों में कमल खिल जाते हैं और सभी तरफ पक्षियों की कोमल आवाज होती है। रात में चन्द्रमा की चाँदनी बहुत ही आकर्षक लगती है और पूरा वातावरण बहुत ही मनोरम लगता है। शरद ऋतु के अश्विन और कार्तिक दो ही माह होते हैं। इस समय ठंडी-ठंडी हवा चल रही होती है और फूलों पर भँवरे और जमीन पर चींटियाँ होती है।सर्दी का मौसम आते ही हम गर्म या ऊनी कपड़े पहनना शुरू कर देते हैं।तथा इसके रेशों के बीच बहुत सारी हवा बंद हो जाती है। हवा ऊन से भी अधिक ऊष्मा की कुचालक है। इसलिए हमारे शरीर से पैदा होने वाली ऊष्मा अधिक मात्रा में बाहर नहीं निकल पाती है। ऊन के वस्त्र और शरीर के बीच में वायु की परत होने के कारण भी शरीर से ऊष्मा बाहर नहीं निकल पाती। इसलिए ऊनी कपड़े पहनने से गर्मी का अहसास होता है। शरीर को गर्म रखने के साथ-साथ बहुत कम तापमान से सुरक्षा पाने के लिए हर कोई पूरे सर्दियों में मोटे ऊनी कपड़े पहनता है। हल्की गर्मी और आनंददायक अनुभव पाने के लिए हम सुबह-शाम गर्म कॉफी, चाय, सूप आदि की चुस्की लेना पसंद करते हैं। हम आम तौर पर रविवार को दोपहर में प्राकृतिक धूप से कुछ गर्मी पाने और अपने परिवार और दोस्तों के साथ आनंद लेने के लिए पिकनिक पर जाते हैं। गर्मी पाने और सर्दी से बचने के लिए हम रात में जल्दी बिस्तर पर चले जाते हैं।





❖ **आनंद राज चंद्रा**

**संकलन : ओम प्रकाश प्रजापति**

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

" Smiles & More"

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities
- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## एक नजर

### सीएम भजनलाल के पिता की तबीयत बिगड़ी

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के पिता किशन स्वरूप शर्मा की शुक्रवार देर रात अचानक तबीयत बिगड़ गई। इसके बाद डॉक्टरों की टीम उन्हें सवाई मानसिंह अस्पताल की इमरजेंसी में लेकर पहुंची। जहां वरिष्ठ डॉक्टरों ने उनका इलाज शुरू किया। फिलहाल वह अस्पताल के आईसीयू वार्ड में भर्ती हैं। अस्पताल अधीक्षक डॉ अचल शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के पिता किशन स्वरूप शर्मा को शुक्रवार देर रात अचानक यूरिन में समस्या होने के बाद एसएमएस अस्पताल लाया गया। वे यूरिन रुकने की वजह से परेशान थे। अस्पताल के मेडिकल आईसीयू वार्ड नंबर 8 में उन्हें भर्ती किया गया है। जहां चिकित्सकों की टीम उनकी जांच और निगरानी कर रही है।

### माल्टा के अपहृत जहाज की मदद के लिए भारतीय नौसेना आई आगे

**मुंबई।** एक बड़े घटनाक्रम में, भारतीय नौसेना कुछ दिन पहले अरब सागर में चालक दल के 18 सदस्यों के साथ अपहृत माल्टा-ध्वज वाले जहाज की मदद के लिए आगे आई। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। जहाज एमवी रुएन के मई दिवस के संदेश पर प्रतिक्रिया देते हुए कि कम से कम छह 'समुद्री डाकू' जहाज पर चढ़ गए थे, भारतीय नौसेना के मिशन डिप्लॉयड प्लेटफॉर्म ने तेजी से प्रतिक्रिया व्यक्त की। जैसे ही खुले समुद्र में गंभीर स्थिति सामने आई, आईएन ने एमवी रुएन का पता लगाने और सहायता प्रदान करने के लिए नौसेना के समुद्री गश्ती विमान को क्षेत्र में एक निगरानी मिशन पर और अपने युद्धपोत को अदन की खाड़ी में समुद्री डकैती विरोधी गश्त पर भेज दिया।

### चीन ने सफलतापूर्वक लांच किया रिमोट सेसिंग 41 उपग्रह

**बीजिंग।** चीन ने दक्षिण चीन के हाएनान प्रांत में स्थित वनछांग अंतरिक्ष उड्डयन प्रक्षेपण केंद्र में 15 दिसंबर की रात 9 बजकर 41 मिनट पर लॉन्ग मार्च नंबर 5 रिमोट 6 वाहक रॉकेट से रिमोट सेसिंग 41 उपग्रह लॉन्च किया। उपग्रह सुचारू रूप से निर्धारित कक्षा में पहुंचाया गया और प्रक्षेपण कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। रिमोट सेसिंग 41 उपग्रह हाई ऑर्बिट ऑप्टिकल रिमोट सेसिंग उपग्रह है। इसका मुख्य प्रयोग भू-सर्वेक्षण, कृषि, पर्यावरण सुधार, मौसम पूर्वानुमान और आपदा न्यूनीकरण में किया जाता है। यह राष्ट्रीय आर्थिक निर्माण के लिए सूचना सेवा प्रदान कर सकता है। यह प्रक्षेपण लॉन्ग मार्च वाहक रॉकेट की 502वीं उड़ान भी है।

### उग्रवादी हो रहे संगठित, आतंकवाद विरोधी प्रयास तेज

**श्रीनगर।** पिछले महीने जम्मू-कश्मीर के नये पुलिस महानिदेशक बने आरआर स्वैन ने क्षेत्र में आतंकवाद को खत्म करने के अंतिम लक्ष्य के साथ आतंकवादी नेटवर्क, विशेष रूप से ओवर ग्राउंड नेटवर्क को खत्म करने के लिए समन्वित प्रयासों की महत्वपूर्ण आवश्यकता पर जोर दिया है। एक संयुक्त सुरक्षा समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने सुरक्षा स्थिति की निगरानी के लिए आधुनिक तकनीकी उपकरणों के उपयोग के महत्व को रेखांकित किया और वहां छिपे आतंकवादियों को जड़ से उखाड़ने के लिए ऊंचे इलाकों में अभियान शुरू करने का निर्देश दिया। ऊंचे इलाकों में विदेशी और स्थानीय आतंकवादियों से निपटने और सर्दियों के दौरान उनकी घुसपैठ की कोशिशों को नाकाम करने के लगातार प्रयासों के बावजूद, आतंकवादी कश्मीर में आतंक भड़काने के लिए नई रणनीति तैयार कर रहे हैं।

# भारत और बांग्लादेश में 53वें विजय दिवस की धूम



### पाकिस्तान के 93 हजार सैनिकों ने भारत के आगे घुटने टेके थे

### 16 दिसंबर 1971 को बांग्लादेश का स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में हुआ था जन्म

**एजेंसी। नई दिल्ली/ढाका**

भारत और बांग्लादेश में शनिवार को विजय दिवस की धूम है। भारतीय जनता पार्टी ने इस मौके पर मां भारती के जांबाज सैनिकों को नमन किया है। बांग्लादेश में विजय दिवस की पूर्व संध्या पर राजधानी ढाका में संसद को रोशनी से सजाया गया। भारत में इस मौके पर नई दिल्ली स्थिति आर्मी हाउस में आयोजित एट होम कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शामिल हुईं।

प्रेसिडेंट ऑफ इंडिया के एक्स हैंडल पर जारी सचित्र विवरण के अनुसार राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू विजय दिवस की पूर्व संध्या पर आर्मी हाउस में 'एट होम' रिसेप्शन में शामिल हुईं। भाजपा ने एक्स हैंडल पर 52 साल पहले आज की तारीख की स्मृतियों को याद करते हुए कहा है कि 1971 के युद्ध में अपने अदम्य साहस, शौर्य और बलिदान से ऐतिहासिक विजय का गौरवशाली अध्याय लिखने वाले मां भारती के जांबाज सैनिकों को कोटि-कोटि नमन। आर्मी हाउस के एट होम पर एडीजी पीआई-भारतीय सेना ने अपने एक्स हैंडल पर सचित्र विवरण साझा किया है। इसमें कहा गया है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान भारतीय सशस्त्र बलों की जीत के उपलक्ष्य और सर्वोच्च बलिदान देने वाले बहादुरों की याद में आर्मी हाउस में विजय दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित स्वागत समारोह में शामिल हुईं। एडीजी पीआई-भारतीय सेना के एक्स हैंडल की सूचना के अनुसार जनरल मनोज पांडे ने समारोह का आयोजन किया। इसमें उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, अन्य प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्ति, दिग्गज, राजनयिक बिरादरी, खिलाड़ी, प्रतिष्ठित व्यक्तित्व और जीवन के विभिन्न क्षेत्रों से उपलब्धियां हासिल करने वाले लोग शामिल हुए। बांग्लादेश के प्रमुख अखबार ढाका ट्रिब्यून के अनुसार राष्ट्र आज 53वां विजय दिवस मनाने के लिए तैयार है। इस दौरान 1971 के मुक्ति संग्राम के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। इसके लिए सारे देश में जगह-जगह समारोह आयोजित होंगे। सरकार के साथ-साथ, विभिन्न सामाजिक-राजनीतिक, शैक्षणिक और सांस्कृतिक संस्थानों और संगठन विजय दिवस का जश्न मनाएंगे। उल्लेखनीय है कि 16 दिसंबर 1971 को पूर्वी पाकिस्तान का हिस्सा रहे बांग्लादेश का स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में जन्म हुआ था। पाकिस्तान की सेना पर भारत की जीत और बांग्लादेश के गठन की वजह से हर साल 16 दिसंबर को भारत और बांग्लादेश में इस तारीख को विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है। बांग्लादेश के गठन में भारत की बेहद अहम भूमिका रही है। पाकिस्तान की सेना के बांग्लादेशी (उस समय पूर्वी पाकिस्तान) लोगों पर जुल्मो-सितम को लेकर भारत इस जंग में कूदने को मजबूर हुआ था। इस प्रतिरोध से पाकिस्तान और भारत के बीच तनाव बढ़ा और आखिर में भारतीय सेना की कार्रवाई के आगे पाकिस्तान के हौसले पस्त हुए और 16 दिसंबर 1971 को ही इतिहास के सबसे बड़े आत्मसमर्पण के रूप में पाकिस्तान के 93 हजार सैनिकों ने भारत के आगे घुटने टेके।

## विजय दिवस पर कृतज्ञ राष्ट्र की शहीदों को श्रद्धांजलि




**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित तमाम नेताओं ने शनिवार को विजय दिवस के अवसर पर वीर नायकों का स्मरण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। राष्ट्रपति, उप राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने जहां एक्स पर संदेश पोस्ट किए वहीं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नई दिल्ली में राष्ट्रीय समर स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की। रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, थल सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे, नौसेना स्टाफ प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार, रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने और वायु सेना उप प्रमुख एयर मार्शल एपी सिंह ने भी पुष्पांजलि अर्पित की। राष्ट्रपति मुर्मू ने एक्स पर एक पोस्ट के माध्यम से कहा कि राष्ट्र 1971 के युद्ध के दौरान हमारे सशस्त्र बलों द्वारा किए गए निस्वार्थ बलिदान को कृतज्ञतापूर्वक याद करता है। विजय दिवस पर, मैं उन बहादुरों को श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं जिन्होंने अद्वितीय साहस दिखाया और ऐतिहासिक जीत हासिल की। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, विजय दिवस पर, हम अपने सैनिकों के अटूट साहस का सम्मान करते हैं जो देश की संप्रभुता की रक्षा करते हैं और मानवीय गरिमा को बनाए रखते हैं। 1971 के युद्ध के दौरान उनके बलिदान ने हमारे सशस्त्र बलों के अद्वितीय दृढ़ संकल्प और असाधारण कौशल को प्रदर्शित किया। राष्ट्र उनके सर्वोच्च बलिदान का सदैव ऋणी रहेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी वीर जवानों के बलिदान और अटूट जज्बे को याद करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा, यह हमेशा लोगों के दिलों और देश के इतिहास में अंकित रहेगा। मोदी ने लिखा, आज, विजय दिवस पर, हम उन सभी बहादुर नायकों को हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं जिन्होंने 1971 में निर्णायक जीत सुनिश्चित करते हुए कर्तव्यनिष्ठा से भारत की सेवा की। उनकी वीरता और समर्पण राष्ट्र के लिए अत्यंत गौरव का स्रोत है। उनका बलिदान और अटूट भावना हमेशा लोगों के दिलों और हमारे देश के इतिहास में अंकित रहेगी। भारत उनके साहस को सलाम करता है और उनकी अदम्य भावना को याद करता है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विजय दिवस के अवसर पर दिल्ली में राष्ट्रीय समर स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने एक्स पर लिखा, विजय दिवस के विशेष अवसर पर, राष्ट्र 1971 के युद्ध के दौरान भारत के सशस्त्र बलों द्वारा प्रदर्शित अदम्य साहस और वीरता को सलाम करता है। हमें अपनी सशस्त्र सेनाओं पर गर्व है जिन्होंने हर परिस्थिति में निडर होकर हमारे देश की रक्षा की है। उनका बलिदान और सेवा सदैव हमारे दिलों में अंकित रहेगी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स पर लिखा, मैं विजय दिवस के अवसर पर हमारे सशस्त्र बलों के बहादुरों को दिलों को नमन करता हूं। इस दिन हमारे सैनिकों ने 1971 में पाकिस्तानी सेना के खिलाफ शानदार जीत हासिल की और जीवन, महिलाओं और मानवीय मूल्यों की गरिमा को सुरक्षित रखा, जिसके परिणामस्वरूप एक नए राष्ट्र बांग्लादेश का निर्माण हुआ। हमारी सेनाओं का बलिदान और वीरता अनंत काल तक साहस का स्तंभ बनी रहेगी। 16 दिसंबर एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है, जो 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में वीर शहीद नायकों के असाधारण बलिदान और जीत की याद दिलाता है। 13 दिनों की लड़ाई के बाद भारत ने 16 दिसंबर, 1971 को पाकिस्तान पर एक शानदार जीत हासिल की, जिसके बाद बांग्लादेश नामक नए देश का निर्माण हुआ।

**आईडीएफ की गाजा की लड़ाई में बड़ी भूल**

## अपने ही नागरिकों पर चला दी गोली तीन इजरायली बंधकों की मौत

**एजेंसी। तेल अवीव**

इजराइली सुरक्षा बलों ने गाजा पट्टी में छिड़े युद्ध के दौरान अपने ही देश के तीन लोगों को मार डाला। इनको हमास ने बंधक बना लिया था। इनकी मौत शुजाया में लड़ाई के दौरान हुई। इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने मारे गए बंधकों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए घटना की पारदर्शी जांच कराने की घोषणा की है। इजराइल के प्रमुख अखबार द टाइम्स ऑफ इजराइल के अनुसार, आईडीएफ ने मारे गए तीनों बंधकों की पहचान का खुलासा करते हुए एक्स हैंडल पर उनके फोटो जारी किए हैं। आईडीएफ से यह भूल युद्ध के 70वें दिन शुक्रवार को हुई। इजराइली सेना के मुख्य प्रवक्ता डैनियल हगारी ने कहा कि अभी यह साफ नहीं है कि तीनों बंधक हमास के चंगुल से भाग निकले थे या उन्हें छोड़ दिया गया था। उन्होंने कहा कि सभी पहलुओं की जांच कराई जाएगी। गलत पहचान के चलते की गई गोलीबारी में इन तीनों की मौत हुई है। आईडीएफ ने एक्स हैंडल पर कहा है कि इस घटना से सबक लेकर युद्ध क्षेत्र के सभी सैनिकों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए हैं। आईडीएफ ने तीन बंधकों को मार देने की बात स्वीकार करते हुए उनकी पहचान 28 वर्षीय योतम हैम, 25 वर्षीय समर तलाल्का और 26 वर्षीय अलोन लुलु शमरिज के तौर पर की है। हमास ने सात अक्टूबर को इन तीनों युवकों का अपहरण किया था।

## द्विपक्षीय मुद्दों पर प्रधानमंत्री मोदी ने ओमान के सुल्तान से की चर्चा

**एजेंसी। नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री मोदी और ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक के बीच शनिवार को दिल्ली के हैदराबाद हाउस में प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता हुई। दोनों नेताओं ने राजनीतिक, सुरक्षा, रक्षा, व्यापार, आर्थिक, सांस्कृतिक और द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की। उन्होंने क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। प्रधानमंत्री मोदी ने हैदराबाद हाउस में प्रतिनिधिमंडल स्तरीय वार्ता के दौरान ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक का स्वागत किया गया। प्रधनमंत्री ने कहा कि आज ओमान-भारत संबंधों में एक ऐतिहासिक दिन है क्योंकि 26 साल बाद ओमान के सुल्तान राजकीय यात्रा पर भारत आए हैं और मुझे भारत के लोगों की ओर से आपके स्वागत का यह अवसर मिला है। मोदी ने कहा कि एक अतिथि देश के रूप में ओमान ने भारत की जी20 अध्यक्षता की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि आज हम एक नया भारत-ओमान संयुक्त दृष्टिकोण, भविष्य के लिए साझेदारी अपना रहे हैं। इस संयुक्त दृष्टिकोण में दस अलग-अलग क्षेत्रों में ठोस कार्य बिंदुओं पर सहमति बनी है। मुझे विश्वास है कि संयुक्त विजन हमारी साझेदारी को एक नया और आधुनिक आकार देगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि मुझे खुशी है कि व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते (सीईपीए) पर चर्चा चल रही है और चर्चा के दो दौर सफलतापूर्वक पूरे हो चुके हैं, जिसमें कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर सहमति बनी है।

**निखिल गुप्ता पर मुकदमा का मामला**

## बाइडन प्रशासन ने पांच भारतीय अमेरिकी सांसदों को दी जानकारी

**एजेंसी। वाशिंगटन**

भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता पर मुकदमा चलाए जाने की जानकारी पांच भारतीय अमेरिकी अमेरिकी सांसदों को अमेरिका के राष्ट्रपति जो. बाइडन के प्रशासनिक अधिकारियों ने शुक्रवार को दी। गुप्ता पर अमेरिकी में एक सिख अलगाववादी नेता गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या के प्रयास की साजिश रचने का आरोप लगाया गया है। कांग्रेस सदस्य अमी बेरा, प्रमिला जयपाल, रो खन्ना, राजा कृष्णमूर्ति और श्री थानेदार ने गुप्ता पर मुकदमा चलाए जाने को लेकर बाइडन प्रशासन से जानकारी मिलने के बाद एक संयुक्त बयान जारी किया। गुप्ता पर 29 नवंबर को अमेरिका में अमेरिकी नागरिक गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की नाकाम साजिश में कथित भागीदारी का आरोप लगाया गया है। भारतीय-अमेरिकी सांसदों ने बयान में कहा, कांग्रेस सदस्य होने के नाते हमारे नागरिकों की सुरक्षा और उनका कल्याण हमारी सबसे महत्वपूर्ण प्राथमिकता है। मुकदमे में लगाए गए आरोप बेहद चिंताजनक हैं। बयान के मुताबिक, हम (सांसद) हत्या की साजिश की जांच के लिए जांच समिति गठित करने की भारत सरकार की घोषणा का स्वागत करते हैं और यह बेहद ही जरूरी है कि भारत मामले की पूर्ण जांच करे, अधिकारियों सहित जिम्मेदार लोगों को कसूरवार ठहराए तथा आश्वासन दे कि ऐसा दोबारा नहीं होगा।

**पुलिस का खुलासा** | **इंटरनेट में सर्च की थी संसद की जानकारी**

## एक या दो नहीं, 7 स्मोक कैन लेकर लोस में घुसे थे आरोपी

### मीडिया में चर्चा का विषय बनना चहते थे आरोपी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

संसद की सुरक्षा में सेंध लगाने वाले मामले में एक नया खुलासा हुआ है। दरअसल, दिल्ली पुलिस के सूत्रों ने खुलासा किया कि घुसपैठिए घटना को अंजाम देने के लिए सात स्मोक कैन के साथ पहुंचे थे। दिल्ली पुलिस के सूत्रों ने बताया, चारों आरोपी नीलम, अमोल, सागर शर्मा और मनोरंजन घटना को अंजाम देने के लिए एक या दो नहीं, बल्कि 7 स्मोक कैन लेकर पहुंचे थे। घटना को अंजाम देने से पहले आरोपी ने गूगल पर संसद के आसपास के इलाके को सर्च किया और कई चीजों से समझा, जिसमें संसद सुरक्षा के कुछ पुराने वीडियो भी शामिल थे।

### सभी सिग्नल एप पर करते थे बात

आरोपियों ने यह भी सर्च किया कि सुरक्षित चैट कैसे की जाए, ताकि पुलिस उनको पहचान न सके। सभी आरोपी सिग्नल ऐप पर बात करते थे, ताकि कोई उन्हें पकड़ न सकें।



दिल्ली पुलिस के सूत्रों ने बताया कि आरोपी चाहते थे कि उनकी यह हरकत मीडिया में चर्चा का विषय बन जाए, इसलिए उन्होंने सत्र के दौरान संसद में घुसने का प्लान तैयार किया था।

### देश में अराजकता फैलाने का था प्लान

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने पटियाला हाउस कोर्ट को बताया कि मास्टरमाइंड ललित झा ने खुलासा किया है कि संसद की सुरक्षा में सेंध लगाने की घटना के सभी आरोपी कई बार मिले और इसके बाद साजिश को अंजाम दिया। दिल्ली पुलिस ने झा को संबंधित न्यायाधीश के समक्ष पेश करते हुए बताया कि आरोपी ललित झा ने खुलासा किया है कि वो और उसके साथी देश में अराजकता पैदा करना चाहते थे, ताकि वे सरकार को अपनी मांगों को पूरा करने के लिए मजबूर कर सकें।

### विपक्ष ने अमित शाह से मांगा जवाब

इससे पहले विपक्षी दलों ने संसद की सुरक्षा में सेंध की घटना पर अमित शाह से बयान की मांग की है। सीपीआई सांसद बिनॉय विश्वम ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री को संसद और इसके माध्यम से भारत के लोगों को स्पष्टीकरण देना होगा।

## लोकसभा में सुरक्षा चूक मामले में आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी

**बेंगलुरु।** तेरह दिसंबर को संसद के निचले सदन में एक बड़ा सुरक्षा उल्लंघन हुआ, जिसके बाद से विपक्षी पार्टी कांग्रेस लगातार भाजपा पर हमला बोल रही है। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और कांग्रेस नेता स्मोक अटैक मामले में दो आरोपियों को लोकसभा की कार्यवाही में शामिल होने के लिए पास जारी करने को लेकर प्रताप सिम्हा के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। कांग्रेस आरोपी मनोरंजन डी के साथ प्रताप सिम्हा के करीबी संबंध का भी आरोप लगा रही है। कांग्रेस ने मांग की है कि उनका कार्यालय जब्त किया जाना चाहिए और उन्हें निलंबित रखा जाना चाहिए। कर्नाटक कांग्रेस ने इस संबंध में उनकी निष्क्रियता पर आपत्ति जताते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र भी लिखा है।

### अपने बेटे की जीत सुनिश्चित करने प्रताप सिम्हा को फंसा रहे



**सिद्धारमैया :** इस बीच कर्नाटक से भाजपा के राज्यसभा सदस्य लहर सिंह सिरोया ने मुख्यमंत्री सिद्धारमैया पर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में अपने बेटे की जीत सुनिश्चित करने के लिए संसद पर धुआं हमले के मामले में भाजपा सांसद प्रताप सिम्हा के खिलाफ साजिश रची है। नई दिल्ली में मीडिया से बात करते हुए लहर सिंह ने कहा कि मैसूर-कोडगु सांसद प्रताप सिम्हा को फंसाया गया है। सीएम सिद्धारमैया के बेटे डॉ. यतींद्र मैसूर-कोडागु एमपी सीट से चुनाव लड़ने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सीएम सिद्धारमैया बेटे की जीत सुनिश्चित करने के लिए प्रताप सिम्हा के खिलाफ योजनाबद्ध तरीके से साजिश रची गई है।

## एससी व उसके जज सरकार के लिए फंड संग्रहकर्ता नहीं

**ब्यूरो। नई दिल्ली**

सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश जस्टिस संजय किशन कौल ने शुक्रवार को कहा कि सर्वोच्च न्यायालय और उसके जज सरकार के लिए फंड संग्रहकर्ता नहीं हैं। उन्होंने कहा कि किसी मामले में लगने वाले जोखिमों की तुलना में कानून के सिद्धांत अधिक महत्वपूर्ण हैं। जस्टिस संजय किशन कौल ने कहा कि अगर जज लोकतंत्र में अन्य संस्थानों से साहस दिखाने की उम्मीद करते हैं तो उन्हें साहसी होना चाहिए। उन्होंने कहा कि न्यायाधीशों के पास उनका समर्थन करने के लिए संवैधानिक संरक्षण है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यदि न्यायाधीश साहस का प्रदर्शन नहीं करते हैं, तो अन्य संस्थानों के लिए इसका पालन करना मुश्किल होगा। कौल ने व्यक्तियों और समुदायों के बीच घटती सहिष्णुता पर भी बात की और व्यक्तियों के बीच समझ और स्वीकृति बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, एक समाज के रूप में हमें एक-दूसरे के प्रति सहिष्णुता रखनी चाहिए और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सहिष्णुता कम हो गई है और अब समय आ गया है कि मानव प्रजातियां एक-दूसरे के साथ रहना सीखें, ताकि दुनिया रहने के लिए एक छोटी जगह नहीं, बल्कि एक बड़ी जगह बन जाए। न्यायाधीश अपनी सेवानिवृत्ति के दिन सीजेआई डी वाई चंद्रचूड़ के साथ औपचारिक पीठ के दौरान बोल रहे थे। उन्होंने अपने संबोधन की शुरूआत एक व्यक्तिगत सिद्धांत साझा करते हुए की। जस्टिस कौल को 25 दिसंबर को पद छोड़ना है। हालांकि, शुक्रवार उनके कार्यालय का आखिरी दिन था, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट 18 दिसंबर से शीतकालीन अवकाश पर है। यह जनवरी के पहले सप्ताह में फिर से खुलेगा।जस्टिस कौल ने ह्यस्थगन संस्कृतिह्न के बारे में भी अपनी चिंता व्यक्त की और जोर देकर कहा कि सूचीबद्ध मामलों को तुरंत सुना जाना चाहिए। एक युवा न्यायाधीश के रूप में मिली शुरूआती सलाह पर विचार करते हुए कौल ने वादियों को न्याय का पूरा उपाय प्रदान करने की जिम्मेदारी पर जोर दिया, क्योंकि कोर्ट ही उनका अंतिम भरोसा है। इसके अलावा कौल ने खुद की यात्रा की जिक्र करते किया।

**जस्टिस संजय किशन कौल ने कहा कि अगर जज लोकतंत्र में अन्य संस्थानों से साहस दिखाने की उम्मीद करते हैं तो उन्हें साहसी होना चाहिए।**

## एक नजर

### लायंस क्लब की ओर से अलाव की व्यवस्था



**रांची।** लायंस क्लब ऑफ रांची इस्ट की तरफ से माह के लिए फिरायालाल चौक पर शुरू अलाव की व्यवस्था का आज चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने उद्घाटन किया। विदित हो कि कंपकपाती ठंड में प्रत्येक वर्ष 15 दिसंबर से 15 जनवरी तक लायंस क्लब के द्वारा अलाव की व्यवस्था की जाती है, जहां लोग ठंड से थोडी राहत महसूस करते हैं। विशेष केडिया ने लगातार 5 दिनों के लिए लकडी की व्यवस्था की है। क्लब के सदस्यों द्वारा लोगों से अपील की गई कि जिनके पास भी बेकार पडी लकडियां हैं, वे अलाव स्थल पर पहुंचा सकते हैं। इस अवसर पर लायंस क्लब की ओर से सुनिल केडिया, सुरेशचंद्र अग्रवाल, दीवाकर रागढिया, रतन राजगढिया, नरेश कुमार, विशेष केडिया के अलावा क्लब के 25 सदस्य उपस्थित थे।

### पोदना बालमुचू को रांची रिवोल्ट जनमंच ने किया सम्मानित



**रांची।** भारत-पाकिस्तान युद्ध के बीच 1971 के युद्ध के 16 दिसम्बर विजय दिवस की 52वीं वर्षगांठ के अवसर पर शनिवार को सामाजिक-वैचारिक संगठन रांची रिवोल्ट जनमंच ने 1965 एवं 1971 के भारतीय सेवा की जांबाज सैनिक 81 वर्षीय सेनानी पोदना बालमुचू रैंक सिपाही नम्बर 4240087 को फल भेंट कर एवं माला पहनाकर स्वागत किया। आज ही शाम अनशन स्थल पर दीप प्रज्ज्वलित कर विजय दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सामाजिक-वैचारिक संगठन रांची रिवोल्ट जनमंच के संयोजक डॉ. प्रणव कुमार बब्बू ने कहा कि भारतीय सैनिक वास्तव में देश के शौर्य का प्रतीक हैं और उन्हीं के बल पर देश का सम्मान बरकरार है।

### रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष बन सकते हैं ललित कुमार

**रांची।** रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के द्विवार्षिक चुनाव मे अध्यक्ष पद के लिए सिर्फ ललित कुमार पोद्दार ने नामांकन पत्र दाखिल किया है, चुनाव पदाधिकारी विनोद कुमार जैन ने बताया कि सभी कागजों की जांच के बाद नामांकन पत्र वैध पाया गया। उन्होंने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए दूसरा नामांकन पत्र दाखिल नहीं होने के कारण अब चुनाव नहीं होगा तथा 24 दिसंबर को होने वाले आमसभा में ललित कुमार पोद्दार को सर्वसम्मति से निर्विरोध रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन का अध्यक्ष चुन लिया जाएगा। नामांकन पत्र लेने के समय चुनाव पदाधिकारी विनोद कुमार जैन, सह चुनाव पदाधिकारी पवन पोद्दार, सुरेश चंद्र अग्रवाल, अशोक नारसरिया,अजय खेतान आदि उपस्थित थे। उक्त जानकारी रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने दी।

### विस के समक्ष 19 को धरना में शामिल होंगे सभी संवर्ग के शिक्षक

**रांची।** अरगोड़ा स्थित कैम्प कार्यालय में एम ए सी पी संघर्ष मोर्चा द्वारा विधान सभा के समक्ष पुर्व निर्धारित समयानुसार 19 दिसंबर 2023 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान एक दिवसीय धरना की तैयारी पर समीक्षा बैठक किया गया, जिसमें तीनों संवर्ग के शिक्षक प्रतिनिधि गंगा प्रसाद यादव, अमीन अहमद, नरेंद्र कुमार यादव, अरुण कुमार दास, आशुतोष कुमार, विजय बहादुर सिंह, सहित कई शिक्षक प्रतिनिधि मौजूद थे। बैठक की अध्यक्षता मोर्चा के संयोजक श्री अमरनाथ झा ने किया।

निर्णय लिया गया कि (1) 18 दिसम्बर को राज्य के सभी माननीय विधायको को धरना स्थल पर आने हेतु आग्रह पत्र दी जाय। (2) राज्य के तीनों संवर्ग प्राथमिक ,माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों को अधिक से अधिक संख्या में आने की अपील की जाय। (3)धरना स्थल की तैयारी हेतु व्यवस्था प्रभारी बनाये गये।

### कनकनी बढ़ने से लोग बेहाल, अगले सप्ताह तापमान में आयेगी और गिरावट

# रहा सबसे ठंडा दिन, तापमान 8.2 डिग्री पहुंचा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य में मौसम में बदलाव और तापमान में लगातार गिरावट से ठंड बढ़ गयी है। रांची का तापमान गिर कर शनिवार को 8.2 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया, जो इस मौसम का सबसे ठंडा दिन रहा। शनिवार को दोपहर से तेज ठंडी हवा चलने के कारण सर्द का अहसास ज्यादा होने लगी। रांची का अधिकतम तापमान सामान्य से 0.9 डिग्री कम रहा। जबकि न्यूनतम तापमान सामान्य से 2.2 डिग्री सेल्सियस कम रिकॉर्ड किया गया। इससे कनकनी बढ़ने से दिन के धूप में भी लोगों को गर्म कपड़ों के बावजूद ठंड का अहसास हो रहा था। कई जिलों में कंपकंपाती ठंड से लोगों का हाल बेहाल हो गया है। कनकनी बढ़ जाने से शनिवार को शाम को जल्द ही सड़कें सुनसान नजर आने लगी। ठंड से बचने के लिए लोग अपने घरों में दुबक गये। इधर आम लोगों और राहगीरों को राहत पहुंचाने के लिए जिला प्रशासन और नगर निगम की ओर से जगह जगह अलाव की व्यवस्था की गयी है। इस दिसंबर यानि 16 दिसंबर को न्यूनतम पारा सबसे कम 8.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पिछले साल 2022 को 17 दिसंबर के दौरान सबसे कम 8.5 डिग्री सेल्सियस था। राजधानी और आसपास के क्षेत्र में अधिकतम तापमान भी सामान्य से एक डिग्री नीचे चल रहा है।

### अगले सप्ताह ठंड और प्रचंड हो जाएगा

मौसम विभाग रांची के अनुसार अगले तीन चार दिनों तक तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की और गिरावट दर्ज हो सकती है। चतरा व खूंटी में सबसे ज्यादा ठंड है। यहां न्यूनतम तापमान 6.3 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है। रांची का अधिकतम तापमान 23.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने कहा है कि झारखंड के तापमान में अभी और गिरावट होगी। अगले सप्ताह से कनकनी और बढ़ जाएगी। रांची मौसम केंद्र के प्रमुख अभिषेक आनंद ने बताया है कि प्रदेश में अगले तीन दिनों तक न्यूनतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा। लेकिन इसके बाद तापमान में दो से तीन डिग्री तक की गिरावट हो सकती है, जिससे ठंड और प्रचंड हो जाएगा।

### आज से 20 तक छाएं रहेंगे आंशिक बादल

17 दिसंबर से 20 दिसंबर तक सूबे में आंशिक बादल छाए रहेंगे। हालांकि, कहीं बारिश नहीं होगी और मौसम शुष्क रहने का अनुमान है। राजधानी रांची में 20 सितंबर तक आंशिक बादल छाए रहेंगे। सुबह में कोहरा या धुंध भी रहेगा। बाद में आसमान साफ हो जाएगा। पिछले 24 घंटे के दौरान सबसे अधिक उच्चतम तापमान चाईबासा में और सबसे कम न्यूनतम तापमान गढ़वा जिले में दर्ज किया गया। चाईबासा का अधिकतम तापमान 27.8 डिग्री सेल्सियस रहा।

### कई जिलों का गिरा तापमान

रांची का अधिकतम तापमान 23.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जबकि न्यूनतम तापमान 8.2 डिग्री रहा। जमशेदपुर, डालटेनगंज, बोकारो थर्मल और चाईबासा का न्यूनतम तापमान सामान्य से क्रमशः एक डिग्री, 1.6 डिग्री, 3.4 डिग्री और 4.3 डिग्री कम रहा। जमशेदपुर का न्यूनतम तापमान 11.2 डिग्री, डालटेनगंज का 8.5 डिग्री, बोकारो थर्मल का 9.2 डिग्री और चाईबासा का 8.2 रहा।

### 60 लाख की लागत से होगा टैगोर हिल के ब्रह्ममंदिर का जीर्णोद्धार : सांसद सेठ



**रांची।** रांची के गौरव टैगोर हिल पर स्थित ब्रह्ममंदिर के जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास आज सांसद संजय सेठ ने किया। इस दौरान उनके साथ कांके विधायक श्री समरी लाल, श्री एस०डी० सिंह मौजूद रहे। सांसद की पहल और अनुशंसा पर लगभग 60 लाख रुपए की लागत से इस ब्रह्ममंदिर का जीर्णोद्धार किया जाना है। इस अवसर पर संसद श्री सेठ ने कहा कि टैगोर हिल रांची नहीं पूरे देश की अमूल्य धरोहर है। यहां रविंद्र नाथ टैगोर जी के बड़े भाई जितेंद्रनाथ टैगोर ने कई रचनाएँ की थी। यह उनके लिए एक तपोस्थली है। तकरीबन 100 वर्ष पूर्व यहां पर बैठकर की गई रचनाएं आज देश दुनिया में लोकप्रियता हासिल कर रही है। परंतु जिस स्थान पर रचना हुई, उस प्रेरणास्थल को ही लावारिस स्थिति में छोड़ दिया गया। बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि इतने दिनों तक इसके रखरखाव पर कोई ध्यान ही नहीं दिया।

### सर्वधर्म सदभावना समिति के तत्वावधान में सम्मान समारोह कार्यक्रम का समापन

# आपसी सौहार्द का दीप सदा जलाए रखना होगा : उपायुक्त




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार बिहार क्लब रांची में सर्वधर्म सदभावना समिति के तत्वावधान में भव्य रुप से सदभावना सम्मान समारोह कार्यक्रम सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता सर्वधर्म सदभावना समिति के अध्यक्ष मो. इसलाम ने की एवं पूरे कार्यक्रम की सरपरस्ती मुख्य संरक्षक डा. अजीत सहाय, संरक्षक जयसिंह यादव एवं कुणाल अजमानी ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिंहा एवं विशिष्ट अतिथि एडीएम विधि व्यवस्था राजेश्वर नाथ आलोक, लोअर बाजार थना प्रभारी दयानंद कुमार, चुटिया थाना प्रभारी वेंकटेश प्रसाद,विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संगठन के प्रमुख प्रतिनिधिगण, मीडिया के प्रमुख साथियों के साथ साथ सर्वधर्म सदभावना समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को आपसी सौहार्द एवं भाईचारे के साथ विभिन्न धार्मिक त्योहारों को सफलता पूर्वक सम्पन्न कराने एवं विभिन्न सामाजिक कार्यों में अहम भूमिका निभाने के फलस्वरूप मोमेन्टो,शाल एवं झारखंडी प्रतीक पट्टा देकर सदभावना सम्मान से नवाजा गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मो. इश्तेयाक ,परमजीत सिंह टिंकू, मंजीत सिंह, प्रदीप राय बाबू,परवेज आलम, फिरोज अंसारी, राजन वर्मा, सुहैल खान,मौलाना तहजीबुल हसन, आशुतोष मिश्रा, तन्वीर आलम, मो. अब्दुल्लाह, संजय सिन्हा गोपू, जनक नायक, अशरफ अंसारी, सोनू भाई, जमील गद्दी, जावेद अनवर, शमीम कुरैशी, आफताब आलम, आशुतोष मिश्रा,मो. मोजाहिद, प्रो. परवेज, गौतम वैद्य, आदिल रशीद, विशाल कुमार सिंह, बुलंद अख्तर, अशोक यादव,इबरार गद्दी सहित सैकड़ों गणमान्य लोग कार्यक्रम में उपस्थित थे एवं सदभावना सम्मान से सम्मानित किए गए। धन्यवाद ज्ञापन प्रदीप राय बाबू ने किया।

# बीआईटी में 18 से 24 दिसंबर तक पीजी व पीएचडी छात्रों का कार्यशाला




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

विश्वविद्यालयों के पोस्टग्रेजुएट और पीएचडी छात्रों की उत्पादकता में सुधार लाने के उद्देश्य से बीआईटी मेसरा में एक कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। 18 से 24 दिसंबर चलने वाले यह कार्यशाला यांत्रिक अभियांत्रिकी विभाग द्वारा सतत विनिर्माण में भूतल इंजीनियरिंग और जनजातीय चुनौतियों विषय पर आयोजित किया जा रहा है। जिसमें देश के विभिन्न तकनीकी संस्थानों के शोध छात्र-छात्राएं शामिल होंगे। कार्यशाला का यह भी उद्देश्य है कि छात्रों के बीच सामग्री के संतही प्रदर्शन एवं उससे संबंधित चुनौतियों का समाधान के तकनीक तथा अनुसंधान कौशल के बारे में बेहतर मंच प्रदान करना है। ब18 से 24 दिसंबर तक इस वर्कशॉप का आयोजन किया जाएगा. इसमें देश के विभिन्न तकनीकी संस्थानों के शोध छात्र एवं छात्राएं भाग लेंगे. इस कार्यशाला का प्रयोजन विज्ञान एवं इंजीनियरिंग अनुसंधान बोर्ड (एसईआरबी) एवं एक्सलेरेट विज्ञान योजना द्वारा किया जाएगा। अभियांत्रिकी के विभागाध्यक्ष डॉ डीपी मिश्रा एवं कार्यशाला के संयोजक डॉ अरकादेब मुखोपाध्याय ने बताया कि इस कार्यशाला के आयोजन का उद्देश्य विश्वविद्यालयों के होनहार पोस्टग्रेजुएट और पीएचडी छात्रों की उत्पादकता में सुधार लाने का प्रयास है।

### इंटर स्कूल रसायन विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखायी प्रतिभा

**रांची।** बीआईटी मेसरा के रसायन विज्ञान विभाग के इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल और स्टेमड एडवोकेशंस ओपीसी प्राइवेट लिमिटेड, भुवनेश्वर के सहयोग से एक दिवसीय इंटर स्कूल केमिस्ट्री क्विज प्रतियोगिता-2023 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत रसायन विज्ञान विभाग के प्रोफेसर एवं प्रमुख डॉ. अशोक शरण के उद्घाटन भाषण से हुई। जिन्होंने प्रतिभागियों को प्रेरित किया और साथ ही प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के बारे में जानकारी दी। रिसर्च इनोवेशन के डीन डॉ. सी जेगनाथन ने कार्यक्रम की अध्यक्षता किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आईआईटी खड़गपुर के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर सुमन चक्रवर्ती ने अपनी मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्रस्तुत की।

### श्री गुरु तेग बहादुर का मना शहीदी गुरुपर्व

# गुरु तेग बहादुर सिमरियै घर नव निधि आवे धाई सब थाई...




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा, कृष्णा नगर कॉलोनी में शनिवार को सिख पंथ के नौवें गुरु श्री गुरु तेग बहादुर साहिब का शहीदी गुरुपर्व मनाया गया। गुरुद्वारा साहब में रात 8:00 बजे से विशेष दीवान सजाया गया। दीवान की शुरूआत स्त्री सत्संग सभा की शीतल मुंजाल द्वारा श्री हरकिशन धियाइए जिस डिठे सब दुख जाए.... शबद गायन से हुई। हजूरी रागी जत्था भाई महिपाल सिंह एवं साथियों ने गुरु तेग बहादुर सिमरियै घर नव निधि आवे धाई सब थाई होए सहाई'... शबद गायन कर संगत को निहाल किया। शहीदी गुरुपर्व में विशेष रूप से शिरकत करने पहुंचे सिख पंथ के महान कीर्तनी जत्था भाई जसप्रीत सिंह ने तिलक जंझू राखा प्रभु ताका कीनो बडो कलू महि साका, साधन हेत इति जिन करी सीस दिया पर सी न उचरी..., धरम हेत साका जिन किआ सीस दिया पर सिर ना दिया.... तथा 'मैं गरीब मैं मसकीन तेरा नाम है आधारा...जैसे कई शबद गायन कर साथ संगत को गुरुवाणी से जोड़ा। कीर्तन के साथ कथावाचन करते हुए श्री गुरु तेग बहादुर जी की शहादत के बारे में साध संगत को बताया। अनंद साहिब जी के पाठ, अरदास, हुक्मनामा और कढ़ाह प्रसाद वितरण के साथ विशेष दीवान की समाप्ति रात 11.30 बजे हुई। मंच संचालन मनीष मिढ़ा ने किया। मौके पर सत्संग सभा द्वारा साध संगत के लिए गुरु का अटूट लंगर चलाया गया। कार्यक्रम में द्वारका दास मुंजाल, अर्जुन देव मिढ़ा, सुंदर दास मिढ़ा, हरविंदर सिंह बेदी, अशोक गेरा,इंदु पपनेजा और रेशमा गिरधर समेत अन्य श्रद्धालु शामिल थे।

### दोनों पक्ष विवाद खत्म कर राजी-खुशी लौटे अपने-अपने घर

# विशेष मध्यस्थता अभियान में 77 मामलों को सुलझाया गया




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झालसा के अध्यक्ष सह न्यायायुक्त के मार्गदर्शन में सिविल कोर्ट रांची में पांच दिवसीय विशेष मध्यस्थता अभियान का समापन हो गया है। विशेष मध्यस्थता अभियान में तलाक संबंधी, वैवाहिक पुर्नस्थापना, भरण-पोषण, बच्चों के संरक्षकता एवं अभिरक्षा, परिवार न्यायालय में लंबित अन्य मामले, दहेज प्रतिषेध अधिनियम, भादवि की धारा-498ए और घरेलू हिंसा अधिनियम के अन्य मामलों का निस्तारण मध्यस्थों व अधिवक्ताओं के द्वारा किया गिया। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के मध्यस्थों व अधिवक्ताओं ने वादों को सुलझाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। पांच दिवसीय विशेष मध्यस्थता अभियान में कुल 190 वाद विभिन्न न्यायालयों से स्थानांतरित होकर मध्यस्थता केंद्र में आया था। जिसमें, 77 वादों को सफलतापूर्वक मध्यस्थों और अधिवक्ताओं के सहयोग से सुलझाया गया। पहले दिन 16, दूसरे दिन 20, तीसरे दिन 11, चौथे दिन 16 और शुक्रवार को अंतिम दिन 14 मामलों को सुलझाने में सफलता मिली। वाद के दोनों पक्ष राजी-खुशी से अपने मामले को समाप्त करने के लिए तैयार हो गये। डालसा सचिव राकेश रंजन ने मध्यस्थों और अधिवक्ताओं के कार्य को सराहा और आगे भी इस तरह का प्रयास करने पर जोर दिया।

### डालसा ने चलाया रातू में विधिक जागरूकता अभियान

रांची। झालसा के कार्यकारी अध्यक्ष न्यायामूर्ति एस. चंद्रशेखर द्वारा परिकल्पित आउटरीच योजना के तहत रातू प्रखंड क्षेत्र के फुटकल टोली पंचायत भवन में विधिक जागरूकता अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें एलएडीसी अधिवक्ता राजेश कुमार सिन्हा, विधि के छात्र-छात्राएं, पीएलवी पुष्पलता देवी, नीतू देवी, सुनिता देवी एवं राजा वर्मा उपस्थित थे। अधिवक्ता राजेश कुमार सिन्हा ने बच्चों से संबंधित कानूनों, एलएडीसी अधिवक्ता राजेश कुमार सिन्हा ने बाल विवाह के रोकथाम और बाल विवाह अधिनियम के बारे में बताया। पीएलवी ने बाल श्रम एवं बाल संरक्षण पर प्रकाश डाला। इसके अलावा दहेज प्रथा कानून के बारे में विस्तार से बतायी। राजेश कुमार सिन्हा ने एमएसीटी एक्ट के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। पुष्पलता देवी, नीतू देवी, सुनीता देवी एवं राजा वर्मा ने सड़क दुर्घटना में से संबंधित कानून की जानकारी दी। इसके अलावा लोगों को बाल श्रम के प्रति जागरूक किया। पीएलवी पुष्पलता देवी ने वृद्धा पेंशन एवं विधवा पेंशन की जानकारी दी और पेंशन से संबंधित लाभ लेने की बातें कहीं उन्होंने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची में इससे संबंधित आवेदन दे सकते हैं। पीएलवी ने घरेलू विवाद एवं जमीन संबंधी विवाद के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। मौंके पर डालसा के पीएलवी ने उपस्थित लोगों के बीच पंपलेट और लिफलेट का वितरण भी किया। इस अवसर पर एलएडीसी अधिवक्ता राजेश कुमार सिन्हा, विधि के छात्र-छात्राएं, पीएलवी पुष्पलता देवी, नीतू देवी, सुनिता देवी एवं राजा वर्मा उपस्थित थे।

### इनर व्हील क्लब के सदस्यों ने किया पौधरोपण




रांची। इनर व्हील क्लब ऑफ स्वर्णरेखा रांची के सदस्यों ने जगन्नाथ मंदिर परिसर में तुलसी के 108 पौधे, गेंदा के 8 और अन्य फूलों के कुछ पौधे लगाए। धार्मिक दृष्टि से पवित्र माना जाने वाला तुलसी का पौधा औषधीय महत्व का भी है। मंदिर के ट्रस्टियों ने क्लब सदस्यों के इस भाव की सराहना की। इनर व्हील तुलसी उपवन के साथ पेंट किया हुआ एक लोहे का स्टैंडी स्थापित किया गया है और दो बड़े कूड़ेदान भी दान किए गए हैं। इस अवसर पर अध्यक्ष माला श्रीवास्तव और सचिव सोमा भादुड़ी के अलावा क्लब के अन्य सदस्य भी उपस्थित थे।

### खाटू नरेश का भव्य केशर चंदन तिलक श्रृंगार

**रांची।** अमावस्या के दिन महास्नान के बाद से बाबा श्याम का श्यामल रूप भक्तों के लिए दर्शन सुलभ था। दोपहर के बाद मंदिर के प्रथम आचार्य रत्नाकर शर्मा एवं मंडल के मंत्री श्याम सुंदर शर्मा के नेतृत्व में मंदिर के आचार्य ने खाटू नरेश का भव्य केसर चंदन तिलक श्रृंगार किया। कोलकाता से मंगाए गए लाल गुलाब, रजनी, तुलसी, पीला गेंदा, लाल गेंदा की मालाओं से खाटू नरेश को सजाया गया।



**91वां श्री श्याम भंडारा :** हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में 91 वें श्री श्याम भंडारे के प्रसाद का भोग अर्पित किया गया। विश्वनाथ नारसरिया व अनिल नारनौली के नेतृत्व में यजमान सुरेश डागा मंजू डागा एवं डागा परिवार ने श्री श्याम मंदिर में विराजमान खाटू नरेश लड्डू गोपाल, शालिग्राम, शिव परिवार, हनुमान व गुरुजनों को भंडारे का प्रसाद अर्पित कर सुख समृद्धि व खुशहाली की प्रार्थना की। ज्ञातव्य है कि प्रत्येक शनिवार को हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा श्री श्याम भंडारे का आयोजन किया जाता है।

### झारखंड में पत्रकारों के समक्ष काफी चुनौतियां : रवींदनाथ



रांची। झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन के दो दिवसीय सम्मेलन का शुभारंभ शनिवार को मोरहाबादी स्थित संस्कार होटल में हुआ। जिसमें विधानसभा अध्यक्ष झारखंड रवींद्रनाथ महतो बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। मौके पर उन्होंने कहा कि झारखंड में पत्रकारों के समक्ष काफी चुनौतियां हैं। उनका कार्य जोखिम भरा है। ऐसे में अन्य राज्यों की तर्ज पर झारखंड में भी पत्रकार सुरक्षा कानून लागू किया जाना वर्तमान समय की मांग है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में राज्य सरकार के समक्ष प्रस्ताव रखा जाएगा। मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि झारखंड में पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की दिशा में राज्य सरकार के पास प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इस संबंध में झारखंड सरकार द्वारा यथाशीघ्र निर्णय लिया जाएगा। विशिष्ट अतिथि भाजपा के मुख्य सचेतक विरंची नारायण ने कहा कि पत्रकार सुरक्षा कानून झारखंड में लागू करने की मांग को लेकर जल्द ही विधानसभा अध्यक्ष और राज्य सरकार को एक ज्ञापन सौंपेंगे। वरिष्ठ पत्रकार पद्मश्री बलबीर दत्त ने कहा कि पत्रकारों की समस्याओं को प्राथमिकता पर लेते हुए इसके निदान करने की दिशा में सरकार को कदम उठाना चाहिए। पत्रकारों को भी चाहिए कि पत्रकारिता पेशे की गरिमा को बनाए रखें और अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें।

## पृष्ठ एक के शेष

**अब ओएमआर शीट पर नहीं...**

छह फरवरी से शुरू होकर परीक्षा 26 फरवरी तक चलेगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पहली पाली में मैट्रिक की परीक्षा और दूसरी पाली में इंटरमीडिएट की परीक्षा ली जाएगी। परीक्षा ओएमआर और उत्तर पुस्तिका दोनों में ली जाएगी, जिन विषयों में प्रैक्टिकल परीक्षा नहीं होती है उसमें 20 अंकों का इंटरनल असेसमेंट होगा। मैट्रिक और इंटर दोनों परीक्षाओं का रिजल्ट 15 जून तक जारी किया जा सकता है।

**अब भारत के टू-टियर और थ्री-टियर...**

महिला हितग्राही हैं। अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना का लाभ लें। इन योजनाओं के माध्यम से हितग्राहियों के खाते में 17 हजार करोड़ रुपये पहुंच चुके हैं। आयुष्मान भारत योजना में अभी तक हितग्राहियों को एक लाख करोड़ रुपये का निःशुल्क इलाज उपलब्ध कराया जा चुका है। जन औषधि केन्द्रों के माध्यम से 80 प्रतिशत कम कीमत पर दवाएँ उपलब्ध कराई जा रही हैं। आवास योजना में पिछले 9 वर्षों में 4 करोड़ से अधिक घर बनाये जा चुके हैं। किराये का घर योजना के लिये विशेष कॉम्पलेक्स बनाये जा रहे हैं।

**डीजे के आतंक की गाज...**

लाउडस्पीकर तेज साउंड में बजाया जाता है। इससे रात में लोगों को काफी परेशानी होती है. वहीं राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता पीयूष चित्रेश ने बताया था कि राजधानी में अलग-अलग जगहों पर साइलेंस जोन में ध्वनि का अलग-अलग मानक निर्धारित किया गया है। आवासीय क्षेत्र में 55 डेसिबल, इंडस्ट्रियल एरिया में 75 डेसिबल, हाईकोर्ट के आसपास 50 डेसिबल आदि ध्वनि के मानक निर्धारित किये गये हैं। अस्पतालों के 50 मीटर की परिधि को साइलेंस जोन बनाया गया है। लाउडस्पीकर व डीजे संचालकों के साथ जिला प्रशासन की बैठक हुई थी । उन्हें नियमों की जानकारी दे दी गयी है. उल्लंघन करने पर प्राथमिकी दर्ज की जायेगी। रात 10 बजे के बाद कोई भी लाउडस्पीकर या डीजे नहीं बजाया जाना चाहिए, अन्यथा कार्रवाई की जायेगी। यह भी बताया गया कि ध्वनि प्रदूषण नियम का उल्लंघन करने पर इस वर्ष जनवरी से मई माह तक पांच लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गयी है। उन्नता साउंड सिस्टम भी जब्त किया गया है। राजस्थान,हरियाणा में भी शादी व अन्य समारोह में रात्रि दस बजे के बाद डीजे बजाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। हरियाणा में भारतीय दंड संहिता 1973 की धारा 144 के तहत मैरिज पैलेसों व ऐसे सभी समारोह स्थलों में शादियों के आयोजन के दौरान रात्रि दस बजे के बाद व प्रातः छह बजे से पहले डीजे बजाने पर पूर्णतयाः प्रतिबंध लगाया है। ये आदेश विद्यार्थियों की परीक्षाओं व बीमार वृद्ध व्यक्तियों को ध्यान में रखकर जारी किए गए हैं। आदेशों की अवहेलना करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध आईपीसी की धारा 188 के तहत कार्रवाई होती है।

**प्रधानमंत्री 17-18 को...**

ट्रेन को भी हरी झंडी दिखाएंगे। बयान में कहा गया है कि प्रधानमंत्री 18 दिसंबर को सुबह करीब 10:45 बजे वाराणसी के उमराहा में नवनिर्मित स्वर्वेद महामंदिर जाएंगे, जिसके बाद करीब 11:30 बजे एक सार्वजनिक समारोह में इसका उद्घाटन किया जाएगा। इस अवसर पर वह महामंदिर के भक्तों को भी संबोधित करेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री अपने संसदीय क्षेत्र के ग्रामीण इलाके सेवापुरी में विकसित भारत संकल्प यात्रा में हिस्सा लेंगे। वह काशी संसद खेल प्रतियोगिता 2023 के प्रतिभागियों के कुछ लाइव खेल कार्यक्रम भी देखेंगे। उसके बाद, वह कार्यक्रम के विजेताओं के साथ बातचीत भी करेंगे। कार्यक्रम के दौरान वह विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों से भी बातचीत करेंगे। इसके बाद करीब 2:15 बजे एक सार्वजनिक समारोह में प्रधानमंत्री करीब 19,150 करोड़ रुपये की लागत वाली विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे।

## रांची सर्राफा

सोना (बिक्री) 57.700

चांदी (किलो) 77.500

## एक नजर

### विराट कोहली के रेस्टोरेंट में पीपीएल के गाने बजाने पर रोक

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने गुरुवार को क्रिकेटर विराट कोहली के मालिकाना हक वाले रेस्टोरेंट में पीपीएल के कॉपीराइट वाले गाने बजाने पर रोक लगा दी। विराट कोहली के रेस्टोरेंट में ढढछ के गाने बजाने पर रोक, दिल्ली हाईकोर्ट ने आदेश दिया।

### भारतीय पुरुष हॉकी टीम स्पेन से 0-1 से हारी

**वालेंसिया।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम पाँच देशों के टूनार्मेंट वालेंसिया 2023 के अपने पहले मैच में शुक्रवार को स्पेन से 0-1 से हार गई। मैच का एकमात्र गोल स्पेन के अल्वारो इग्लेसियस ने 29वें मिनट में किया। पहले क्वार्टर में दोनों टीमों ने एक-एक पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया लेकिन कोई भी गोल करने में कामयाब नहीं हो पाई। दूसरे क्वार्टर में स्पेन ने आक्रमण किया और पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया, हालाँकि कृष्ण पाठक ने उसे बचा लिया। तीसरे क्वार्टर में दोनों टीमों के बीच अगला गोल करने के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली लेकिन कोई टीम गोल नहीं कर सकी।

### तीसरे व अंतिम टी-20 मैच में भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 106 रनों से हराया

**जोहान्सबर्ग।** तीसरे और अंतिम टी-ट्वेंटी अंतरराष्ट्रीय मैच में कल रात भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 106 रन से पराजित कर दिया। 202 रन के विशाल लक्ष्य के जवाब में दक्षिण अफ्रीका की टीम 14वें ओवर में 95 रन पर आउट हो गई। भारतीय गेंदबाज कुलदीप यादव ने 17 रन देकर पांच खिलाडियों को आउट किया जबकि रवींद्र जडेजा ने दो विकेट लीं। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट के नुकसान पर 201 रन बनाए। कप्तान सूर्यकुमार यादव ने 56 गेंदों पर शानदार शतक बनाया। यशस्वी जायसवाल ने 41 गेंद पर 60 रन बनाए। भारत की इस जीत से दक्षिण अफ्रीका के साथ प्रतियोगिता बराबरी पर छूटी।

### अयोध्या जाने के लिए दिल्ली, अहमदाबाद से शुरू होने वाली है फ्लाइट सेवा

**नई दिल्ली।** लोगों को अयोध्या तक पहुंचाने के लिए निजी क्षेत्र की सबसे बड़ी एयरलाइंस इंडिगो ने भी पूरी तैयारी कर ली है'इंडिगो ने बताया कि अहमदाबाद और दिल्ली से अयोध्या जाने के लिए केवल 2,999 रुपये किराए के साथ यात्रा की शुरूआत होगी. यात्री इंडिगो की आधिकारिक वेबसाईट के माध्यम से टिकट बुक करवा सकते हैं.

**दिल्ली से शुरू होगी कमर्शियलफ्लाइट :** 6 जनवरी 2024 से दिल्ली से अयोध्या जाने के लिए कमर्शियल फ्लाइट की शुरूआत होगी. जिसके लिए किराया 7799 रुपये तय हुआ है. ये फ्लाईट सुबह 11.55 बजे दिल्ली से निकलेगी और दोपहर 1.15 बजे अयोध्या पहुंचेगी।

# चोटिल मो. शमी दक्षिण अफ्रीका टेस्ट से हुए बाहर, वन डे से हटे दीपक चाहर



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी दो टेस्ट मैचों की सीरीज से बाहर हो गए हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने शनिवार को उक्त जानकारी दी। इसके अलावा तेज गेंदबाज दीपक चाहर ने पारिवारिक चिकित्सा आपातकाल के कारण आगामी एकदिवसीय श्रृंखला से नाम वापस ले लिया है। शमी की अनुपस्थिति दक्षिण अफ्रीका में अपनी पहली टेस्ट सीरीज जीतने की कोशिश कर रहे भारत के लिए एक बड़ा झटका है। उन्होंने केवल 64 टेस्ट मैचों में 27.71 की बहुत अच्छी औसत से 229 विकेट लिए हैं और 2021-22 में अपनी पिछली यात्रा पर टीम के अग्रणी विकेट लेने वाले गेंदबाज थे, उन्होंने तीन टेस्ट मैचों में 21 की औसत से 14 विकेट लिए थे। हालांकि बीसीसीआई ने शमी के प्रतिस्थापन की घोषणा नहीं की है,टीम के पास उनकी जगह लेने के लिए पांच तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, शार्दुल ठाकुर और प्रसिद्ध कृष्णा हैं। बीसीसीआई की एक विज्ञप्ति में यह भी कहा गया है कि मध्यक्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर जोहान्सबर्ग में सिर्फ शुरूआती एकदिवसीय मैच का हिस्सा होंगे और टेस्ट से पहले इंट्रा-स्क्वाड रेड-बॉल अभ्यास मैच में हिस्सा नहीं लेंगे। राहुल द्रविड़ के नेतृत्व में पारस म्हाम्ब्रे (गेंदबाजी कोच), विक्रम राठौड़ (बल्लेबाजी कोच) और टी. दिलीप (क्षेत्ररक्षण कोच) का कोचिंग स्टाफ एकदिवसीय श्रृंखला का हिस्सा नहीं होगा।

**वन डे टीम**

**ऋतुराज गायकवाड़, साई सुधारसन, तिलक वर्मा, रजत पाटीदार, रिंकू सिंह, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (कप्तान और विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, मुकेश कुमार, आवेश खान, अर्शदीप सिंह, आकाश दीप।**



# सेंट्रल इंडिया कॉउंसिल क्रिकेट श्रृंखला में लगा रनों का अंबार

**एजेंसी। रांची**

चार्टर्ड एकाउंटेंट्स के कोल्इंडिया सेंट्रल इंडिया रीजनल कॉउंसिल के क्रिकेट श्रंखला के तीसरे दिन उषा मार्टिन स्कूल के मैदान में खेले गए दो मैचों में मेरठ ने किशनगढ़ एवं जयपुर ने रायपुर के ऊपर जीत दर्ज की क किशनगढ़ ने निर्धारित 20 ओवर्स पर अपने सारे विकेट खोकर 122 रन बनाये जवाब में मेरठ की टीम 20 ओवर्स में 6 विकेट खोकर 123 रन ही बना पायी। मेरठ के सभ्य कांत ने 4 ओवरों में 4 विकेट चटकाई और वो मैन ऑफ द मैच रहे। दूसरे मैच में जयपुर ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी की एवं 6 विकेट खोकर 209 रन का लक्ष्य रायपुर के सामने रखा। अपनी धुआँधार गेंदबाजी से जयपुर से आयी टीम ने रायपुर को 16 ओवर्स में 87 रन में समेट दिया । जयपुर के सुनील मेहता ने 70 गेंदों में 5 छक्के और 20 चौकों के साथ 149 रन्स बनाकर मैन ऑफ द मैच का किताब हासिल किया। टॉरियन स्कूल में खेले गए पहले मैच में उदयपुर की टीम ने मेजबान टीम को 57 रनो से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए उदयपुर की टीम ने 20 ओवर्स में 3 विकेट खोकर 188 रन बनाये। जवाब में रांची की टीम 131 रनो पर अपनी विकेट खोकर मैच हार गयी। उदयपुर के के पियूष मंडल ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 47 रन बनाये एवं टीम के लिए 4 विकेट भी लिए। पियूष मंडल इस भिड़ंत के मैन ऑफ द मैच रहे। इस मैदान के दूसरे मैच में कानपूर ने पटना को 8 विकेट्स से मात दी। कानपूर के अनंत के 31 गेंदों पर 51 रन बनाया और आसानी से पटना द्वारा 126 रन के लक्ष्य को ध्वस्त किया।

## सरना रत्न दादा वीरेंद्र भगत स्मृति फुटबॉल टूर्नामेंट आरंभ

**एजेंसी। रांची**

हरमू मैदान में आदिवासी एकता मंच के बैनर तले शनिवार को सरना रन दादा वीरेंद्र भगत स्मृति फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ। टूर्नामेंट का पहला मैच भगत इलेक्ट्रॉनिक बनाम अंश क्लब कांके के बीच खेला गया, जिसमें भगत इलेकट्रॉनिक विजय हुई। विजय गोल मोहन हांसदा ने किया जबकि दूसरे मैच में मेकन रांची ने जीत दर्ज किया। रोहित तिग्गा ने बिजयी गोल किया। उदघाटन कर्ता सरना रत्न दादा वीरेंद्र भगत के पिता विशवंभर भगत थे। मैच के मुख्य अतिथि नामकोम अंचल के अंचलाधिकारी श्अमित भगत थे। मैच के सफलतम आयोजन हेतु अनादि विनती की गयी। इस अवसर पर आयोजन समिति अध्यक्ष नारायण उरांव, मुख्य संरक्षक अमर उरांव, उपाध्यक्ष झरी लिंडा, हेमंत गाड़ी, सचिव राजु तिग्गा, उप सचिव पंकज टोप्पो, कोषाध्यक्ष सुधीर गाड़ी, उप कोषाध्यक्ष विशाल तिग्गा, संरक्षक बुधुवा उरांव, प्रभात तिर्की सुलेन गाड़ी, सोमा लकड़ा, सोमनाथ उरांव, रेनू उरांव, प्यारी उरांव, रायमुनी किस्पोट्टा, सोनी कच्छप,सुमन खलखो,जयन्ती उरांव, संध्या उरांव सहित सैकड़ों सदस्य उपस्थित थे।

## दीप्ति शर्मा भारतीय टीम की बेन स्टोक्स हैं : अमोल मुजुमदार

**मुंबई।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम के मुख्य कोच अमोल मुजुमदार ने खुलासा किया कि ऑफ स्पिन ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा को टीम की बेन स्टोक्स कहा जाता है। शनिवार की सुबह, दीप्ति ने अपने मैच का प्रदर्शन नौ विकेट तक बढ़ाया, दूसरी पारी में चार विकेट लिए, इसके अलावा बल्ले से 67 और 20 रन बनाए, जिससे भारत ने पहले मैच में इंग्लैंड पर 347 रन की यादगार जीत हासिल की। दीप्ति को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। मैच खत्म होने के बाद मुजुमदार ने प्रसारकों से कहा,आप स्टोक्सी के बारे में बात कर रहे हैं - मैं मजाक में उसे टीम का बेन स्टोक्स कहता हूं।

# पुरुष-महिला मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप प्रतियोगिता संपन्न

**एजेंसी। रांची**

पर्यटन कला , संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के तत्वाधान में तीन दिवसीय रांची जिला पुरुष - महिला मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप प्रतियोगिता बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम मोरहाबादी में सम्पन्न । महिला वर्ग के फाइनल मुकाबले में अनगड़ा प्रखंड ने संघर्षपूर्ण मैच में ओरमांझी प्रखंड को 1-0 से पराजित कर जिला विजेता बना।अनगड़ा की ओर से एक मात्र गोल सीता कुमारी ने किया। पुरुष वर्ग के फाइनल मुकाबले में बुण्डू प्रखण्ड ने रातू प्रखंड को 3-0 से हरा कर जिला विजेता बनने का गौरव प्राप्त हुआ। जबकि पूरे प्रतियोगिता एवं मंच का संचालन वरीय प्रशिक्षक अजय झा ने किया। प्रतियोगिता के दौरान महिला वर्ग में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी अनगड़ा की चमनी कुमारी एंव सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर ओरमांझी प्रखंड की आशा कुमारी को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।



## कमिंस को आईपीएल में मोटी रकम, लेकिन प्रदर्शन फीका रहेगा : आकाश चोपड़ा

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर आकाश चोपड़ा का मानना। है कि 19 दिसंबर को दुबई में होने वाली आगामी आईपीएल नीलामी में ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस को अच्छी खासी रकम मिल सकती है, लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि टूर्नामेंट के 2024 सीजन में इस तेज गेंदबाज के प्रदर्शन पर असर पड़ेगा। ऑस्ट्रेलिया को विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप और एकदिवसीय विश्व कप खिताब दिलाने वाले कमिंस ने अंतरराष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं के कारण 2023 सीजन को छोड़ने से पहले, आईपीएल 2022 में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के लिए खेला था।

# भारतीय खेल प्राधिकरण में स्कूल और उ. शिक्षा संस्थान फिट इंडिया सप्ताह संपन्न

**एजेंसी। लद्दाख**

लद्दाख में कारगिल स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण केन्द्र में आज स्कूल और उच्च शिक्षा संस्थान फिट इंडिया सप्ताह संपन्न हो गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत पिछले एक सप्ताह के दौरान विभिन्न स्कूलों और कारगिल डिग्री कॉलेज में खेलों का आयोजन किया गया। वाद-विवाद और निबंध तथा चित्रकारी की प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं। लद्दाख स्वायत्त पहाड़ी विकास परिषद-एलएएचडीसी, कारगिल के मुख्य कार्यकारी पार्षद डॉ. मोहम्मद जाफर आखोन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि फिट इंडिया अभियान भारतीयों के लिए एक वरदान है जिससे लोग चुस्त-दुरुस्त रह सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि खेल का भविष्य उज्ज्वल है और लोग खेल को एक पेशे के रूप में अपना सकते हैं और सरकार के विभिन्न कार्यक्रमों से लाभान्वित हो सकते हैं।

## व्यापार

# भारतीय रेल को पेंशन वितरित करने के लिए आरबीआई ने किया बंधन बैंक को अधिकृत

**एजेंसी। नई दिल्ली**

अखिल भारतीय सार्वभौमिक बैंक, बंधन बैंक ने आज घोषणा की है कि उसे रेल मंत्रालय की ओर से ई-पीपीओ के जरिये पेंशन के वितरण के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा अधिकृत किया गया है। लगभग 12 लाख कर्मचारियों की संख्या के साथ भारतीय रेल, देश का सबसे बड़ा नियोक्ता है। बैंक पेंशन वितरण प्रक्रिया को संचालित करने के लिए जल्द ही रेल मंत्रालय के साथ संबद्ध होगा। आरबीआई द्वारा बंधन बैंक को अधिकृत किये जाने से बैंक को रेल मंत्रालय के उन सभी कर्मचारियों को पेंशन वितरित करने में मदद मिलेगी, जो सेवानिवृत्त हो गए हैं। यह अधिदेश बैंक को 17 क्षेत्रीय रेलवे और भारतीय रेलवे की 8 उत्पादन इकाइयों सहित सभी कार्यालयों में हर साल लगभग 50,000 औसत भारतीय रेलवे सेवानिवृत्त लोगों तक पहुँच प्रदान करता है। इससे बंधन बैंक के मौजूदा और नए ग्राहकों को बैंक द्वारा प्रदान की जाने वाली विश्व स्तरीय बैंकिंग सेवाओं, प्रतिस्पर्धी ब्याज दरों के साथ-साथ वरिष्ठ नागरिक विशेषाधिकार का लाभ उठाने का अवसर मिलेगा। पेंशनभोगियों को बंधन बैंक की 1640 से अधिक शाखाओं और श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ डिजिटल बैंकिंग प्लेटफॉर्म तक पहुँच मिलेगी।

## दिल्ली हाई कोर्ट ने अंग्रेजी के सामान्य शब्दों के लिए ट्रेडमार्क एकाधिकार को खारिज किया

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने एक फैसले में कहा है कि अंग्रेजी के आम बोलचाल के शब्दों को ट्रेडमार्क के रूप में पंजीकृत नहीं किया जा सकता है, और कोई भी व्यक्ति ऐसे शब्दों पर एकाधिकार का दावा नहीं कर सकता है। न्यायमूर्ति सी. हरि शंकर ने कहा कि अंग्रेजी के सामान्य शब्दों से युक्त ट्रेडमार्क के लिए पंजीकरण की अनुमति देने से पूरी भाषा के विनियोजन का जोखिम होगा, जो अस्वीकार्य है। अदालत ने कहा, आम तौर पर इस्तेमाल किए जाने वाले शब्द, या ऐसे शब्दों के गैर-विशिष्ट संयोजन पर किसी एक व्यक्ति का एकाधिकार नहीं हो सकता है, ताकि बाकी दुनिया को इसके इस्तेमाल से वंचित किया जा सके। इसलिए, धारा 9(1)(ए) (ट्रेड मार्क्स अधिनियम, 1999 की) में उन चिह्नों के पंजीकरण पर पूर्ण प्रतिबंध है जिनमें स्वाभाविक रूप से विशिष्टता की कमी है, क्योंकि वे वस्तुओं या सेवाओं को अन्य से अलग करने में असमर्थ हैं।




## रतन टाटा की सुरक्षा के संबंध में फोन करने वाले को सिजोफ्रेनिया

**मुंबई।** मशहूर उद्योगपति रतन टाटा की सुरक्षा से संबंधित गुमनाम फोन करने वाला शख्स सिजोफ्रेनिया नामक बीमारी से ग्रस्त पाया गया है। इसी वजह से पुलिस ने उस पर कानूनी कार्रवाई नहीं की है। मुंबई पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि फोन करने वाले ने पुलिस कंट्रोल रूम में रतन टाटा की सुरक्षा बढ़ाने के लिए कहा था, ऐसा न करने पर शख्स ने चेतावनी दी थी कि उद्योग जगत के इस दिग्गज का हश्र टाटा संस के पूर्व चेयरमैन साइरस मिस्त्री जैसा ही होगा। गौरतलब है कि साइरस मिस्त्री की 4 सितंबर, 2022 को एक कार दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। फोन कॉल मिलते ही मुंबई पुलिस पूरी तरह से अलर्ट मोड में आ गई और एक विशेष टीम को रतन टाटा की निजी सुरक्षा की जिम्मेदारी सौंपी गई जबकि दूसरी टीम को कॉल करने वाले के बारे में जानकारी इकट्ठा करने के लिए कहा गया। पुलिस ने बताया कि उन्होंने तकनीकी सहायता और एक दूरसंचार सेवा प्रदाता की मदद से कॉल करने वाले का पता लगाया।

# एफपीआई ने बैंकिंग और आईटी शेयरों में जमकर खरीददारी की

**एजेंसी। नई दिल्ली**





जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी.के. विजयकुमार ने शनिवार को कहा कि दिसंबर में एक बड़ी बात यह हुई है कि एफपीआई ने बैंकिंग और आईटी क्षेत्रों में भारी स्टॉक खरीदा है। उन्होंने कहा कि फेड द्वारा ब्याज दरों में वृद्धि के चक्र की समाप्ति का संकेत देने और 2024 में संभवतः तीन बार दरों में कटौती का संकेत देने के बाद यह प्रवृत्ति तेज हो गई है। उन्होंने कहा कि इससे अमेरिकी बांड से होने वाली कमाई में गिरावट आई और 10 साल के बॉन्ड पर मिलने वाला ब्याज चार प्रतिशत कम हो गया। विजयकुमार ने कहा, एफपीआई ने बैंकिंग और आईटी सेगमेंट में जमकर शेयर खरीदे। एफपीआई की खरीददारी जारी रहने और आगे बढ़ने की संभावना है। उन्होंने कहा कि भारत एफपीआई के शीर्ष निवेश स्थलों में से एक है। वैश्विक निवेशकों में अब लगभग आम सहमति है कि आने वाले कई वर्षों तक निरंतर विकास के लिए उभरती अर्थव्यवस्थाओं में भारत में सबसे अच्छी संभावनाएं हैं। इस वृद्धि में शेयर बाजार के माध्यम से अभूतपूर्व संपत्ति बनाने की क्षमता है। उन्होंने कहा, एफपीआई इस संभावित धन सृजन से लाभ उठाने के लिए निवेश कर रहे हैं। विजयकुमार ने बताया कि जेपी मॉर्गन इमर्जिंग मार्केट बॉन्ड इंडेक्स में भारत के शामिल होने के बाद देश के सरकारी बॉन्ड में निवेश को लेकर काफी उत्साह है। उन्होंने कहा, कुछ संस्थानों ने पहले ही खरीददारी शुरू कर दी होगी। अब जब अमेरिकी बांड पर लाभ में काफी गिरावट आई है, तो भारतीय बांड अधिक निवेश आकर्षित करेंगे।

## मेंडिटरेनियन शिपिंग की सहयोगी कंपनी से 247 करोड़ की डील

# मुंडी एईसीटीपीएल में खरीदेगी 49% हिस्सेदारी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

एपीएसईजेड की एईसीटीपीएल में 51 प्रतिशत हिस्सेदारी होगी। बयान के अनुसार, मुंद्रा बंदरगाह पर सीटी3 कंटेनर टर्मिनल के लिए संयुक्त उद्यम के बाद यह टीआईएल के साथ एपीएसईजेड की दूसरी रणनीतिक साझेदारी है। अडाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकनॉमिक जोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) ने शुक्रवार को कहा कि मेडिटेरेनियन शिपिंग कंपनी की सहयोगी कंपनी मुंडी लिमिटेड 247 करोड़ रुपये में अडाणी एन्नोर कंटेनर टर्मिनल प्राइवेट लिमिटेड (एईसीटीपीएल) में 49 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण करेगी। एपीएसईजेड की ओर से जारी बयान के अनुसार, इस संबंध में एक शेयर खरीद समझौते पर 14 दिसंबर 2023 को हस्ताक्षर किए गए। एईसीटीपीएल का कुल उद्यम मूल्य 1,211 करोड़ रुपये है। बयान में कहा गया, लेन-देन के लिए अभी विनियामक की मंजूरी की आवश्यकता है। लेन-देन के तीन से चार महीनों में पूरा होने की उम्मीद है। इसके पूरा होने के बाद एपीएसईजेड की एईसीटीपीएल में 51 प्रतिशत हिस्सेदारी होगी। बयान के अनुसार, मुंद्रा बंदरगाह पर सीटी3 कंटेनर टर्मिनल के लिए संयुक्त उद्यम के बाद यह टीआईएल के साथ एपीएसईजेड की दूसरी रणनीतिक साझेदारी है। एपीएसईजेड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एवं पूर्णकालिक निदेशक करण अडाणी ने कहा, ह्यद्य दुनिया की सबसे बड़ी शिपिंग कंपनी (एमएससी) के साथ हमारा सहयोग पारदर्शी व्यावसायिक दृष्टिकोण के जरिए क्षेत्रीय विकास में तेजी लाने की एपीएसईजेड के मजबूत दृष्टिकोण को दशार्ता है।



## अडानी ग्रुप ने न्यूज एजेंसी आईएएनएस में बड़ी हिस्सेदारी खरीदी

नई दिल्ली। अडानी ग्रुप ने मीडिया सेक्टर में अपनी मौजूदगी को और बढ़ाया. एक रेगुलैटरी फाइलिंग में अडानी एंटरप्राइजेज ने कहा कि इसकी सहायक कंपनी एएमजी मीडिया नेटवर्क्स लिमिटेड ने आईएएनएस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के इक्विटी शेयरों में 50.50 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल कर ली है' अरबपति गौतम अडानी' के ग्रुप ने समाचार एजेंसी आईएएनएस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड में एक अज्ञात राशि के लिए बहुमत हिस्सेदारी हासिल की. कंपनी एएमजी मीडिया नेटवर्क्स लिमिटेड ने आईएएनएस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के इक्विटी शेयरों में 50.50 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल कर ली है!

## अंतर्राष्ट्रीय बनेगा सूरत हवाई अड्डा, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शुक्रवार को सूरत हवाई अड्डे को अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा घोषित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। सूरत हवाई अड्डा न केवल अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों के लिए प्रवेश द्वार बनेगा, बल्कि संपन्न हीरे और कपड़ा उद्योगों के लिए निर्बाध निर्यात-आयात संचालन की सुविधा भी प्रदान करेगा। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, यह रणनीतिक कदम अभूतपूर्व आर्थिक क्षमता को उजागर करने, सूरत को अंतर्राष्ट्रीय विमानन परिदृश्य में एक प्रमुख गंतव्य बनाने और क्षेत्र में समृद्धि के एक नए युग को बढ़ावा देने का वादा करता है। आर्थिक विकास को बढ़ाने, विदेशी निवेश को आकर्षित करने और राजनयिक संबंधों को मजबूत करने के लिए सूरत हवाई अड्डे को अंतर्राष्ट्रीय दर्जा देना सर्वोपरि है। बयान में कहा गया है कि यात्री यातायात और कार्गो संचालन में वृद्धि के साथ, हवाई अड्डे का अंतर्राष्ट्रीय पदनाम क्षेत्रीय विकास के लिए एक महत्वपूर्ण प्रोत्साहन प्रदान करेगा।

# गूगल से कर्मचारियों की छंटनी का तरीका नहीं था सही : सुंदर पिचाई

**एजेंसी। सैन फ्रांसिस्को**



गूगल के 12 हजार कर्मचारियों की छँटनी की घोषणा के लगभग एक साल बाद अल्फाबेट और गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने कहा है कि प्रभावित कर्मचारियों को सूचित करने का तरीका सही नहीं था। इनसाइडर की रिपोर्ट के अनुसार, मंगलवार को हुई सर्वदलीय बैठक में पिचाई से इतने सारे कर्मचारियों को नौकरी से निकालने के फैसले के बारे में पूछा गया। एक कर्मचारी ने पिचाई से पूछा, लगभग एक साल हो गया है जब हमने अपने कार्यबल को कम करने का कठिन निर्णय लिया था। इस निर्णय का हमारे विकास, पीएंडएल और मनोबल पर क्या प्रभाव पड़ा। जवाब में सीईओ ने कहा कि छंटनी का मनोबल पर स्पष्ट रूप से बड़ा प्रभाव पड़ा। यह गूगलजीस्ट में टिप्पणियों और फीडबैक में परिलक्षित होता है। गूगलजीस्ट कंपनी का आंतरिक सर्वेक्षण है, जो नेतृत्व, उत्पाद फोकस और मुआवजे जैसे विषयों पर कर्मचारियों की संतुष्टि को मापता है। पिचाई ने कहा, किसी भी कंपनी के लिए इससे गुजरना मुश्किल है। गूगल में हमने वास्तव में 25 वर्षों में ऐसा क्षण नहीं देखा है। यह स्पष्ट हो गया है कि अगर हमने कार्रवाई नहीं की होती, तो यह भविष्य में एक और भी बुरा निर्णय होता। यह कंपनी के लिए एक बड़ा संकट होता। मुझे लगता है कि दुनिया में बड़े बदलाव वाले इस तरह के एक साल में क्षेत्रों में निवेश करने की क्षमता पैदा करना बहुत मुश्किल हो जाता। अधिकारियों से यह भी पूछा गया कि क्या उनके पास इस बारे में कोई विचार है कि छंटनी को कैसे संभाला जाए, और पिचाई ने स्वीकार किया कि कंपनी ने इसे उतनी अच्छी तरह से नहीं संभाला जैसे करना चाहिए था।

## फिलिप्स कंपनी करेगी कर्मचारियों की छंटनी

**नई दिल्ली।** स्मार्ट लाइटिंग ब्रांड फिलिप्स ह्यू और वाईजेड का मालिकाना हक रखने वाली नीदरलैंड स्थित सिग्नीफाई बाजार में चल रही अस्थिरता और अनिश्चितता के मद्देनजर पुनर्गठन कर रही है, जिससे कंपनी में नौकरियों में कटौती होगी। सिग्निफाई ने घोषणा की कि वह ग्राहक-केंद्रितता, निष्पादन की गति बढ़ाने और अपनी संरचनात्मक लागत को कम करने के लिए संगठन को अनुकूलित कर रहा है। सिग्निफाई के सीईओ एरिक रोंडोलैट पिछले दशक में हासिल किए गए बड़े बदलाव के बाद, हम अपनी कंपनी को चार एकीकृत व्यवसायों के आसपास व्यवस्थित करके अगला कदम उठा रहे हैं। प्रोफेशनल, ओईएम और कंज्यूमर चौथा पारंपरिक प्रकाश प्रौद्योगिकियों के लिए समर्पित होगा। नई ग्राहक-केंद्रित संरचना के अनुरूप, कंपनी अपने केंद्रीय संगठन के आकार को और समायोजित करेगी और बाजार में चल रही अस्थिरता और अनिश्चितता की स्थिति में कंपनी के प्रदर्शन का समर्थन करने के लिए लागत कम करेगी।